kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-223 | मंगलवार, 16 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सरकार ने शीर्ष अदालत में अधिनियम की मंशा और प्रावधान के बारे में बताया है। शीर्ष अदालत का फैसला लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। कोई भी कानून जब संसद में बनता है तब उस पर विस्तृत चर्चा की जाती है। **किरेन रिजिजू**

नेपाल में तीन मंत्रियों ने ली शपथ 11

वर्ष 2026 के अंत तक दिल्ली की सभी बसें इलेक्ट्रिक होंगीः मुख्यमंत्री 12

## संक्षेप

### स्टांप शुल्क से मिले दो फीसदी के खर्च का देना होगा हिसाब

**लखनऊ।** निकायों को स्टांप शुल्क से मिलने वाले दो फीसदी के खर्च का पूरा हिसाब देना होगा। इसके बाद ही उसे अगली किस्त का पैसा मिलेगा। खर्च का हिसाब न देने की वजह से स्टांप विभाग द्वारा अगली किस्त का पैसा रोक दिया जाएगा। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने इस संबंध में निकायों को निर्देश भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि स्टाप एवं निबंधन विभाग द्वारा संबंधित संस्थाओं को भुगतान त्रैमासिक आधार पर चार किस्तों में इस शर्त पर किया जाएगा कि पहले मिले पैसे के खर्च का हिसाब से दिया जाए। इसलिए निकायों को अनिवार्य रूप से खर्च का हिसाब देना चाहिए, जिससे किसी भी किस्त का पैसा न रुकने पाए।

### अगस्त में थोक मुद्रास्फीति दर 0.52 प्रतिशत रही

**नयी दिल्ली।** खाने-पीने के सामानों, खासकर विनिर्मित खाद्य उत्पादों, के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की सालाना दर इस साल अगस्त में बढ़कर 0.52 प्रतिशत दर्ज की गयी जो इस साल अप्रैल के बाद का उच्चतम स्तर है। लगातार दो महीने शून्य से नीचे रहने के बाद थोक महंगाई बढ़ी है। इससे पहले, जुलाई में यह शून्य से 0.58 प्रतिशत और जून में 0.13 प्रतिशत नीचे दर्ज की गयी थी। खाद्य पदार्थों की थोक मुद्रास्फीति दर भी 0.21 प्रतिशत रही जो जुलाई में शून्य से 2.15 प्रतिशत नीचे थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में प्राथमिक उत्पादों की मुद्रास्फीति दर शून्य से 2.10 फीसदी नीचे रही। ईंधन एवं बिजली वर्ग में मुद्रास्फीति दर 3.17 प्रतिशत और विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग में 2.55 प्रतिशत रही। अगस्त में आटा 4.75 प्रतिशत और अनाज 1.03 प्रतिशत महंगे हुए। वहीं, धान की महंगाई दर शून्य से 0.84 प्रतिशत, दालों की शून्य से 14.85 प्रतिशत, सब्जियों की 14.18 प्रतिशत, आलू की 44.11 प्रतिशत, प्याज की 50.46 प्रतिशत और फलों की शून्य से 4.86 प्रतिशत नीचे रही।

### श्रावस्ती में राप्ती के जलस्तर में बढ़ोत्तरी से बाढ़ का खतरा गहराया

श्रावस्ती। श्रावस्ती जिले में राप्ती नदी के जलस्तर में भारी वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका मुख्य कारण श्रावस्ती और नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश है। राप्ती बैराज पर जलस्तर खतरे के लाल निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, राप्ती बैराज पर खतरे का लाल निशान 127.70 मीटर पर है, जबकि वर्तमान जलस्तर 128.35 मीटर तक पहुंच गया है, जो खतरे के निशान से 65 सेंटीमीटर ऊपर है। जलस्तर में इस अप्रत्याशित वृद्धि के कारण बैराज से सटे आसपास के गांवों के लोग सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर बारिश जारी रही और जलस्तर में और वृद्धि हुई तो उनके घरों और खेतों में पानी घुस सकता है।

# पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं, तीन बदलावों पर स्टे

## सेंट्रल वक्फ बोर्ड में 4 और राज्य में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम मेंबर बनाने पर रोक

एजेंसी




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर पूरी तरह से रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक रहेगी।मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित कानून के संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित किया।

पीठ ने कहा कि संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3 का खंड (आर) तब तक स्थगित रहेगा जब तक राज्य सरकार द्वारा यह निर्धारित करने के लिए नियम नहीं बनाए जाते कि कोई व्यक्ति कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है या न। शीर्ष अपने 128 पन्नों के अंतरिम फैसले ने यह भी निर्देश दिया कि जब तक संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3 सी के अनुसार वक्फ संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित मुद्दे पर न्यायाधिकरण द्वारा संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 83 के तहत शुरू की गई कार्यवाही में अंतिम रूप से निर्णय नहीं हो जाता और न्यायालय के अगले आदेशों के अधीन नहीं हो जाता, तब तक न तो वक्फ को संपत्ति से बेदखल किया जाएगा और न ही राजस्व रिकॉर्ड और बोर्ड के रिकॉर्ड में प्रविष्टि प्रभावित होगी।

न्यायालय ने हालांकि आदेश दिया कि जाँच शुरू होने पर ऐसी संपत्तियों के संबंध में किसी तीसरे पक्ष के अधिकार का सवाल नहीं उठेगा।

शीर्ष अदालत ने अपने 128 पन्नों के फैसले में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति के संबंध में कहा कि यद्यपि यह न्यायालय कोई निर्देश जारी नहीं कर रहा है, फिर भी यह उचित होगा कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में क्रमशः 22 और 11 सदस्यों में से चार और तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि जहाँ तक संभव हो वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जो पदेन सचिव होता है) को मुस्लिम समुदाय से नियुक्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। पीठ के लिए मुख्य न्यायाधीश गवई ने लिखा, ''समग्र परिस्थितियों में हमें ऐसा कोई मामला नहीं मिलता जिससे पूरे कानून के प्रावधानों पर रोक लगाई जा सके। इसलिए विवादित अधिनियम पर रोक लगाने की प्रार्थना अस्वीकार की जाती है , हालांकि ऐसा करते समय सभी पक्षों के हितों की रक्षा और इन मामलों के लंबित रहने के दौरान समता को संतुलित करने का ध्यान रखा जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने इस दलील को खारिज कर दिया कि यह शर्त कि वक्फ केवल तभी बनाया जा सकता है जब कोई संबंधित व्यक्ति यह साबित करे कि वह कम से कम पाँच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है। पीठ ने कहा, ''प्रथम दृष्टया, हमारा मानना है कि इस तरह के प्रावधान को मनमाना या भेदभावपूर्ण नहीं कहा जा सकता। अदालत ने हालांकि कहा कि चूँकि अभी तक यह पता लगाने के लिए कोई तंत्र या प्रक्रिया उपलब्ध नहीं कराई गई है कि कोई व्यक्ति कम से कम पाँच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है या नहीं, इसलिए ऐसे प्रावधान को तुरंत लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, ''इसलिए, हमारा विचार है कि जब तक केंद्र सरकार संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 109 के तहत अपनी नियम-निर्माण शक्ति का प्रयोग करके नियम नहीं बनाती, तब तक संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3(आर) का वह प्रावधान लागू नहीं किया जा सकता, जिसके तहत किसी व्यक्ति को वक्फ बनाने के उद्देश्य से चल या अचल संपत्ति दान करने के लिए कम से कम पाँच वर्षों तक इस्लाम का पालन करना या उसका प्रदर्शन करना आवश्यक है। न्यायालय ने इस दल को भी खारिज कर दिया कि विवादित अधिनियम की धारा 5 (संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3डी) (संरक्षित स्मारक या क्षेत्र को वक्फ घोषित करने से संबंधित है) इस आधार पर अमान्य है कि इससे इस्लामी धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति अपने धार्मिक अनुष्ठानों से वंचित हो जाएंगे। न्यायालय ने इस स्तर पर गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने के प्रश्न पर भी विचार करने से इनकार कर दिया, जो धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप के बराबर है। शीर्ष अदालत ने नोट किया कि सॉलिसिटर जनरल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 9 के तहत प्रावधान के अनुसार, राज्य वक्फ बोर्ड में सदस्यों की संख्या चार से अधिक नहीं होगी और संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 14 के तहत प्रावधान के अनुसार, राज्य वक्फ बोर्ड में सदस्यों की संख्या तीन से अधिक नहीं होगी। पीठ ने कहा, ''किसी भी अस्पष्टता से बचने के लिए, हम यह निर्देश जारी करने का प्रस्ताव करते हैं कि केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या चार से अधिक नहीं होनी चाहिए और बोर्ड के संबंध में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उस प्रावधान को हटाना जो इस्लाम न मानने वाले व्यक्ति को वक्फ के उद्देश्य से अपनी संपत्ति देने या दान करने की अनुमति देता है, मनमाना नहीं कहा जा सकता क्योंकि याचिकाकर्ताओं के अनुसार भी वक्फ केवल ● शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी- गड़बड़ी मिली तो एसआईआर रद्द करेंगे

एजेंसी

❒ बिहार पर जो फैसला देंगे, वही पूरे देश पर लागू होगा, 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई

नई दिल्ली। बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर उन्हें बिहार चुनाव के किसी भी चरण में निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया में कोई भी अवैधता मिलती है, तो पूरी चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी।' कोर्ट ने बिहार में एसआईआर की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारा मानना है कि संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि वे बिहार में एसआईआर पर आंशिक रूप से राय नहीं दे सकते हैं, क्योंकि उनका अंतिम फैसला पूरे देश पर लागू होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता पाई जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि वो बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में फैसला नहीं दे सकती क्योंकि उसका अंतिम फैसला केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में आयोजित एसआईआर पर लागू होगा।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने ये भी कहा कि वह ये मानता है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी के रूप में भारत का निर्वाचन आयोग एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर अभ्यास की वैधता पर अंतिम बहस सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सोमवार (8 सितंबर) को आदेश दिया कि बिहार में चल रहे एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए आधार को बारहवें वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। न्यायालय ने ये आदेश उन शिकायतों के बाद दिया, जिनमें कहा गया था कि चुनाव अधिकारी पूर्व निर्देशों के बावजूद इसे मान्यता देने से इनकार कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आधार को औपचारिक रूप से अपनी अनुमोदित पहचान प्रमाण सूची में शामिल करने के खिलाफ भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की आपत्तियों को खारिज कर दिया, इस बात पर जोर दिया कि हालांकि ये दस्तावेज नागरिकता स्थापित नहीं कर सकता, लेकिन ये पहचान और निवास का एक वैध संकेतक बना हुआ है।

## एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है अभिषेक प्रकाश का निलंबन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। रिश्वतखोरी में निलंबित हुए आईएएस अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। राज्य सरकार उनकी निलंबन अवधि एक साल तक बढ़ा सकती है। मुख्य सचिव दीपक कुमार की अध्यक्षता में हाल ही में अभिषेक प्रकाश के निलंबन को लेकर बैठक हुई। बताते हैं कि इसमें निलंबन अवधि और बढ़ाने को लेकर सहमति बन गई है। इसके बाद राज्य सरकार ने अपनी रिपोर्ट केंद्र को भेज दी है।

आईएएस अभिषेक प्रकाश को 20 मार्च 2025 को निलंबित किया गया था। निलंबन अवधि को 20 सितंबर को छह माह पूरा हो जाएगा। आमतौर पर किसी भी आईएएस अफसर का निलंबन छह माह की अवधि तक होता है। इसके बाद उसे बहाल कर दिया जाता है। मगर गंभीर मामलों में राज्य सरकार निलंबन अवधि को एक साल तक बढ़ा सकती है। नियुक्ति विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इससे अधिक समय तक आईएएस को निलंबित रखने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेनी होती है। सूत्रों के मुताबिक, निलंबन अवधि बढ़ाए जाने को लेकर यूपी सरकार का तर्क है कि अभिषेक प्रकाश के मामले में अभी भी जांच चल रही है। लिहाजा निलंबन अवधि को बढ़ाया जाना जरूरी है। रिश्वत मांगने के आरोपों में नियुक्ति विभाग आईएएस अभिषेक प्रकाश को चार्जशीट दे चुका है। सूत्रों के मुताबिक चार्जशीट में जिन बिंदुओं को उठाया गया है, उसमें सभी बिंदुओं के जवाब निलंबित आईएएस ने दे दिए हैं। इसका परीक्षण नियुक्ति विभाग द्वारा किया जा रहा है। अभिषेक प्रकाश को सौर ऊर्जा उपकरण बनाने वाली कंपनी से रिश्वत मांगने के आरोप ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश में एक अक्टूबर से शुरू होगी धान की खरीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में धान की सरकारी खरीद एक अक्टूबर से शुरू होगी। इस बार का लक्ष्य दो हजार 369 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीदना है। राज्य सरकार किसान पंजीकरण प्रक्रिया को और सरल बनाने जा रही है। अब तक पांच हजार 22 किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार को अपना धान बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति आयुक्त भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि वर्ष 2025-26 के विपणन सत्र के लिए धान खरीद नीति जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य एक अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज़िलों से ख़रीद शुरू करना है जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में ख़रीद एक नवंबर से शुरू होगी। हालांकि, नीति को मंज़ूरी मिलने तक उन्होंने अन्य विवरण देने से इंकार कर दिया। प्रस्तावित नीति से अवगत अधिकारियों ने बताया कि विभाग इस साल केंद्र द्वारा पहले से तय एमएसपी, यानी 2,369 प्रति क्विंटल, पर 60 लाख मीट्रिक टन धान ● शेष पेज 11 पर

## भारत में भारत का कानून चलेगा, घुसपैठियों की मनमानी नहीं : मोदी

एजेंसी

पटना/पूर्णिया। बिहार के एक दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पूर्णिया हवाईअड्डे का उद्घाटन किया, साथ ही राज्य को 40 हजार से ज्यादा की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में एक ओर जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस पर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पूर्णिया के शीशाबाड़ी मैदान में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा। घुसपैठ पर ताला लगाना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की पक्की जिम्मेदारी है। जो इन लोगों को बचाने में जुटे है, उन्हें बताता हूं कि भारत में भारत का कानून चलेगा, घुसपैठियों की मनमानी नहीं।



बिहार में हुए विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) और घुसपैठिए को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) घुसपैठिए को बचा रही है। विपक्ष ऐसा वोट बैंक के लिए कर रहा है, लेकिन डबल इंजन की सरकार घुसपैठिए को बाहर निकालने का काम करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने बिहार का शोषण किया। इन लोगों को बिहार से नफरत है। कांग्रेस-राजद ने बिहार को बदनाम करने की ठान ली है। ऐसी मानसिकता वाले लोग कभी बिहार का भला नहीं कर सकते। अपनी तिजोरी भरने वाले गरीबों का घर क्यों भरे। पहले कांग्रेस-राजद की सरकार में सरकारी योजना में घोटाला किया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने मखाना और मखाना किसानों की भी उपेक्षा की। जो आजकर यहां घूम रहे हैं, उन्होने मेरे आने से पहले मखाने का नाम भी नहीं सुना होगा। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के कुशासन का नुकसान पूर्णिया के लोगों को उठाना पड़ा,लेकिन अब स्थिति बदल रही है। हर गरीब ● शेष पेज 11 पर

## जल्द ही नक्सलवाद से मुक्त होगा पूरा देशः शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के हजारीबाग में नक्सल विरोधी सफल अभियान को बड़ी कामयाबी बताते हुए सोमवार को कहा कि इस अभियान के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है और जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जायेगा। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,'' आज झारखंड के हजारीबाग में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की जॉइंट टीम को एंटी नक्सल ऑपरेशन में बड़ी कामयाबी मिली है। इस अभियान में एक करोड़ रुपये का इनामी और कुख्यात नक्सली कमांडर सीसीएम सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढ़ेर कर दिया गया है। साथ ही, दो अन्य इनामी नक्सलियों- रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बिरसेन गांझू उर्फ रामखेलावन को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया। इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।''

उल्लेखनीय है कि हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पनतीतरी जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) केन्द्रीय समिति के सदस्य और एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली कमांडर सहदेव सोरेन समेत तीन नक्सली मारे गये। सहदेव सोरेन लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। हाल ही में झारखंड ● शेष पेज 11 पर

## 72 इनक्यूबेटर्स और 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से नवाचार को दिया गया बढ़ावा : योगी आदित्यनाथ

# 'फियरलेस बिजनेस का नया केंद्र बना यूपी : योगी आदित्यनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ लखनऊ में सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का समापन

❒ सरकार ने स्टार्टअप्स को दी 137 करोड़ की वित्तीय सहायता

❒ सरकार केवल नीतियां नहीं बना रही बल्कि युवाओं, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के विचारों को पंख दे रही

❒ 'लैब टू इंडस्ट्री मॉडल से नवाचार को नया आयाम देगा यूपी

❒ ओडीओपी योजना से एमएसएमई क्षेत्र में नई जान, दो करोड़ लोगों को रोजगार

❒ यूपी से प्रतिवर्ष 2 लाख करोड़ रुपये का निर्यात, ग्लोबल मार्केट में छाया प्रोडक्ट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ वर्षों में सुरक्षा का उत्कृष्ट वातावरण दिया है।

फियरलेस बिजनेस का केंद्र उत्तर प्रदेश बन चुका है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी यूपी आज अग्रणी है। अब 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस यूपी की नई पहचान है। व्यवसाय के लिए सुरक्षा, सुगमता और मजबूत इको सिस्टम जरूरी है और यह तीनों आज उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2025 के समापन समारोह में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में विभिन्न स्टार्टअप उत्पादों का अवलोकन किया और अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को सबके सामने रखा। हम प्रयोगशाला से उद्योग तक युवाओं के साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल नीतियां नहीं बना रही, बल्कि युवाओं, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के विचारों को पंख दे रही है। सरकार हर योग्य स्टार्टअप के साथ खड़ी है। हम प्रयोगशाला से उद्योग तक युवाओं का साथ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर शोध उत्पाद बने, हर उत्पाद उद्योग बने और हर उद्योग भारत की शक्ति बने। यही विकसित भारत और विकसित यूपी का मंत्र है। विज्ञान और तकनीक में जितना निवेश होगा, समाज उतना प्रगतिशील बनेगा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कॉन्क्लेव लखनऊ में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि यहां चारों केंद्रीय प्रयोगशालाओं- एनबीआरआई, सीडीआरआई, आईआईटीआर और सीमैप के निदेशकों ने भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक में जितना निवेश होगा, समाज उतना प्रगतिशील बनेगा और वही देश दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रदेश में 17 हजार से अधिक स्टार्टअप, 8 यूनिकॉर्न मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ा है। आज भारत में एक लाख 90 हजार स्टार्टअप हैं और हम अमेरिका व ब्रिटेन के बाद तीसरे स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री की सोच थी कि युवा जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बने। उसी संकल्पना को यूपी ने मजबूती से आगे बढ़ाया है। प्रदेश में 17 हजार से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं, जिनमें 8 यूनिकॉर्न शामिल हैं। यहां 72 इनक्यूबेटर्स और 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित हो चुके हैं। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने 137 करोड़ रुपये की सहायता भी उपलब्ध कराई है। सहयोगी भावना ही स्टार्टअप्स को बाजार से जोड़ेगी उन्होंने बताया कि हेल्थकेयर, एग्री, बायोटेक, ब्यूटी और एन्वायरनमेंट जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय कार्य ● शेष पेज 11 पर

# वक़्फ़ क़ानून पर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से मोदी सरकार का असल मकसद उजागर : संजय सिंह

**आप सांसद ने कहा, पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए वक़्फ़ की ज़मीन बेचना था मकसद**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने वक़्फ़ क़ानून पर सुप्रीम कोर्ट के ताज़ा फ़ैसले को मोदी सरकार पर 'सुप्रीम तमाचा' बताया। सोमवार को लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह वक़्फ़ संशोधन बिल की धारा पर रोक लगाई है, उससे मोदी सरकार का असली मक़सद उजागर हो गया।

संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्रों, विशेषकर अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए वक़्फ़ की ज़मीनों को औनेऽपौने दाम पर सौंपना चाहती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे संविधान की भावना को बचाते हुए इस पर रोक लगा दी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने चार अहम प्रावधानों पर रोक लगाई। वक़्फ़ करने के लिए इस्लाम में पाँच साल की न्यूनतम प्रैक्टिस की अनिवार्यता समाप्त।जिला कलेक्टर को वक़्फ़ संपत्ति घोषित करने का अधिकार खत्म। वक़्फ़ का सीईओ मुस्लिम होना अनिवार्य।वक़्फ़ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या सीमित (केंद्र में अधिकतम 4, राज्यों में अधिकतम 3)। संजय सिंह ने कहा कि यह फ़ैसला संविधान की धारा 25 और 26 के अनुरूप है, जो सभी धर्मों को अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन का अधिकार देती है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे बिल जैन मंदिरों, गुरुद्वारों, चर्चों और हिंदू मंदिरों को कब्ज़ाने के लिए भी लाए जा सकते हैं। इसी बीच उन्होंने मुंबई में 90 साल पुराने जैन मंदिर के तोड़े जाने का ज़िक्र करते हुए भाजपा पर धर्मस्थलों पर हमला करने का आरोप लगाया।

आप सांसद ने कहा कि भाजपा धर्म नहीं, धंधे का काम कर रही है। अयोध्या में रक्षा मंत्रालय की 13 हज़ार एकड़ ज़मीन अडानी को व्यापार करने के लिए दे दी गई। बिहार में 1050 एकड़ ज़मीन मात्र 1 रुपये में सौंप दी। भाजपा देश की धार्मिक और सरकारी ज़मीनों को अपने पूंजीपति मित्रों की जेब में डाल रही है। संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में एसआईआर के नाम पर चल रही गड़बड़ियों को भी उजागर किया। उन्होंने बताया कि महोबा ज़िले में एक ही घर से 243 वोट और दूसरे घर से 185 वोट दर्ज पाए गए। उन्होंने तंज कसा, ''किसी राजा-महाराजा का घर भी इतना बड़ा नहीं होता कि एक ही छत के नीचे सैकड़ों वोटर रह सकें।ङ्क उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पंचायत चुनाव से पहले करीब एक करोड़ वोट कटवाने और फर्जी वोट जोड़ने की साज़िश कर रही है। कहा, भाजपा जनता के बीच अपना आधार खो चुकी है और अब चुनाव जीतने के लिए वोट चोरी का सहारा लेना चाहती है।

## ट्रेन में जहरीला पदार्थ खाकर भटकते हुए शंकरगढ़ पहुँचा युवक, स्थानीयों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

प्रयागराज । शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बिहारिया में उस समय हड़कंप मच गया जब एक अनजान व्यक्ति एक स्थानीय निवासी के घर में घुस आया। मौके पर मौजूद लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए उस व्यक्ति को पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि चेतन सिंह पुत्र जयहिंद राज सिंह निवासी बिहारिया ने आज सुबह सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति उनके और पड़ोसी के घर में घुस आया है। पुलिस मौके पर पहुँची और जब उस व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम इश्तियाक पुत्र सेंचु निवासी खड़वा यूसुफपुर, थाना शादियाबाद, जनपद गाजीपुर बताया।पूछताछ के दौरान इश्तियाक ने बताया कि वह महानगरी एक्सप्रेस ट्रेन से मुंबई से गाजीपुर जा रहा था, इसी दौरान किसी अजनबी ने उसे कुछ खिला दिया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे कुछ होश नहीं रहा। जैसे-तैसे वह रास्ते में लिफ्ट लेते हुए शंकरगढ़ तक पहुंचा।स्थानीय लोगों द्वारा उसके पास किसी चोरी या आपराधिक गतिविधि के प्रमाण नहीं पाए गए और चेतन सिंह ने भी किसी चोरी की घटना से इनकार किया है। थाना शंकरगढ़ द्वारा संबंधित थाने से भी जानकारी ली गई, जहाँ से पुष्टि हुई कि इश्तियाक किसी आपराधिक मामले में वांछित नहीं है।

# राज्यपाल ने रज्जू भैया विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। प्रो0 राजेन्द्र सिंह ''रज्जू भैया'' विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह का सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुभारंभ किया। समारोह में 92109 छात्र-छात्राओं को उपाधि तथा 191 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए गए। इनमें 129 छात्राएं और 62 छात्र शामिल रहे।राज्यपाल ने इस अवसर पर 300 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट वितरित की और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा, समर्पण और देशभक्ति की भावना से ही राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने नारी शक्ति की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियां मेडल व डिग्रियों में बेटों से आगे हैं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से शोध कार्य और उनके जनकल्याणकारी उपयोग पर जोर दिया।इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, लोक सेवा आयोग अध्यक्ष संजय श्रीनेत्र, कुलपति अखिलेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आचार्यगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में, राहत कार्य जारी

**प्रयागराज** । गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर घट-बढ़ के साथ सामान्य स्थिति की ओर है। सोमवार सायंकाल 4 बजे तक गंगा का जलस्तर फाफामऊ पर 82.45 मीटर तथा छतनाग पर 81.24 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के बिन्दु 84.738 मीटर से नीचे है। यमुना का जलस्तर नैनी पर 81.63 मीटर दर्ज हुआ।जिले में अब तक केवल मऊ कछार (सदर) क्षेत्र प्रभावित है, जहां 04 परिवार राहत शिविर में तथा 04 परिवार सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। कुल 20 लोग बाढ़ शिविर और 20 लोग अन्य स्थानों पर निवास कर रहे हैं।प्रशासन ने 97 राहत शिविर चिन्हित किए हैं, जिनमें से एक शिविर कैण्ट मैरेज हॉल, न्यू कैण्ट में सक्रिय है। यहां 20 व्यक्ति (04 परिवार) ठहरे हुए हैं।आज राहत सामग्री वितरण में 65 लंच पैकेट (3 टाइम), 100 ओआरएस, 1500 क्लोरिन टैबलेट वितरित किए गए और 18 लोगों का उपचार किया गया।आपदा नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम सक्रिय है – 0532-2641577, 2641578, 2641597, 2641598 तथा 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

## दशहरा व दिवाली मेले पर कार्यक्रमों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

**प्रयागराज**। दशहरा उत्सव व दिवाली मेले के अवसर पर होटल, क्लब, बैंक्विट हाल, मैदान आदि में डीजे, डांडिया, गीत-संगीत व अन्य मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित करने से पहले जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम 2017 के तहत बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित करने पर 20 हजार रुपये जुर्माना या छह माह की सजा हो सकती है। आयोजकों से कहा गया है कि वे कार्यक्रम से कम से कम 15 दिन पहले ऑनलाइन आवेदन कर अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा जिम्मेदारी उन्हीं की होगी।

## प्रयागराज में 800 होमस्टे पंजीकरण का लक्ष्य, 18 सितंबर को होगा जागरूकता कार्यक्रम

**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बेड एंड ब्रेकफास्ट व होमस्टे नीति-2025 लागू की गई है। जनपद प्रयागराज में पर्यटन दिवस (27 सितम्बर) तक 800 इकाइयों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस नीति में 1 से 6 कमरे पंजीकृत कराए जा सकते हैं। होमस्टे में भवन स्वामी का रहना अनिवार्य होगा जबकि बेड एंड ब्रेकफास्ट में केयरटेकर जरूरी होगा। सुरक्षा हेतु फायर उपकरण और सीसीटीवी की भी व्यवस्था करनी होगी।इस नीति पर जागरूकता कार्यक्रम 18 सितम्बर को दोपहर 1 बजे होटल राही इलावर्त, प्रयागराज में आयोजित होगा। इसमें नीति की प्रक्रिया और पंजीकरण की जानकारी दी जाएगी।

## प्रयागराज में 17 से 19 सितम्बर तक तीन दिवसीय रोजगार मेला

**प्रयागराज**। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से 17 से 19 सितम्बर तक उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र परिसर (सर्किट हाउस के पास) में तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा लगभग 600 पदों पर भर्ती की जाएगी।हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई व डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी न्धद्भद्दथथन्पथद्भद्दथद्ध.फ्र.द्दधप.द्भद्ध पोर्टल पर पंजीकरण कर अंकपत्र व प्रमाणपत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों का विवरण पोर्टल पर देख सकेंगे। मेले में यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## आम के पौधों में संतुलित मात्रा में करें उर्वरकों का प्रयोग : वी.के. सिंह

**प्रयागराज**। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से चिन्हित फल पट्टी क्षेत्र के विकास हेतु औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग, प्रयागराज द्वारा वाराणसी के हरहुआ विकासखंड के भोपापुर ग्राम में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।उद्घाटन सत्र में केंद्र प्रभारी वी.के. सिंह ने आम के बागों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं व्याधियों की पहचान कराते हुए उनके नियंत्रण के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि आम के पौधों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने से न केवल विभिन्न बीमारियों से बचाव होता है बल्कि पौधों में नियमित फलन भी सुनिश्चित होता है।तकनीकी सत्र में उद्यान निरीक्षक मनीष कुमार ने फ्रूट बैगिंग एवं फ़ेरोमोन ट्रैप द्वारा फल मक्खी नियंत्रण की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड प्रभारी कुमारी रिचा एवं कुमारी नीतू ने उद्यान विभाग की संचालित योजनाओं और किसानों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम का संचालन प्रभारी फल पट्टी सुधांशु कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर हरहुआ, चिरईगांव और चोलापुर विकासखंड के कई आम उत्पादक बागवान शामिल हुए।

## प्रयागराज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**प्रयागराज**। एसीपी सोरांव वरुण कुमार के आदेश पर पुलिस टीम ने मुजफ्फर गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान गैंग का सक्रिय सदस्य अफजल पुलिस के हत्थे चढ़ गया।गिरफ्तार बदमाश अफजल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है।यह कार्रवाई एसओजी गंगानगर व सोरांव थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गैंग के अन्य सदस्यों पर भी निगरानी रखी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## मौसम ने बदला मिजाज, जोरदार बारिश से लोगों को मिली राहत

**प्रयागराज** । शहर में शुक्रवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और देखते ही देखते जोरदार बारिश शुरू हो गई। तेज़ बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ।बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, मौसम में आई इस ठंडक ने लोगों को काफी राहत दी है।कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, यह बारिश खड़ी धान की फसलों के लिए लाभकारी मानी जा रही है। लंबे समय से सूखे जैसी स्थिति से जूझ रहे कुछ इलाकों में किसानों ने राहत की सांस ली है।मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है, जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती है।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू पासी पर जानलेवा हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज** । प्रयागराज के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में रविवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख चायल सोनू पासी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है घटना को लेकर एडिशनल डीसीपी नगर अभिजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया और नामजद हमलावरों की पहचान कर कार्रवाई की गई।सोनू पासी को हमले में गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें चिकित्सा हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सोनू ने बताया था कि उसके जान को खतरा है । अतीक के गुर्गे जे0पी दुबे पर जानलेवा हमला करवाने का आरोप लगाया है फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में हमला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

## बीकेटी में ईओ व चेयरमैन के आपसी मतभेद के चलते फंसा कर्मचारियों का वेतन

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता**। नगर पंचायत बख्शी का तालाब कार्यालय पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पदों पर तैनात कर्मचारियों ने दो माह से वेतन न मिलने से नाराज़ होकर सोमवार को कार्य बहिष्कार कर आक्रोश जताया।इस मौक़े पर कंप्यूटर पद पर तैनात योगेंद्र राजपूत ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय बीकेटी पर दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों को दो माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जिससे सभी कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि नगर पंचायत द्वारा चयनित एजेंसी आर्यन ग्रुप ऑफ गार्ड सर्विसेज अजीगंज लखनऊ के माध्यम से जून 2025 तक वेतन का भुगतान किया गया लेकिन उसके बाद से अभी तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया।बताया कि एक पत्र 1/9/2025 को अधिशाषी अधिकारी बीकेटी इंद्रभान जी व नगर पंचायत अध्यक्ष बीकेटी गनेश रावत तथा 9/9/2025 को ज़िला अधिकारी लखनऊ को वेतन भुगतान को लेकर दिया था लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस समस्या का समाधान कराने में अपनी रुचि नहीं रखी।श्री योगेन्द्र ने बताया कि कई कर्मचारी ऐसे है जिन्हें विगत कई वर्षों से ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0सी0सम्बन्धित एजेन्सी आर्यन ग्रुप ऑफ गार्ड सर्विसेज द्वारा जमा नहीं किया जा रहा है, कर्मचारियों ने साफ़ तौर पर कहा कि इन सभी समस्याओं का अगर तीन दिनों में निराकरण नहीं किया गया तो सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार करते हुए नगर पंचायत बख्शी का तालाब कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर मजबूर होंगे जिसके ज़िम्मेदार संबंधित अधिकारी होंगे।

# शिक्षिका अनीता सोनकर को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में आयोजित सम्मान समारोह में शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई एवं उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप ने शिक्षिका अनीता सोनकर को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अनीता सोनकर ने शिक्षा के क्षेत्र में न केवल अनुकरणीय कार्य किए हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने कहा कि ऐसे शिक्षकों का सम्मान समाज को नई दिशा देता है और अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है।उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में समर्पित शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान, बल्कि संस्कार और नैतिकता की भी शिक्षा दें।इस अवसर पर संस्थान के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और शिक्षिका अनीता सोनकर को सम्मानित होते देख उत्साहित हुए।

# सीएमओ साहब ! कोराव के हर गली कूचे में चल रहा प्रसव कराने का खेल

**नार्मल डिलेवरी कराने का जिम्मा लेकर अप्रक्षित नर्स कर रही जच्चा बच्चा के साथ खिलवाड़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज । कस्बा कोराव के मोती नगर , गाँधी चौराहा , पड़रिया नहर के पास , लेडियारी रोड समेत अन्य कई गली मोहल्ला में बड़े पैमाने पर कुछ अप्रक्षित नर्स जो गर्भवती महिलाओं को अपने पाल रखे एजेंट , ऐनम, आशा के माध्यम से बहला फुसलाकर नार्मल डिलेवरी कराने का बड़ा - बड़ा दावा करके पहले चंगुल में फसाकर बुलाती है फिर जब जच्चा बच्चा का जीवन खतरे में पड़ जाता है हालत नाजुक हो जाती है तो जवाब देकर अन्यत्र ले जाने को कह देती है कुछ तो चौकठ पर ही दम तोड़ देती है आशा एनम को सरकारी अस्पताल में मिलने वाले लाभ से संतुस्ट नही रहती जिस कारण जो उनके क्षेत्र में डिलेवरी रहती है वे अन्यत्र लेजाकर करवाकर अच्छा खाशा कमीशन कमा रही है उनसे अपने स्वार्थ सिद्ध होने से मतलब रहता है बाकी कोई बचे या न बचे कोराव में यही मुख्य वजह है कि आयेदिन जच्चा बच्चा की मौत होती रहती है हंगामा शिकायत होती रहती है लेकिन जो अप्रक्षित नर्स डिलेवरी कराती है उनकी पकड़ सीएमओ आफिस तक रहती है इसीलिए कोई कितना भी शिकायत करे जल्दी तब तक कार्रवाही नही होती जब तक आम जनता सड़क पर नही उतरती स्थानिय जिम्मेदार विभाग भी सब कुछ जानते हुए अनजान बना हुआ है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने जिलाधिकारी व सीएमओ प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जाच कार्रवाही की माँग की है।

## 25 हजार के इनामी बदमाश अफजल गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

प्रयागराज । प्रयागराज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इएच् सोरांव वरुण कुमार के निर्देशन में एसओजी गंगानगर और सोरांव थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुजफ्फर गैंग के सक्रिय सदस्य अफजल को गिरफ्तार किया है। अफजल पर ?25,000 का इनाम घोषित था।पुलिस के अनुसार, अफजल लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था और मुजफ्फर गैंग का प्रमुख सदस्य माना जाता है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं।यह कार्रवाई क्षेत्र में अपराध और माफिया नेटवर्क के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस अब अफजल से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों और गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई इसी तरह जारी रहेगी।

# प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई किसान पंचायत

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा इस बार होगी आर पार की लड़ाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने बाजार मूल्य की दर से सर्किल रेट लागू करने के लिए कमर कस ली है।गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहम्मदाबाद के मजरा के फतेहपुर में प्रताप बहादुर प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में किसानपंचायत संपन्न हुई।पंचायत में जिला महामंत्री राम सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए किसानों के लिए भूमि का कितना महत्व है इस बात पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस भूमि से किसान लोग अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। किसान ही समाज के लिए भी अनाज उत्पादन करते हैं फिर भी सरकार किसानों के साथ अन्याय करने पर तुली हुई है। यही बात किसानों के प्रति कुठाराघात है।प्रदेश महामंत्री दिनेश यादव ने किसानों को एकता बनाने के लिए मूल मंत्र दिया और कहा कि यदि अपनी भूमि बचानी है तो हमको आपको संगठित होकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। सरकारे जिस तरह अपनी मनमानी और जबरदस्ती जमीनों के अधिग्रहण का काम कर रही हैं उससे तो ब्रिटिश हुकूमत की याद आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि कहने को तो हम आजाद हैं किंतु हमारे सभी अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यही बात कष्ट दाई है। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि अब सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। किसानो को एकता बनानी होगी क्योंकि बगैर संघर्ष के काम चलने वाला नहीं है। इसके सभी किसान संगठन बनाकर एक माला तैयार कर ले ताकि सरकार को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। इसी मौके पर मंडल सचिव हरपाल ने किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि सोना बंद कर दो और जागो। उन्होंने कहा कि तुम्हारे अंदर असीमित बल हैं ।हम सरकार बनाते हैं तो बिगड़ना में भी सक्षम है। अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने गांव-गांव में पंचायत करके किसानों को एकत्रित करने का काम किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार लड़ाई आर पार की होगी। जब तक सरकार हमारी बात नहीं मानेगी हम आंदोलन चलाते रहेंगे।पंचायत में उपस्थित सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने तरीके से पंचायत को संबोधित किया ।पंचायत में प्रदेश महामंत्री दिनेश यादव जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव जिला महामंत्री राम सिंह मंडल सचिव हरपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार जिला सचिव बबलू पटेल के अलावा सैकड़ोग्राम वासियों ने पंचायत में भाग लिया ।

# उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ एवं क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने की।महाप्रबंधक ने कहा कि हिंदी न केवल संपर्क की भाषा है, बल्कि आज परिवर्तन, विकास और नवनिर्माण की भाषा भी बन चुकी है। सूचना तकनीक, व्यापार और मीडिया जैसे क्षेत्रों में हिंदी की पहुंच लगातार बढ़ रही है। उन्होंने अधिकारियों से राजभाषा अधिनियम के सभी प्रावधानों, विशेष रूप से धारा 3(3) के अनुपालन पर जोर देने को कहा।मुख्य राजभाषा अधिकारी जे.सी.एस. बोरा ने बताया कि राजभाषा के प्रचार-प्रसार को अभियान के रूप में लिया गया है। इस अवसर पर 'रेल संगम' पत्रिका के राजभाषा विशेषांक का विमोचन भी हुआ।बैठक में अपर महाप्रबंधक, प्रधान विभागाध्यक्ष, मंडलों एवं कारखानों के अधिकारीगण ऑनलाइन और ऑफलाइन शामिल हुए। सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों में राजभाषा प्रगति की जानकारी दी।समारोह का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी यथार्थ पांडेय ने किया।

# भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । आज दिनांक 15 सितंबर को जिलाधिकारी महोदय गोरखपुर के द्वारा प्रधानमंत्री जी को जिला संयोजक भारतेंदु यादव के नेतृत्व में टेट अनिवार्यता के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। जिला संयोजक भारतेंदु यादव ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर गोरखपुर सहित पूरे भारतवर्ष के 780 जिलों में एक साथ टेट प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से मा. प्रधानमंत्री जी को ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ट्वक्ठ प्रकरण पर भी अखिल भारतीय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा फैसला लिया गया है कि पूरे भारतवर्ष में एक साथ 780 जिलों में जिला मुख्यालय से एक साथ जब शिक्षक अपनी अस्मिता की लड़ाई हेतु हुंकार भरेगा तो निश्चित रूप से उसकी गूंज उसके असर माननीय प्रधानमंत्री तक अवश्य पहुंचेगी ,संपूर्ण शिक्षक समाज के हुंकार से उत्तर प्रदेश के 75 जिले उत्तराखंड के 13,अरुणाचल प्रदेश के 25,पश्चिम बंगाल के 23 ,हिमाचल प्रदेश के 12,मध्य प्रदेश के 55,आंध्र प्रदेश के 13 ,छत्तीसगढ़ के 28,तेलंगाना के 33,तमिलनाडु के 38,राजस्थान से 33 ,उड़ीसा से 30 ,नागालैंड से 12 ,मिजोरम से 11,मेघालय से 11 ,मणिपुर से 16 ,महाराष्ट्र से 36 ,कर्नाटक से 31,झारखंड से 24 गोवा से 2,असम से 34 ,बिहार से 38 ,केरल से 14 ,पंजाब से 23,त्रिपुरा से 8,गुजरात से 33 ,हरियाणा से 22 पूरे भारतवर्ष से कुल 780 जिलों से एक साथ एक दिन जिला मुख्यालय से अपने सम्मान स्वाभिमान और अस्मिता की लड़ाई हेतु शिक्षकों की हुंकार निश्चित रूप से आदेश को वापस लेने पर सरकार को मजबूर करेगी।

## बीकेटी थाना परिसर पर आगामी त्यौहारों को लेकर बैठक आयोजित

बीकेटी,लखनऊ । सोमवार को लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी थाना बख्शी का तालाब परिसर पर थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी त्यौहारों नवरात्रि व दशहरा को लेकर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ग्राम प्रधान, सभासद, व्यापारी सहित अन्य लोगों के साथ त्योहार को सौहार्द पूर्ण मनाने को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस मौक़े पर थाना प्रभारी ने मौजूद लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का सभी को पालन करते हुए ही आयोजन करना है,नवदुर्गा पूजा पंडालों व अन्य समारोह में अश्लील गाने न बजाएं,दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए मुख्य मार्गो पर पंडाल न लगाया जाए ताकि आवागमन न बाधित हो तथा दुर्गा पंडालों में आयोजक सीसीटीवी कैमरे लगवाएं तथा आगजनी से बचने हेतु मौके पर ही आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर भी जोर दिया,उन्होंने यह भी कहा कि पूजा पंडालों व दशहरा पर आयोजित कार्यक्रमों का पंडाल विद्युत लाईन के नीचे न बनाया जाए तथा लाउडस्पीकर शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही बजाया जाए।

# किसी भी कीमत पर ग्रीन वायरस फैलने नहीं देंगे : डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी

**खुलासा : लव जिहाद और धर्मांतरण गैंग ने गायत्री गुप्ता को बनाया गुलशन फ़ातिमा**

**गजवा - ए - देवरिया के मिशन में जुटे चरमपंथियों ने पूर्वांचल के देवरिया और कुशीनगर को बनाया लव जिहाद का मुख्य केन्द्र**



गोरखपुर। देवो की भूमि देवरिया और बुद्ध की भूमि कुशीनगर में सक्रिय जेहादियों के धर्मांतरण गिरोह के छांगुर गैंग ने देवरिया के दत्तात्रेय गुप्ता की पत्नी गायत्री गुप्ता को भी गुलशन फ़ातिमा बना डाला। मोहल्ले के लोग कहते हैं कि गायत्री बेहद धार्मिक महिला रहीं, पूजा पाठ में रमी रहती थीं, परंतु गजवा ए देवरिया के मिशन में जुटे चरमपंथियों ने उन्हें हिंदू से मुसलमान बना डाला। धर्मांतरण के इस खेल का खुलासा तब हुआ जब गुलशन फ़ातिमा बनी गायत्री देवी बीते 3 मई 2025 को अपना नाम और पहचान बदलवाने सरकारी दफ़्तर पहुंची, वहां अपने काग़ज़ात दिए, सरकारी अधिकारी काग़ज़ात देख भौंचक्के रह गए और इस तरह से मामले का खुलासा हुआ। धर्मांतरण के इन मामलों में एसएस माल के संचालक, उसकी पत्नी, उसके भाई और उसके साले की स्पष्ट भूमिका दिख रही है। देवभूमि देवरिया के लोग इन घटनाओं को लेकर ग़ुस्से में हैं, उद्वेलित हैं। इनमें बहुत से लोग इन कट्टरपंथियों कि ख़िलाफ़ मीडिया को सुबूत मुहैया करा रहे, काफ़ी हिंदू बच्चियाँ अभी भी दहशत में हैं, उन्हें इस माल से जुड़े काफी राज़ पता हैं।

## देवरिया में ग्रीन वायरस का होगा इलाज: डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, सदर विधायक

देवरिया सदर के विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने ऐसी सभी पीड़िताओं से अपील किया है कि ऐसे लोग डरें नहीं, आगे आकर इन लवजिहादियों धर्मांतरण गैंग के चरमपंथियों से घबराने की जरूरत नहीं है, हम डट कर इनका मुकाबला करेंगे, मोदी जी - योगी जी के राज में इन दरिंदों का माकूल इलाज किया जाएगा, देवरिया में ग्रीन वायरस फैलने नहीं देंगे। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बँटेंगे तो कटेंगे।

# पुलिस नदारत, रात में सोसाइटी ने संभाली सुरक्षा की ज़िम्मेदारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ- सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में निकट अहिममाऊ पुलिस चौकी के पीछे परफ़ेक्ट वेलफ़ेयर सोसाइटी ने अब अपने सुरक्षा की ज़िम्मेदारी ख़ुद ही सँभाल ली है। क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है और सोसाइटी के अध्यक्ष राम सुंदर पांडेय ने बताया कि पुलिस प्रशासन पेट्रोलिंग नहीं कर रही है। अहिमामऊ पुलिस चौकी इंचार्ज के अनुसार पुलिस वीआईपी मूवमेंट में व्यस्त रहते हैं। सोसाइटी के लोगो का कहना है कि क्षेत्र में कुछ दिन पहले ही बाइक चोरी की घटना हुई उसके बावजूद भी पुलिस की पेट्रोलिंग नहीं होती। इस पर सोसाइटी के लोगों ने ही फैसला कर के ख़ुद ही सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है।

## नगरामः संदिग्ध परिस्थितियों में 24 वर्षीय युवती का घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के कमालपुर बिचलिका गांव निवासी किसान महेश प्रसाद की बेटी रंजना(24) ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। मिली जानकारी के अनुसार, रंजना की मां मिथिलेश आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर तैनात हैं। घटना के वक्त वह ड्यूटी पर स्कूल गई हुई थीं। वहीं रंजना के दोनों भाई संजीव बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार को करीब 11 बजे रंजना ने कमरे के अंदर धन्नी से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातम पसर गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि रंजना ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका उन्हें अंदाजा नहीं है उन्होंने बताया कि वह स्वभाव से हंसमुख और मिलनसार थी, किसी प्रकार की कोई पारिवारिक कलह या परेशानी भी नहीं थी। परिजनों ने आशंका जताई कि किसी मानसिक तनाव या व्यक्तिगत कारण से उसने यह कदम उठाया होगा।

# विधायक ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ किया किसानपथ का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । सोमवार को राष्ट्रीय सदस्य एनएचएआई विशाल चौहान, आरओ संजीव शर्मा एवं परियोजना निदेशक कर्नल शरद चन्द्र सिंह के साथ बीकेटी विधायक योगेश कुमार शुक्ला ने किसानपथ का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग सीतापुर हाईवे तथा किसान पथ से बीकेटी क्षेत्र की ओर आने-जाने वाली यातायात संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया।बीकेटी विधायक ने सुझाव दिया कि बीकेटी क्षेत्र में क्लोवर लीफ का निर्माण कराया जाए ताकि वाहन चालकों को चढ़ने-उतरने में किसी प्रकार की असुविधा न हो साथ ही सर्विस रोड का निर्माण एवं मरम्मत मजबूत और गुणवत्ता के साथ कराई जाए ताकि भारी यातायात को सुगमता से संभाला जा सके।इसके अतिरिक्त,जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया ताकि वर्षा के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो,एनएच का विस्तार किसान पथ तक ही सीमित रखा जाए,क्योंकि सभी प्रकार के भारी वाहन इसी मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जाते हैं।



सीतापुर रोड पर किसान पथ से इटौंजा टोल तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान यह ध्यान रखा जाए कि व्यापारियों को किसी प्रकार का नुकसान न हो और आम जनता का आवागमन भी बाधित न हो।विकास कार्य के साथ-साथ स्थानीय कारोबार और जनहित की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।अधिकारियों ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं पर विचार कर संतुलित और उचित निर्णय लिया जाएगा।हम सब मिलकर विकास और सुविधा दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र की सड़कें सुरक्षित, सुव्यवस्थित और वाहन चालकों के लिए सुविधाजनक बनें ताकि आमजन को बेहतर परिवहन व्यवस्था का लाभ मिल सके।इस अवसर पर दिवाकर त्रिपाठी,राघवेंद्र शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# निगोहां : अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास रविवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया। मिली जानकारी के अनुसार, निगोहां थाना क्षेत्र के उतरांवा गांव के मजरा बखतखेड़ा निवासी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई दीपक सिंह (33) रविवार रात घर से निकला था। रास्ते में उसकी मुलाकात पतौना निवासी अपने साथी राजेंद्र से हुई और दोनों बाइक से निगोहां कस्बे चले गए। देर रात दोनों बाइक में उदयपुर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने जा रहे थे। पंप से कुछ दूरी पहले ही लखनऊ से रायबरेली की ओर तेज रफ्तार से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दीपक का सिर फट गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं साथी राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहाँ से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था , बड़े भाई भूपेंद्र व मंझले भाई सोनू से अलग वह खेती किसानी करता था। मृतक के पिता बिमलेश और मां का पहले ही निधन हो चुका है। एसआई चंदन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायल का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगालें जा रहें हैं।





## ग्लूकोज फैक्ट्री में हुए व्यापक सुधार,दूषित हवा से ग्रामीणों को मिली राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बख्शी का तालाब तहसील अंर्तगत पहाड़पुर के निकट संचालित ग्लूकोज फैक्ट्री से कुछ दिनों पूर्व निकलने वाले जहरीले पानी व दूषित हवा से ग्रामीण काफ़ी परेशान थे, जिसका ध्यान रखते हुए फैक्ट्री मालिक ने फैक्ट्री में काफ़ी बदलाव कर व्यापक बदलाव किए जिसका परिणाम यह हुआ कि अब फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाली गैस से हवा प्रदूषित नही हो रही है और निकलने वाले पानी से भी स्थानीय लोगों का कोई नुकसान नहीं हो रहा है,जिससे अब क्षेत्र के आसपास के हजारों लोगों को इस समस्या से काफ़ी राहत मिल रही है।वही अगर सही मायने से देखा जाए तो इस ग्लूकोज फैक्ट्री से आसपास के सैकड़ों लोगों को रोजगार प्रदान हो रहा है,जिससे उनको आर्थिक लाभ भी प्रदान हो रहा है और आगे अन्य लोगों के लिए भी रोज़गार के अवसर प्रदान हो रहे है।वही फैक्ट्री मालिक ने कहा कि फैक्ट्री लगाने की मेरी यह मंशा नहीं है कि इस फैक्ट्री से सिर्फ़ व्यापार किया जाए मेरी मंशा यह रहती है कि इंडस्ट्रीज लगाकर हम क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोज़गार कैसे प्रदान करे जिससे क्षेत्र के लोग आर्थिक रूप से मजबूत हो मेरी यही प्राथमिकता रहती है।वही क्षेत्रीय लोगों ने फैक्ट्री में हुए व्यापक बदलाव को लेकर फैक्ट्री मालिक की तारीफ़ भी किया।



## काकोरी थाना क्षेत्र के गोहरामऊ गांव में एक युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

काकोरी लखनऊ। मृतक अंशू चौरसिया पुत्र स्व विजय चौरसिया निवासी गोहरामऊ काकोरी लखनऊ उम्र लगभग 21 वर्ष ने अपने ही गांव के घर के बरामदे में लगे पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर की आत्महत्या। तथा पूरा परिवार दूसरे घर पर रहता था और जब बड़ा भाई किसी काम से गांव के घर पहुंचा तो अन्दर से दरवाजा बंद था किसी तरह से घर में घुसे और भाई को पंखे से लटका देख परिजनों व पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर,पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के भाई शिवम्‌ चौरसिया ने बताया कि मेरा भाई किसी भी प्रकार का कोई नशा नहीं करता था मृतक अपने पीछे बड़े भाई शिवम्‌ चौरसिया और माता को छोड़ गया। वही इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि मृतक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ,परिजनों से पूछताछ पर कोई आरोप नहीं लगाया है,पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी,वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।

# बीकेटी थाना परिसर पर आगामी त्यौहारों को लेकर बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । सोमवार को लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी थाना बख्शी का तालाब परिसर पर थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी त्यौहारों नवरात्रि व दशहरा को लेकर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ग्राम प्रधान, सभासद, व्यापारी सहित अन्य लोगों के साथ त्योहार को सौहार्द पूर्ण मनाने को लेकर बैठक आयोजित हुई।इस मौक़े पर थाना प्रभारी ने मौजूद लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का सभी को पालन करते हुए ही आयोजन करना है,नवदुर्गा पूजा पंडालों व अन्य समारोह में अश्लील गाने न बजाएं,दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए मुख्य मार्गों पर पंडाल न लगाया जाए ताकि आवागमन न बाधित हो तथा दुर्गा पंडालों में आयोजक सीसीटीवी कैमरे लगवाएं तथा आगजनी से बचने हेतु मौके पर ही आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर भी जोर दिया,उन्होंने यह भी कहा कि पूजा पंडालों व दशहरा पर आयोजित कार्यक्रमों का पंडाल विद्युत लाईन के नीचे न बनाया जाए तथा लाउडस्पीकर शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही बजाया जाए।वही इस मौक़े पर मौजूद संभ्रांत व्यक्तियों ने भी अपने विचार थाना प्रभारी के समझ रखा और शासन की गाइड लाईन के अनुसार ही आयोजन करने का भरोसा थाना प्रभारी को दिया।वही इस मौक़े पर अतिरिक्त इंस्पेक्टर बीकेटी कैलाश चंद्र दुबे सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा। वगत कराते हुए दिशा-निर्देशों के पालन करने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि पंडालो में और चल समारोह के दौरान अश्लील गाने न बजाएं। दुर्गा प्रतिमाएँ स्थापित करने के लिए मुख्य मार्ग पर पंडाल न लगाऐं ताकि आवागमन बाधित न हो। दुर्गा पंडाल में रात्रि के समय कम से कम दो समिति सदस्य रुकें, जो पुलिस के संपर्क मे रहें। समितियाँ दुर्गा पंडालो में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। आगजनी से बचने हेतु पंडालों में आवश्यक संसाधन की व्यवस्था पर भी जोर दिया गया।



## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाला युवक गिरफ्तार

मोहनलालगंज। लखनऊ ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र एक गांव में पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते नौ सितम्बर को मोहनलालगंज थाने में एक पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग 17 वर्षीय बहन को एक युवक मोबाइल फोन से लगातार बात कर अपने जाल में फंसा रहा था। परिजनों ने कई बार मना किया, लेकिन आरोपी युवक ने किशोरी से बातचीत जारी रखी और बीते पांच सितम्बर को शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गया।

इस मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी की तलाश में टीम गठित की।विवेचना में आरोपी की पहचान बीस वर्षीय हामिद रजा पुत्र हमीदुल्ला उर्फ जुगनू निवासी ग्राम पिपरा रहीम, थाना रूधौली, जनपद बस्ती के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश देती रही।

## मोहनलालगंज एसीपी ने ऑपरेशन प्रहार का किया आगाज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ ,अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार को एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बड़े स्तर पर ऑपरेशन प्रहार की शुरुआत की। इसकी शुरुआत गौरा गांव से की गई, जहां पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी के घर दबिश दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से गांव में हड़कम्प मच गया।इस दौरान इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई का नेतृत्व किया। दबिश के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। एसीपी ने मौके पर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि पुलिस हर हाल में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाएगी।एसीपी ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर किसी भी कीमत पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन प्रहार लगातार जारी रहेगा और अन्य हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों पर भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।गौरा गांव में हुई इस कार्रवाई से अपराधियों के बीच खौफ साफ नजर आने लगा है। पुलिस की यह पहल अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

## मोहन रोड पर बाईक शोरूम में बड़ी चोरी

काकोरी लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना के ग्राम शिवरी मोहन रोड लखनऊ बीती देर रात रविवार को देर अज्ञात चोरों ने एक श्री हरि ऑटो मोबाइल शोरूम को बनाया अपना निशाना। नगदी सहित, हेलमेट एलइडी टीवी व डी.वी.आर लेकर चोर हुए रफू चक्कर। वही पीड़ित रोहित साहू पुत्र श्री राम कुमार निवासी व 4966 राजाजीपुरम लखनऊ ने बताया कि शोरूम व वर्कशॉप में रखें नगद ?1,18,130 हजार रुपए और 15 हेलमेट 1 ख्रक्कद्वफ, व डी.वी.आर ले कर भाग निकले। वहीं पीड़ित ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में काकोरी प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि बहुत जल्द चोर पुलिस की गिरफ्तार में होंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के भदोई गांव में सोमवार सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी तहरीर थाने पर दी है। थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो पाएगी। थाना क्षेत्र के भदोई निवासी अजीत गौतम की शादी करीब सात साल पहले मंजू के साथ हुई थी। अजीत मीटर रीडर है। बताया गया कि काफी दिनों से मंजू की तबियत खराब थी। उसका इलाज चल रहा था। सोमवार की सुबह भी मंजू ने अजीत से उसे लेकर दवा लाने के लिए कहा लेकिन अजीत ने काम से लौटकर आने पर चलने की बात कही। इसी को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। कुछ देर बाद मंजू अपने कमरे में चली गई। कुछ समय बाद देखा गया कि उसका शव छत के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी पर लटका हुआ है। इसके बाद हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि इस मामले में मृतका के पिता भोलाशंकर ने ससुराल वालों पर बेटी की हत्या कर उसका शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पति शादी के बाद से ही उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था।

## नीलगाय के बचानें के चक्कर में बोलोरो हुई अनियंत्रित उड़े परखच्चे, चालक समेत साथी बाल-बाल बचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । नगराम के अमवा मुर्तजापुर गांव लौट रहे युवक की बोलेरो बीते रविवार की रात भजा खेड़ा गांव के पास पहुंचते ही अचानक नीलगाय के आ जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई उसके बाद बोलेरो वाहन रोड से करीब 8 फिट गहरे खेत में जा गिरी। घटना में ड्राइवर के दाहिने हाथ की कलाई टूट गई जबकि पास बैठे युवक को मामूली चोटे आई हैं। नगराम के अमवा मुर्तजापुर गांव निवासी शैलेंद्र साहू ने बताया बीते रविवार की रात लगभग 9 बजे रात लखनऊ के मटियारी से अपनी बोलेरो गाड़ी की ऐसी मरम्मत करा कर वापस घर अमवा मुर्तजापुर गांव लौट रहे थे तभी भजाखेड़ा गांव के पास पहुंचते ही उनकी बोलेरो गाड़ी यूपी-32-क्यूआर-3296 के सामने अचानक नीलगाय आ गई नीलगाय को बचाने के चक्कर में उनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई , उछल कर रोड से बाईं ओर करीब 8 फीट गहरे धान के खेत में जाकर पलट गई। इस घटना में गाड़ी चला रहे ड्राइवर शैलेंद्र साहू के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। जबकि पास में बैठे युवक को मामूली चोटे आई हैं। जबकि बोलेरो गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जब कि शैलेंद्र का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है जबकि चार पहिया वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं।



# उ0 प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का चुनाव हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद शाखा लखनऊ के रविवार को हुए चुनाव संपन्न हुए। इन चुनावों में नागेंद्र कुशवाहा को पुनः अध्यक्ष पद पर चुन लिया गया है तो महामंत्री पद ललित कुमार के हाथ लग गया । इन चुनावों में कायम सिंह कोषाध्यक्ष , अनुज कुमार यादव जिला संगठन मंत्री, सुधांशु सिंह मंत्री, अनुज त्यागी संयुक्त मंत्री,पवन विमल ऑडिटर, मनोनीत पदाधिकारी रेखा सिंह उपाध्यक्ष (म0), प्रतिभा शर्मा क्षेत्रीय मंत्री व हरिओम पाठक क्षेत्रीय संगठन मंत्री चुना गया।

ग्यारह सदस्यीय जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को एडीओ पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला ने पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई।

लखनऊ जनपद के ग्राम पंचायत अधिकारियों ने द्विवार्षिक अधिवेशन में प्रतिभाग किया।

उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद शाखा लखनऊ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकारिणी का गठन लोहिया सभागार विकास भवन लखनऊ में संपन्न हुआ। वर्तमान अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप कुशवाहा दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष एवं ललित कुमार निर्विरोध महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। द्विवार्षिक अधिवेशन के चुनाव अधिकारी सेवा निवृत्ति एडीओ पंचायत सरोजिनी नगर कौशल कुमार एवं एडीओ पंचायत काकोरी कृष्ण कुमार संयुक्त रूप से रहे।

### नागेन्द्र कुशवाहा ने अध्यक्ष तो ललित कुमार ने संभाला महामंत्री पद




आज उ0 प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में पूरे जनपद के सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जनपद के अधिवेशन के प्रथम सत्र में महामंत्री ललित कुमार के द्वारा विगत दो वर्षों में हुयी जनपद कार्यकारिणी की उपलब्धियों तथा जनपद कोषाध्यक्ष क़ायम सिंह द्वारा आय व्यय का लेखा-जोखा सदन में प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा हर्ष ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया गया। जनपद से आए ग्राम पंचायत अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में आ रही समस्याओं पर पुनः आवश्यक रणनीति बनाने, सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग बढ़ाने हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं राज्य वित्त मे भुगतान हेतु गलत दबाव बनाने, मनरेगा की घोर विसंगतियों को खत्म कराने, विशेष ऑडिट आपत्ति के सम्यक निस्तारण, ग्राम पंचायतों के क्लस्टर आवंटन में धांधली, मध्य सत्र में स्थानांतरण, निलंबन, सेवा का स्थायीकरण,सचिवों के लिए सर्विस बुक का अपडेशन एवं समय से वेतन की प्राप्ति, नवागंतुक ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए समस्त योजनाओं हेतु विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता, ई ग्राम स्वराज में ऑनलाइन भुगतान में आ रही समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया तथा उनके निराकरण की मांग शासन एवं प्रशासन के समक्ष रखने की बात की गयी। द्वितीय सत्र में निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में जनपद कार्यकारिणी का समस्त पदों हेतु निर्विरोध सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें समस्त उपरोक्त पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ कमल किशोर शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष सहायक विकास अधिकारी पंचायत सेवा संघ द्वारा दिलायी गयी। शपथ ग्रहण के पश्चात पूरे जनपद से आए ग्राम पंचायत अधिकारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से विभूषित करते हुए सांगठनिक जयघोष के उद्घोष के साथ माहौल को खुशनुमा बना दिया। उ0 प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप कुशवाहा ने जनपद से आए हुए समस्त ग्राम पंचायत अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान संघर्ष वर्ष में ग्राम पंचायत अधिकारियों की विभिन्न विभागीय समस्याओं के निराकरण हेतु समर्पित भाव से हम लोग जनपद से प्रदेश तक लक्ष्य प्राप्त होने तक अनवरत संघर्ष करते रहेंगे। जनपद के अधिवेशन में एडीओ पंचायत अशोक कुमार यादव,शिव ओम, सुनील कुमार सिंह और समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह द्वारा किया गया।

# दो बाइकों की आमने सामने टक्कर से,दोनों चालकों की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । बिसवां मार्ग पर रविवार देर रात दो बखरिया ईदगाह के निकट दो बाइक सवारों की बाइके आमनें सामनें टकरा गई, जिनमे ग्राम पंचायत मानपुर के मजरा ईश्वरी पुरवा थाना मानपुर निवासी रिंकू पुत्र स्वर्गीय बलवन्त(22) किसी रिश्तेदार को बाइक से न्योरियाबांक गांव को छोड़ने गए थे। वहां से वह वापस अपने घर आरहे थे। दूसरी बाइक पर सवार इलियास पुत्र गामा(35) निवासी ग्राम कौरासा निकट कंदुनी थाना रामपुर कला बाइक से तालगांव अपनी बहन के घर गया था वहीं से वापस आ रहा था। जैसे ही ये लोग सीतापुर बिसवां मार्ग पर बखरिया ईदगाह के पास पहुंचे दोनों बाइकों की टक्कर आमने-सामने हो गई। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायलों बिसवां इलाज के लिए भेजा गया। जहाँ इलियास को मृत घोषित कर दिया गया। रिंकू को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया अस्पताल ले जाते समय रास्ते के उसकी मौत हो गई।

ट्रेनी सीओ थाना (प्रभारी) अभिषेक कुमार ने बताया कि दोनों चालको की मौत हो गई है। पुलिस अग्रिम कारवाई कर रही है। बताते चलें कि यदि मौके पर पहुंचे पुलिस एस आई कबीर खान, रमेश जायसवाल, अंगद सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने यदि सक्रियता दिखाई होती तो शायद रिंकू की जान बच सकती थी ।

घटना स्थल पर मौजूद लोगों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि घटना के बाद तुरंत ही एक 112 पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुच गई थी। वह लोग केवल तमाशबीन बने रहे। इसके बाद जब मानपुर पुलिस मौके पर पहुंची तो किसी ऑटो से उसे बिसवां भेजा गया, जिसमे करीब एक से डेढ़ घंटे का समय गुजर गया। इस दौरान यदि पुलिस अपनी सरकारी गाड़ी से घायलों को लादकर अबिलंब अस्पताल पंहुचा देती तो रिकू की सांसें चल रही थी।हो सकता था जल्द इलाज हो जाने से उसकी जान बच जाती।

# हरिपालपुर पंचायत में भ्रष्टाचार का खेल, जिम्मेदार मौन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




**ग्राम पंचायत में सरकारी धन की बंदरबांट कार्यो में अनिमिताये**
**मनरेगा से लेकर वित्तीय धनराशि में बंदरबाँट का खेल जारी**

सीतापुर (ब्यूरो) । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत हरिपालपुर में भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में जमकर फर्जी हाजरी लगाई गई। कई ऐसे लोगों के नाम पोर्टल पर दर्ज हैं, जो कभी कार्य स्थल पर पहुंचे ही नहीं, फिर भी उनकी हाजिरी लगाई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत ने फॉगिंग, ब्लीचिंग, डीजल, पेट्रोल, दवा, प्रशासनिक व्यय, हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर , ठेलिया क्रय आदि के नाम पर भुगतान कराया गया जिसमें काफी अनिमिताये बर्ती गयी । वही फॉगिंग के नाम पर करीब 4 बार मे लगभग 71 हजार रुपयो का भुगतान कराया गया जबकि जमीनी हकीकत संदिग्ध दिखाई पड़ती है। यही नही नल मरम्मत व रिबोर के नाम पर करीब 7 बार मे लगभग 3.22 लाख रुपये का भुगतान कराया गया जिसमे काफी अनिमिताये बर्ती गयी है। जिसकी ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है , अब देखना यह है कि इस पूरे मामले की जांच होती है , या ऐसे ही भ्रष्टाचारियो को बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

## इंटिया शहीद चौराहे पर ऑटो-डीसीएम की टक्कर, युवक की मौत

बिसवां (सीतापुर)। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के इंटिया शहीद चौराहे पर सोमवार सुबह ऑटो और डीसीएम की जोरदार भिड़ंत में ऑटो सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सिधौली की ओर से बिसवां आ रहा ऑटो रिक्शा जैसे ही चौराहे पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही डीसीएम से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में थाना मानपुर के ग्राम कोड़रा निवासी मोहर्रम अली पुत्र गुलज़ार अली की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मोहर्रम रोज की तरह धर्मकांटे पर काम करने जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने डीसीएम और उसके चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिलाधिकारी ने बैडमिंटन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। 69वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता (बालक/बालिका) 2025-2026 का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज, बरेली के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम, बरेली में दिनांक 09 से 11 सितंबर, 2025 तक किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग सभी मंडलों और स्पोर्ट्स कॉलेजों को मिलाकर 17 टीमों ने अंडर 14, 17 और 19 बालक/बालिका वर्गों में प्रतिभाग किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में लखनऊ मंडल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जिसमें अपने जनपद सीतापुर से श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा की कक्षा 10 की छात्रा सुगंधी और कक्षा 08 की छात्रा आदर्शनी लखनऊ मंडल की टीम का हिस्सा बनी।

अंडर 14 बालिका वर्ग में लखनऊ मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें अपने जनपद सीतापुर से श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा की कक्षा 08 की छात्रा शगुन लखनऊ मंडल की टीम का हिस्सा बनी।

अंडर 19 बालिका वर्ग में लखनऊ मंडल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें अपने जनपद सीतापुर से श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा की कक्षा 10 की छात्रा चांदनी लखनऊ मंडल की टीम का हिस्सा बनी।

जिलाधिकारी ने सभी विजेता बालिकाओं और लखनऊ मंडल के टीम प्रशिक्षक तथा श्री रघुराज सिंह हायर सेकंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा के शारीरिक शिक्षक/क्रिस प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी का उत्साहवर्धन करते हुए और मेहनत एवं लगन से प्रयास करते रहने को कहा एवं राज्य स्तर पर जनपद का नाम रोशन करने के लिए सभी को बधाइयां दी। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यालय सहायक अजय कुमार शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# 21 कवियों का हुआ सम्मान, काव्य पाठ से गूंजा राष्ट्रीय पुस्तक मेला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बिसवां -सीतापुर । राष्ट्रीय पुस्तक मेला लखनऊ में जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को भुसुण्डि साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें भुसुण्डि साहित्य संस्थान द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने की व संचालन संदीप अनुरागी ने किया। श्री मृदु की आशु कविताओं को भरपूर तालियां मिलीं। उन्होंने श्रृंगार के मुक्तक सुना कर खूब वाहवाही बटोरी। रात ही रात हो केवल सुनहरा प्रांत ना पहुंचे। की दिन तक अगर उन तक हमारी बात ना पहुंचे। तो होती इस कदर उलझन किसी से कह नहीं सकते, हो जैसे पीठ में खुजली वहां तक हाथ ना पहुंचे।। इसके अतिरिक्त व्यंग्यकार विजय तन्हा, गीतकार डा इंदु अजनबी, वंदना ओजल, प्रगति सिंह, विकास मौर्य, विनीत तिवारी, नवल सुधांशु, सहित 21 कवियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी का काव्य पाठ भी हुआ जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। आयोजक ठहाका श्री अनिल बाके ने सभीका स्वागत किया तथा आभार प्रकट किया। श्री मृदु को सम्मानित किये जाने पर नगर व जनपद के साहित्यकारों, अधिवक्ताओं जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में एम एल सी पवन सिंह चौहान, विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष भजपा राजेश शुक्ला, राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष आनंद खत्री, घनश्याम शर्मा, अरविंद सिंह मधुप, विजय रस्तोगी, संदीप मिश्र सरस के नाम उल्लेखनीय हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर गरजा आंदोलन, विधायक अमन गिरि ने दी अगुवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला खीरी । गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर रविवार को गोला विधायक अमन गिरि सैकड़ों किसानों के साथ कुम्भी चीनी मिल के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। धरना शुरू होते ही क्षेत्र में किसानों की भारी भीड़ जुट गई और मिल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। धरने पर बैठे किसानों ने गन्ना भुगतान में हो रही देरी, मिल संचालन से जुड़ी दिक्कतें, किसानों को समय से पर्ची न मिलने और बिजली-पानी जैसी स्थानीय समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। विधायक अमन गिरि ने किसानों की ओर से मांगों को मजबूती से उठाते हुए कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। काफी देर तक चले धरने के बाद प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी से वार्ता कराई गई। सूत्रों के अनुसार, डीएम के साथ हुई बातचीत सकारात्मक रही और किसानों की प्रमुख मांगों के समाधान का आश्वासन दिया गया। इसके बाद धरना शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया गया। धरना खत्म होने के बाद किसानों ने विधायक अमन गिरि का आभार जताते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को लेकर पहली बार इतनी मजबूती से आवाज उठी है। इस घटनाक्रम को लेकर पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है। किसान उम्मीद जता रहे हैं कि प्रशासन जल्द ही उनके मुद्दों का स्थायी समाधान करेगा।

# डीएम अभिषेक आनंद ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, ऑपरेशन कायाकल्प एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कराये जायें। उन्होंने जिला टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप निरीक्षण सुनिश्चित करायें। जर्जर भवनों का नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुये ध्वस्तीकरण कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से देय धनराशि समय से पात्रों को उपलब्ध करायी जाये। जिन छात्रों के आधार कार्ड न होने के कारण डीबीटी की धनराशि नहीं प्रेषित की जा सकी है, उनके तत्काल आधार कार्ड बनवाये जायें। डीबीटी प्रकरण अधिक लंबित होने पर खंड शिक्षा अधिकारी पिसावां से जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरगांव को भी सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में सर्वाधिक लंबित प्रकरणों वाले विकास खण्डों पिसावां, गोंदलामऊ, परसेंडी एवं रामपुरमथुरा सहित सभी खण्ड विकास अधिकरियों को कड़े निर्देश दिए कि जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने वाले लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कराने तथा छात्र एवं अध्यापक उपस्थिति में सुधार के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत नामांकन प्रक्रिया समय से पूर्ण करायी जाये, जिससे पात्र छात्रों को लाभ मिल सके। पीटीएम को सभी विद्यालयों में व्यापक स्तर पर आयोजित कराने तथा पीटीएम के दौरान छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति के विवरण से उनके अभिभावकों को अवगत कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मानकों अनुरूप मिड-डे-मील बनवानें की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। समस्त प्रकार के भुगतान एवं मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये।

## लंबी बीमारी के बाद फारुख कुरैशी का निधन, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने जताया दु:ख

बिसवा (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा के तत्वाधान में वरिष्ठ एडवोकेट मो.अय्यूब कुरैशी के छोटे भाई मो.फारुख कुरैशी का लंबी बीमारी के चलते लखनऊ के निजी अस्पताल में निधन हो गया! मो.फारुख कुरैशी के निधन पर अधिवक्ताओं,समाज सेवी संगठनों एवं राजनैतिक दल के प्रमुख जनों में शोक की लहर दौड़ गई है! बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा के अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बार सभागार में शोक सभा आयोजित कर शोक संवेदना व्यक्त की गई! अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की! एडवोकेट मो.अय्यूब कुरैशी के छोटे भाई मो.फारुख कुरैशी के निधन पर संघ के वरिष्ठ एडवोकेट शमीम कौसर सिद्दीकी,अशोक कुमार पुष्प,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वर्मा,राज किशोर यादव,पुत्ती लाल वर्मा,सूर्य प्रसाद यादव,कैलाश नाथ श्रीवास्तव,नीरज कुमार श्रीवास्तव,इंतिखाब आलम सिद्दीकी,संतोष कठेरिया,प्रमोद यादव,प्रमोद श्रीवास्तव, अनमोल मौर्या,आशीष मिश्रा,फ़िरोज़ कौसर सिद्दीकी,विपिन कुमार यादव,शिशु पाल यादव,के.के. वैश्य,जितेंद्र कुमार मिश्रा,प्रवींन यादव,नावेद सिद्दीकी,अरुण श्रीवास्तव,अश्वनीश्रीवास्तव, राम किशोर वर्मा,प्रदीप विश्वकर्मा,गुंजन गोयल,प्रदीप कुमार गौतम,फूलचंद्र,अनुज यादव, क्षितिज मिश्रा,सुनील वर्मा,अंजलि वर्मा,प्रीती श्रीवास्तव आदि अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रधांजलि अर्पित की! इसी क्रम में बिसवा लायर्स एसोशिएशन बिसवा के सभागार में अध्यक्ष कम्लेंद्र बाजपेई व सचिव सत्य प्रकाश सिंह द्वारा शोक सभा आयोजित कर एडवोकेट मो. अय्यूब कुरैशी के छोटे भाई मो. फारुख कुरैशी के निधन पर सभी एडवोकेट द्वारा श्रधाजलि दी गई!

## संक्रामक रोग नियंत्रण के लिए फॉगिंग, एंटीलार्वा छिड़काव और सफाई अभियान तेज करने के आदेश

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सी0एम0 डैशबोर्ड पर विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि समस्त कार्यक्रमों एवं योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियानवित किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में खराब प्र्रगति हैं, उनमें खण्ड विकास अधिकारी नियमित रूप से समीक्षा कर सुधार कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बेहटा, हरगांव, सकरन, रामपुरमथुरा, मछरेहटा एवं गोंदलामऊ के खण्ड विकास अधिकारियों को प्रगति में सुधार के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि सुधार न होने पर जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने फैमिली आई0डी0 की प्रगति में सुधार हेतु सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप पत्रावलियां प्रेषित करने तथा रिवाल्विंग फंड दिये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों से समन्वय कर अधिक से पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। संक्रामक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु सभी खण्ड विकास अधिकारियों को फागिंग, एंटीलार्वा छिड़काव, सफाई आदि कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में संक्रामक रोगों के अधिक मामले मिलें, उनमें सघन अभियान चलाकर फागिंग, एंटीलार्वा छिड़काव, सफाई आदि करायी जाये। झाड़ियों की सफाई एवं कटाई भी कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक किया जाये तथा सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी आपसी समन्वय से गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मृतक सौरभ के परिवार को विधायक रोमी साहनी ने दी 50000 पचास हजार की मदद, और बंधाया ढांढस

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । भीरा क्षेत्र के ग्राम लालजीपुरवा में विगत एक सप्ताह से गुमशुदा सौरभ पुत्र विजय कुमार की लाश कल दिनांक 14/09/2025 को मिली थी। चार लोगों द्वारा उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी जिसमें 3 मुल्जिम गिरफ्तार हो गए हैं और एक मुल्जिम फरार है, इस घटना से पूरे क्षेत्र में काफी रोष है, विधायक रोमी साहनी मृतक सौरभ के अन्तिम संस्कार में पहुंचे, और अन्तिम संस्कार तक विधायक रोमी साहनी वही रुके रहे है एवं परिवार को हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया और सरकार से भी पूरी मदद कराने का आश्वासन दिया ।

## शराबी पति और देवरों की पिटाई से त्रस्त महिला को मिला इंसाफ, चारों आरोपी गिरफ्तार

धौरहरा (खीरी) कैनविज टाइम्स संवाददाता । घरेलू हिंसा और शराबी पति की प्रताड़ना से परेशान एक महिला को आखिरकार राहत मिली है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन देवरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पीड़िता शिल्पी, निवासी धौरहरा, ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति दीपक आए दिन शराब के नशे में उसे पीटता है और देवर गोलू, निकेत व विजय भी उसका साथ देते हैं। महिला का आरोप है कि सभी आरोपी न केवल उसे गालियाँ देते हैं, बल्कि खाने-पीने और कपड़े तक की व्यवस्था नहीं करते। पीड़िता का एक साढ़े तीन साल का बेटा भी है, जिसकी परवरिश की जिम्मेदारी भी उसी पर है। उसने बताया कि 13 सितंबर 2025 की रात करीब 8 बजे, पति और देवरों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 115, 352 और 351 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## हेलमेट सुरक्षा का ताज है: एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश शासन के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर परिवहन विभाग, सीतापुर द्वारा ल्नो हेलमेट ऽ नो फ्यूलङ्क विशेष अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी है। इस अभियान का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा को लेकर सचेत करना है। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में विभाग की दो टीमों ने सोमवार को सिधौली क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर जाकर बाइक सवारों को जागरूक किया। इस दौरान बिना हेलमेट ईंधन न दिए जाने की सख्त हिदायत दी गई। अभियान के तहत सोमवार को कुल 61 चालान किए गए। अब तक 6,578 से अधिक बाइक सवारों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति जागरूक किया जा चुका है। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि ल्हेलमेट सुरक्षा का ताज है। दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण सिर की चोट होती है। ऐसे में हेलमेट जीवन रक्षक की भूमिका निभाता है।

# समाज कल्याण मंत्री की घोषणा, कोटनाथ कुम्भी में 80 लाख से निर्मित होगा सामुदायिक भवन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## एकीकृत योजना से गाँव की सड़कों के लिए 50 लाख रुपये स्वीकृत

लखीमपुर खीरी । डबल इंजन की सरकार समाज में अंतिम पायदान पर खड़े नागरिकों के सर्वांगींण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है. इसी क्रम में मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के कोटनाथ कुम्भी में 80 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जायेगा. यहाँ की सड़कों के मरम्मत हेतु एकीकृत योजना के अंतर्गत 50 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है. ये बातें समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने सोमवार को कोटनाथ कुम्भी में बारा समाज के सम्मलेन में कहीं। मंत्री श्री असीम अरुण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विमुक्ति जातियों के उत्थान के लिए मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा पट्टे पर भूमि दिए जाने की घोषणा 31 अगस्त को आयोजित विमुक्त जाति दिवस पर की गयी है। इनको शिक्षा, रोजगार और स्वावलंबन के विभिन्न कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है। इनके लिए घुमंतू विकास बोर्ड और घुमंतू विकास मिशन बनाए जाने की घोषणा मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई है।

इसके बाद समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने साहबगंज स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का निरीक्षण किया. इस मौके पर उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी हासिल की. मंत्री श्री असीम अरुण ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालय में फिजिक्स की लैब को उच्चीकृत किया जाये. विद्यालय में पानी का बेहतर प्रबंध जल्द किये जाने का निर्देश भी विभागीय मंत्री ने दिया।

# एसओ समेत 25 पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी पर रोक, बड़ी कार्रवाई की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बदायूं में निर्दोष को फर्जी मुकदमे में फंसाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन एसओ, एसआई समेत 25 पुलिसकर्मियों के खिलाफ बिनावर थाने में बीते 10 जून को रिपोर्ट दर्ज की हुई थी**

बदायूं। निर्दोष को फर्जी मुकदमे में फंसाने के आरोपी एसओ समेत 25 पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ स्थानीय कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। बदायूं में निर्दोष को फर्जी मुकदमे में फंसाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन एसओ, एसआई समेत 25 पुलिसकर्मियों के खिलाफ बिनावर थाने में बीते 10 जून को रिपोर्ट दर्ज की हुई थी। मामला पुलिस महकमे का होने की वजह से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। इस बीच तत्कालीन एसओ समेत सभी पुलिसकर्मी हाईकोर्ट चले गए। कोर्ट ने छह माह तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अब उनकी गिरफ्तारी तय समय तक नहीं हो सकती। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव रहमा निवासी अधिवक्ता मोहम्मद तसलीम गाजी ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने 28 जुलाई 2024 को क्षेत्र के गांव कुतुबपुर थरा निवासी मुख्त्यार, विलाल, अजीत, अशरफ और तरनवीर को पकड़ा था। पुलिस सभी को थाने ले गई। उन्हें 48 घंटे तक हवालात में अवैध तरीके से बंद रखा। पुलिस ने 30 जुलाई को अपने सोशल मीडिया पर पांचों की गिरफ्तारी दिखाई। 31 जुलाई को एनडीपीएस के तहत तीन मुकदमे दर्ज कर लिए। उनसे डोडा की बरामदगी भी दिखा दी। इसको लेकर अधिवक्ता ने कोर्ट से थाने के सीसीटीवी की फुटेज, पुलिस प्रेस नोट व अन्य दस्तावेज तलब करने की मांग की। कोर्ट ने पुलिस को दस्तावेज व सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने का आदेश दिया। इससे पुलिस ने अधिवक्ता पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। एनकाउंटर की दी थी धमकी उन पर कानूनी कार्रवाई और एनकाउंटर की धमकी दी लेकिन कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 29 मई को बिनावर पुलिस को मुकदमे के आदेश दिए थे। पुलिस कोर्ट के आदेश को एक महीने तक दबाए बैठी रही। कोर्ट की अवहेलना की कार्रवाई से बचने के लिए अब तत्कालीन एसओ समेत 25 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। 90 दिन पूरे होने के बाद विवेचना में कुछ भी नहीं किया गया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिसकर्मी हाईकोर्ट चले गए। कोर्ट से उनको स्टे मिल गया। वहीं कई साल से एसओजी में डटे हैं पुलिसकर्मी कोर्ट के आदेश पर बिनावर थाने के तत्कालीन एसओ केके शर्मा, तत्कालीन क्राइम इंस्पेक्टर गुड्डू सिंह, उपनिरीक्षक शेरपाल सिंह, उपनिरीक्षक सुम्मेर सिंह, उपनिरीक्षक रामनाथ कन्नौजिया, कांस्टेबल योगेश कुमार, सुमित कुमार, विकास कुमार, शैलेंद्र गंगवार, मोहित कुमार, मनोज, चरन सिंह के अलावा एसओजी के तत्कालीन प्रभारी व उझानी कोतवाल नीरज मलिक, उपनिरीक्षक धर्वेंद्र सिंह, कांस्टेबल संजय सिंह, सचिन झा, विपिन कुमार, सचिन कुमार, मुकेश कुमार, सराफत हुसैन, आजाद कुमार, भूपेंद्र कुमार, कुशकांत, अरविंद कसाना, मनीश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वहीं एसओजी में तैनात एक पुलिसकर्मी की मारपीट की वीडियो वायरल हुई थी। जिसमें उच्च अधिकारियों के आदेश से कार्रवाई हुई। वहीं एसओजी टीम में कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो कई वर्षों से डटे हैं। उनकी आए दिन पुलिस अधिकारियों से शिकायतें होती रहती हैं। वहीं ऐसी घटनाओं को लेकर जिले के उच्च अधिकारी भी नाराज चल रहे हैं। जिसको लेकर कभी भी कोई बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

## होम निधि बने श्री वार्ष्णेय सभा के नगर अध्यक्ष

अनूपशहर। श्री वार्ष्णेय नगर सभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अक्रूर जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला गया।नगर स्थित श्री वार्ष्णेय धर्मशाला मेः श्री वार्ष्णेय नगर सभा की कार्यकारिणी सर्व सम्मति से गठित की गई। कार्यकारिणी में होमनिधि वार्ष्णेय अध्यक्ष, चंद्रकांत गुप्ता उपाध्यक्ष, भुवनेश वार्ष्णेय महासचिव, हेमंत वार्ष्णेय उप सचिव, अभय कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, ललित कुमार वार्ष्णेय को ऑडिटर बनाया गया। पालिकाध्यक्ष बृजेश गोयल तथा समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूलमाला पटका पहनाकर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष होमनिधि वार्ष्णेय ने कहा कि वे अपने 3 साल के कार्यकाल में पूरी टीम के साथ समाज को आगे बढ़ाने और मजबूत करने का काम करेंगे। दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष विनीत बंसल के नेतृत्व में टीम द्वारा श्री वार्ष्णेय नगर सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष होमनिधि वार्ष्णेय का विशेष सम्मान किया। यह जानकारी श्री वार्ष्णेय समाज के पुरोधा अशोक कुमार सर्राफ व राजकुमार नेहरू ने दी।

## कोषागार कार्यालय अस्थाई तौर पर तहसील सदर में स्थानांतरित, बिल्डिंग की होगी मरम्मत

**मुरादाबाद**। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कोषागार कार्यालय अब अस्थाई तौर पर तहसील सदर परिसर में संचालित होगा। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कोषागार कार्यालय में पुनर्निर्माण/ मरम्मत कार्य कराए जाने हैं, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर कोषागार कार्यालय को मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक तहसील सदर में स्थानांतरित किया गया है। मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने बताया कि 15 सितंबर 2025 से कोषागार का संचालन तहसील सदर मुरादाबाद से किया जाएगा इसलिए सभी पेंशनर्स और आहरण वितरण अधिकारी कोषागार से जुड़े शासकीय कार्यों के लिए तहसील सदर मुरादाबाद में प्रथम तल पर स्थापित अस्थाई कार्यालय में संपर्क करें।

## विद्यार्थियों को बताएं दांत सुरक्षा के उपाय

**अनूपशहर**। एलडीएवी इंटर कालेज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत दांतों का स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं के दांतों का परीक्षण किया। सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एलडीएवी इंटर कालेज में शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने फीता काटकर किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अनूपशहर के प्रभारी डा. पी के मिश्रा के निर्देशन में दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डा.सचिन सिंह, डा. अंजू गौड़, डा.सुशांत सिंह, जावेद खान और सहयोगी स्टाफ ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के दांतों का परीक्षण किया। और उन्हें दवाएं देकर मुख की स्वच्छता, आहार परामर्श, ब्रश करने के सही तरीके, तंबाकू का उपयोग न करने एवं ओरल कैंसर के विषय में जागरूक किया। विद्यार्थियों तथा परिवार के लोगों को तंबाकू उपयोग न करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों के मध्य ओरल हाइजीन विषय पर चित्रकला एवं स्लोगन लेखन की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें माही सैफी प्रथम, जाकिया सैफी द्वितीय तथा लेखनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दांत एवं मुख की स्वच्छता और स्वास्थ्य का सर्वोत्तम पुरुस्कार कु. मिस्टी को प्राप्त हुआ। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्तिपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेल्थ क्लब प्रभारी डा. गौरव कुमार गौड़, अखण्ड प्रताप सिंह, अभय सिंहा, संतोष कुमार सिंह, धीरज कुमार, भुवनेश कुमार, दिगंबर सिंह, कौटिल्य कुमार, कौशल कुमार, अंजलि पंवार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## किसान पुत्र ने आम के पेड़ से लटक कर की आत्महत्या

**अनूपशहर**। ग्राम सिरौरा में किसान ने आम के पेड़ पर लटककर आत्म हत्या कर ली। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजनों को सुपुर्द कर दिया।कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया है कि रविवार को देर शाम गांव सिरौरा में 34 वर्षीय नसीम पुत्र नूरमोहम्मद ने गांव से 600 मीटर दूर स्थित अपने आम के बाग में पेड़ से लोहे के तार से लटककर आत्म हत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक नसीम शाम 6 बजे खेत पर जाने को कह कर गया था। देर शाम मृतक नसीम घर नहीं आया। नसीम के पिता खेतों पर नसीम को देखने गए। वहां नसीम का शव आम के पेड़ से लटका हुआ दिखाई दिया। स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है। अभी तक कोई तहरीर नही दी गई है।

## प्रतिबंधित पशु के अवशेष कुएं में फेंके, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूँ**। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव अनंदीपुर के जंगल में तस्करों ने प्रतिबंधित पशु के अवशेष कुएं में डाले। रविवार सुबह ग्रामीणों ने कुएं में प्रतिबंधित पशु के अवशेष देखे। सूचना के बाद विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ता और पशु प्रेमी मौके पर पहुंचे और हंगामा करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कुएं से अवशेष निकलवाकर कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। एसआई रामायण सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ गौवध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पशु प्रेमियों और संगठनों के कार्यकर्ताओं का कहना था कि मांस तस्कर घुमंतू पशुओं को लगातार निशाना बना रहे हैं। उनका वध कर मांस भर कर तस्कर ले जाते हैं। आरोप है कि बरामद अवशेष उन्हीं पशुओं के हैं। उन्होंने प्रशासन पर भी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। सहसवान पुलिस कहना है कि अवशेष किन पशुओं के हैं और कितने पुराने हैं, इसकी जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, पशु प्रेमी विभोर शर्मा, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष करन दक्ष, गौरव आदि मौजूद रहे।

## तीस लाख की चोरी के मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**बदायूं**। 30 लाख की चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बनेई के रहने वाले मोहम्मद हफीज के घर में 26 जुलाई की रात को चोरों ने चोरी की। कई महीनों तक खुलासा नहीं हो सका था। एसएसपी ने टीम लगाकर घटना का खुलासा किया। इसके बाद चोरों को जेल भेजा था। अब चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामला कोर्ट में चलेगा। थाना क्षेत्र के गांव बनेई निवासी मोहम्मद हफीज ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि उनके बेटे जहीम, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद नईम व मोहम्मद आजम दिल्ली में रहकर जींस पैंट का व्यापार करते हैं। सभी लोग गांव बनेई में परिवार सहित रहते हैं। सभी बच्चे दिल्ली चले गए थे। वह अकेला ही घर पर रह गया। अचानक नाजिम की पत्नी बीमार हो गई जिसे लेकर बेटे नाजिम के साथ 26 जुलाई की शाम को घर पर ताला लगा कर चले गए। सुबह को गांव से सूचना मिली कि रात में दरवाजे का कुंडा तोड़कर चोर ने घर में रखा तीनों भाइयों और नाजिम का जेवर, नकदी, कपड़ा आदि चोरी कर लिए हैं। सूचना पर बेटे और अन्य परिजन घर पहुंचे तो आभूषण समेत करीब 30 लाख रुपये का माल चोरी मिला। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर कोर्ट में दाखिल कर पैरवी शुरू की है।

## युवक को शराब पिलाकर पीटा, मारने की कोशिश, वीडियो वायरल

**बदायूं**। आमगांव के जंगल में चार लोगों ने बृहस्पतिवार की शाम को साथ बैठकर शराब पी। नशे में होने के बाद एक युवक को जान से मारने की कोशिश की गई है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव आमगांव निवासी गिरीश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि नौ सितंबर को गांव के ही राकेश, अखिलेश, मिथुन और राघवेंद्र बेटे अरुण कुमार को घर से बुलाकर ले गए। आरोप है कि चारों लोगों ने बेटे को शराब पिलाकर नशे में कर दिया। इसके बाद उसको जान से मारने की कोशिश की। उसके सीने पर बैठकर गला दबाकर जाने लेने की कोशिश की। गांव के ही लोगों ने देखकर बचाया और वीडियो बनाकर उसको वायरल कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## गुन्नौर थाना परिसर से लावारिश वाहनों की नीलामी, 2.01 लाख राजकोष में जमा

संभल/बबराला। थाना गुन्नौर में शनिवार को लावारिश वाहनों की नीलामी कराई गई। थाना परिसर में खड़े 10 वाहनों जिनमें एक अल्टो कार, एक सुजुकी जेन कार और आठ मोटरसाइकिलें शामिल थीं। की नीलामी दोपहर 2 बजे खुले प्रांगण में शासनादेशों व नियमों के अनुसार की गई। इस प्रक्रिया में विभिन्न जनपदों से आए 11 पंजीकृत स्क्रैप डीलरों ने भाग लिया। संभागीय परिवहन कार्यालय द्वारा वाहनों का न्यूनतम मूल्यांकन 1,18,000 रुपये किया गया था, जबकि नीलामी से कुल 2,01,426 रुपये की वसूली हुई। यह धनराशि नियमानुसार राजकोष में जमा कराई जा रही है और वाहनों की सुपुर्दगी व अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# समाज को संगठित होने की बहुत आवश्यकता: विधायक महेश चंद गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा समाज को संगठित होने की बहुत आवश्यकता है**

बदायूँ। श्री सर्व वैश्य गरिमा मंच की स्थापना दिवस के अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघन शाह के निर्देशानुसार कार्यकारणी विस्तार का कार्यक्रम बदायूं गुरुद्वारा हॉल मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता एवं विशिष्ठ अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक भारतीय के द्वारा मां शारदे एवं समाज के महापुरुषों के दीप प्रज्ज्वलित कर चित्र पर पुष्प माला पहना कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा समाज को संगठित होने की बहुत आवश्यकता है। समाज में ऐसे कार्यक्रम समाज के उत्थान के आवश्यक है मै समाज साथ हूं।मंच प्रदेश अध्यक्ष शिवस्वरूप गुप्ता ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियां में तेरहवीं भोज की परम्परा में बदलाव लाकर सूक्ष्म स्तर पर किया जाना चाहिए साथ रात्रि में विवाह पद्धति को बढ़ावा नहीं देना चाहिए बल्कि दिन विवाह सम्पन्न करने पर जोर देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कार्यकारणी विस्तार में प्रदेश महामंत्री पद पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक भारती एवं प्रदेश मंत्री के पद पर संजीव गुप्ता उझानी मनोनीत किया गया। साथ ही युवा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद पर ध्रुव देव गुप्ता एवं सर्वेश चंद्र गुप्ता को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया , प्रदेश महासचिव शैलेश माहेश्वरी जो मनोनीत किया गया। बदायूं जिले के पद पर राजीव गुप्ता संत मोटर्स एवं योगेश वार्ष्णेय बिल्सी को जिला महामंत्री बनाया गया एवं पद नगर कार्यकारणी में नगराध्यक्ष बदायूं भगवान स्वरूप गुप्ता भोले, नगर महामंत्री नितिन गुप्ता विजय गुप्ता सर्राफ नगर कोषाध्यक्ष बदायूं अखिल गुप्ता नगर उपाध्यक्ष को मनोनीत किया गया। मंच का संचालन ध्रुव देव गुप्ता ने और सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेश चंद्र गुप्ता, अजय गोयल, कृष्णदेव चाणक्य, संजीव गुप्ता, रविन्द्र वार्ष्णेय, राकेश गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, राजीव वैश्य, अखिलेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, योगेश वार्ष्णेय, दिलीप गुप्ता एड अरविंद गुप्ता एड सुधीश गुप्ता नवनीत गुप्ता आकाश कुमार गुप्ता, शिवम गुप्ता, अनुज गुप्ता, शिवनारायण वैश्य, नितिन गुप्ता, भास्कर गुप्ता, राकेश रमण गुप्ता, ओमकार गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, भगवान स्वरूप गुप्ता, रोहित गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, विनय गुप्ता, आमोद गुप्ता, अजीत गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, मुकेश गुप्ता आदि सैकडों की संख्या में उपस्थित रहे।

# विकास खण्ड पवांसा में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिलाधिकारी महोदय के दिशा निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 15.09.2025 को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी श्री अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड पवांसा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। बाल विकस परियोजना विभाग से श्री शैलेन्द्र भारद्वाज किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता खेमपाल सिंह ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुये इन योजनाओ के अन्तर्गत पात्र बालको को नियमानुसार लाभान्वित करने हेतु कहा गया। 1098, 181, 112, 1076, 108, 102 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत रूप मे बताते हुये इन सभी को प्रयोग हेतु कहा गया। सहायक विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से नेमपाल सिंह, कार्यालय सहायक, मुल्कि सिंह, प्रवेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# एमसीएच बीगां इंचार्ज को गोली मारने की धमकी, एसएसपी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**बदायूँ**। जिला महिला अस्पताल में आए दिन कोई ना कोई मामले सामने आते रहते हैं। वहीं अस्पताल के कर्मचारियों की दबंगई और जान से मारने का मामला सामने आया है। वहीं जिला महिला अस्पताल में इंचार्ज एमसीएच बीगं के पद पर तैनात मोहम्मद तारिक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देखकर कार्यवाही की मांग की है। आपको बता दें कि ठेके पर कार्यरत एक कर्मचारी अस्पताल में धोबी पोस्ट पद पर है। वहीं उस पर आरोप है कि वह कर्मचारी अपने कार्य को बाहर के आदमी से करवाता है। जब इसका विरोध किया गया तो इंचार्ज को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं आरोप है कि अगर कहीं शिकायत की गई तो गोली से मार देंगे। वहीं पीड़ित इंचार्ज ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र के माध्यम से कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अस्पताल के कर्मचारियों की दबंगई कोई नई नहीं है। आए दिन कोई ना कोई शिकायतें आती रहती है। जिसको लेकर अस्पताल के उच्च अधिकारी आर्थिक लाभ लेकर के शिकायती पत्रों को दवा देते हैं।वही इस मामले को लेकर सीएमओ से भी शिकायत की गई है। वहीं आरोप यह भी है कि कर्मचारियों शराब पीता है और आए दिन लोगों से बदतमीजी करता है।

# इण्डियन सबकान्टिनेंट रिस्पान्सिबल टूरिज़्म अवार्ड्स से सम्मानित हुआ कारीकोट

**नई दिल्ली में सीडीओ, ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी हुए सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**बहराइच** । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में देश की राजधानी नई दिल्ली में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, ग्राम विकास अधिकारी सुशील सिंह एवं ग्राम प्रधान पार्वती देवी को पर्यटन विभाग द्वारा माननीय मंत्री सत्यपाल जी महराज के हांथों से विकास खण्ड मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत कारीकोट को प्रतिष्ठित 2025 आईसीआरटी इन्टरनेशनल सेन्टर फार रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म के अंतर्गत इण्डियन सबकान्टिनेंट रिस्पान्सिबल टूरिज़्म अवार्ड्स में ''पीस अंडरस्टैंडिंग एण्ड इन्क्लुसिविटी'' (शांति समझ और समावेशिता) श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया जो देश के साथ उत्तर प्रदेश व जनपद बहराइच के लिय गौरव की बात हैं यह सम्मान इस बात का भी प्रमाण है कि जब समुदाय नेतृत्व करता है और पर्यटन साधन बनता है, तब गाँव न केवल बदलते हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान भी हासिल करते हैं।ग्राम पंचायत कारीकोट, जो नेपाल सीमा और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के समीप स्थित है, ने सामुदायिक नेतृत्व के माध्यम से पर्यटन को शांति, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विविधता और पर्यावरणीय संतुलन का साधन बनाया है। इससे ग्राम पंचायत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने के साथ ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जो हमारे लिय गौरव का विषय हैं। यहाँ थारू समुदाय, हिन्दू, सिख और मुस्लिम परिवार मिलकर ग्रामीण पर्यटन को समावेशी और सतत रूप दे रहे हैं।उत्तर प्रदेश की सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण पर्यटन को प्रदेश की नई पहचान बनाया जाए। सरकार का मानना है कि गाँव केवल कृषि और परंपराओं के केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और सामाजिक समरसता के जीवंत प्रतीक हैं। इसी सोच के साथ चरणबद्ध तरीके से चलाए जा रहे ग्रामीण पर्यटन अभियान के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न गाँवों को ल्लआकर्षण के नए केंद्रङ्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ पर्यटक न केवल प्रकृति और परंपराओं से जुड़ सकें बल्कि स्थानीय युवाओं और महिलाओं को भी रोजगार और आजीविका के अवसर प्राप्त हों।

# निर्माण कार्यों का शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा करें कार्यदायी संस्थाएं: डीएम

**जिलाधिकारी अवनीश राय ने मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित संबंधित कार्यदायी संस्थाओं तथा अधिकारियों के साथ 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं सड़क निर्माण के कार्यों के साथ मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की भी गहन समीक्षा की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने निर्देश दिए हैं कि जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण कर शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभाकक्ष में जिलाधिकारी अवनीश राय ने मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित संबंधित कार्यदायी संस्थाओं तथा अधिकारियों के साथ 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं सड़क निर्माण के कार्यों के साथ मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की भी गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन परियोजना निर्धारित अवधि में प्रत्येक दशा में पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उनके हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण करते हुए संबंधित विभागां को हंस्तांतरण की जाएं। यदि किसी परियोजना में धनाभाव की कोई समस्या आ रही है तो ऐसे प्रकरणों में पत्र भिजवाकर मांग की जाए।जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन कार्यक्रमों/योजनाओं में प्रगति कम है उन कार्यक्रमों में प्रगति करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा गौशाला निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित अवधि में लक्ष्य पूर्ण किया जाए। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने राज्य पोषण मिशन शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति के अन्तर्गत उनके कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरूण कुमार सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी एवं निर्माण कार्यों की कार्यदायी संस्थाएं मौजूद रहे।

# श्राद्ध तर्पण से प्रसन्न होते हैं पितर: यज्ञआचार्य संजीव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। श्राद्ध पक्ष के पवित्र दिनों में लोगों ने अपने पूर्वजों को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पारंपरिक श्रद्धा और भक्तिभाव से श्राद्ध-तर्पण किया। धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रों के साथ विशेष पूजा-अर्चना की, यज्ञ भगवान को आहुति दीं और अपने पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। पिंडदान और अन्नदान कर पितरों को तृप्त किया। श्राद्ध पक्ष में बड़ी संख्या में लोगों ने पवित्र नदियों, सरोवरों और तीर्थ स्थलों पर स्नान कर पिंडदान किया। पिंडदान के बाद देवताओं, गायों, श्वानों, कौओं और यहाँ तक कि चींटियों के लिए भी भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि ऐसा करने से पितर संतुष्ट होते हैं और आशीर्वाद देते हैं। यज्ञ स्थल वैदिक मंत्रों की गूंज से गूंजते रहे। इस दौरान विशेष यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया। गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की गूंज से वातावरण आध्यात्मिक और पावन बन गया। यज्ञाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्राद्ध-तर्पण से पितर प्रसन्न होते हैं। उनके अनुदान और वरदान से परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि श्राद्ध केवल कर्मकांड भर नहीं है, बल्कि यह अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। यह परंपरा हमें हमारी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखती है और हमें यह संदेश देती है कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियां अपने अतीत को कभी न भूलें। उन्होंने कहा कि पितरों की कृपा से परिवार की हर समस्या का समाधान होता है। श्राद्ध पक्ष में पूर्वजों को तर्पण और दान देने से उनके आशीर्वाद से जीवन में खुशहाली आती है। कई परिवार जरूरतमंदों को वस्त्र और अन्नदान कर पुण्य अर्जित करते हैं।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

रायबरेली। आबकारी आयुक्त उप्र प्रयागराज से प्राप्त निर्देशों एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 की टीम द्वारा तहसील सदर क्षेत्र में दबिश दी गई।दबिश की कार्यवाही ग्राम भेड़न का पुरवा तथा कल्याणपुर रैली में संचालित की गई, जहाँ अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों एवं संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की तथा लगभग 350 किलोग्राम महुआ लहन को मौके पर नष्ट किया। कार्रवाई के क्रम में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 3 अभियोग पंजीकृत किए गए।जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# नो हेलमेट नो पेट्रोल रस्म अदायगी बना अभियान,बिना हेलमेट मिल रहा पेट्रोल

**कार्रवाई को लेकर पुलिस व परिवहन विभाग व प्रशासनिक विभागों में आपसी सामंजस्य न होने के कारण वाहन चालक बेखौफ हो बिना हेलमेट के ही पेट्रोल पंपों पर आसानी से पेट्रोल भरवा रहे हैं।**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। जिम्मेदारों की लापरवाही से नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान रस्म अदायगी तक सिमट गया है। कार्रवाई को लेकर पुलिस व परिवहन विभाग व प्रशासनिक विभागों में आपसी सामंजस्य न होने के कारण वाहन चालक बेखौफ हो बिना हेलमेट के ही पेट्रोल पंपों पर आसानी से पेट्रोल भरवा रहे हैं। पंप संचालकों के स्तर प र भी सिर्फ अभियान से जुड़ा बैनर लगा कर ही अपनी हिस्सेदारी जताई जा रही है।अब तक के वल ट्रैफिक पुलिस विभाग के स्तर पर ही कुछ वाहन चालकों के खिलाफ चालान काटने की कार्रवाई हुई है।जिले में करीब सैकड़ो से अधि क पेट्रोल पंप हैं।जिन पर रोजाना एक लाख से अधिक लोग हर दिन पेट्रोल भरवाने पहुंचते हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नो हेलमेट,नो पेट्रो ल अभियान के तहत शासन स्तर से बिना हेल मेट के पंपों पर पेट्रोल बेचने पर रोक लगाई गई है।इसके तहत सभी पेट्रोल पंपों पर नोटिस च स्पा करने के साथ ही बिना हेलमेट के पेट्रोल न मिलने के बैनर लगाए गए हैं।लेकिन ये सिर्फ कागजो तक सिमटे अभियान के कारण जिले के ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के ही वाहन चालकों को आसानी से पेट्रोल मिल रहा है।कई पंपों से तो अभियान से जुड़े बैनर पोस्टर तक गायब हो गए हैं।एक सितंबर से संचालित अभियान के दौरान खाद्य एवं रसद विभाग को पेट्रोल पंपों पर समन्वय व निगरानी करने, सूच ना एवं जनसंपर्क विभाग को जागरूकता फैला ने व पेट्रोल डीलर एसोसिएशन को सहयोग देने के लिए कहा गया था।जमीनी तौर पर इसका कोई असर नहीं दिखता है।शहर में गोंडा बहरा इच रोड ग़ल्ला मंडी के स्थित जिओ के पेट्रोल पम्प के साथ ही अधिकांश पंपों पर अभियान का कोई असर नहीं दिख रहा है।सभी जगह दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट न होने पर भी बिना रोकटोक पेट्रोल दिया जा रहा है।

## दूसरे का हेलमेट मांग कर चला रहे काम

जिन पंपों पर कर्मचारी थोड़ी सख्ती करते हैं वहां पर वाहन चालक दूसरे सवार से पेट्रोल भरवाने के लिए हेलमेट मांग कर काम चला रहे हैं।कई पेट्रोल पंप पर तो ऐसे वाहन चालकों के लिए अलग से हेलमेट की व्यवस्था तक की गई है।इसे लगा कर पेट्रोल भरवाने के बाद हेलमेट वापस कर दिया जाता है।जाइए पंप संचालकों का कहना है कि यदि हम बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देंगे तो दूसरे पंप से वाहन चालक पेट्रोल भरवा लेते हैं।ऐसे क्या में पूरी तरह सख्ती होने पर ही अभियान सफल बनेगा।

# पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार कब्जे से चोरी का समान बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्रा धिकारी सदर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मोतीगंज पुलिस ने आरोपी अभियुक्त गदोई उर्फ संतराम पुत्र स्व.हरिराम वर्मा को सुहेलवा मौजा नौबरा थावा मोतीगंज को आयु ष्मान आरोग्य मन्दिर नौबरा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है।बताते हैं कि वादी राहुल ढाका सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी व आरती मिश्रा एएनएम आयुष्मान आरोग्य मंदिर नौबरा के द्वारा थाना मोतीगंज में लिखित तहरीर दी थी 06 सितंबरको ड्यूटी समाप्ति के पश्चात केन्द्र का ताला बं द कर हम अपने आवास चले गए थे।सितंबरआठ को केन्द्र पहुँचने पर देखा कि आफिस का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरो द्वारा बैटरी इन्वर्टर, वजन मशीन (व्यस्क एवं बच्चों)एम्बू बैग, प्रिंटर रिवाल्विंग पेपर, नेबुलाइज़र,बी.पी.मशीन,शुगर मशीन, एच.बी. मीटर, इमरजेंसी एलईडी लाइट, टेबल स्टैंड डिस्क,मॉपिक बकेट,टेबल फैन, चो री कर लिया गया है।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोतीगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था,15 सितंबर को मोतीगंज पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त गदोई उर्फ संतराम को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर नौबरा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# हादसे के बाद जागा जिला प्रशासन, जांच समिति गठित

**जिला प्रशासन अब सक्रिय हो चुका है और घटना की वास्तविकता पता करने हेतु एक जांच समिति गठित कर दिया है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के राजेंद्र नगर, मेवतियान मोहल्ले में पूरे नूरी मस्जिद की गली में रविवार की दोपहर एक जर्जर (पुराना) मकान को तोड़ते समय अचानक मकान की छत गिर जाने से तीन लोग घायल हो गए थे, वहीं एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जिला प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित कर दी है।ताकि भवि ष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए।

जानकारों की माने तो नगर पालिका पर क्षेत्र में किसी भी पुराने अथवा जर्जर मकान को ध्वस्त किए जाने से पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा भवन की जांच कर कर रिपोर्ट लगाई जाती है कि उपरोक्त भवन जर्जर है और ध्वस्तीकरण की कार्यवाही किए जाने लायक है, किन्तु उक्त मकान को गिराने से पहले यह कार्रवाई नहीं की गई। वहीं गोंडा जिला प्रशासन तब सक्रिय हुआ,जब उपरोक्त घटना घट गई।

फिलहाल जिला प्रशासन अब सक्रिय हो चुका है और घटना की वास्तविकता पता करने हेतु एक जांच समिति गठित कर दिया है। जिसमे अध्यक्ष नगर मजिस्ट्रेट, सदस्य अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी,अपर उप जिला मजिस्ट्रेट द्वितीय एवं क्षेत्राधिकारी शामिल है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि गठित समिति सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर विस्तृत रिपोर्ट एक पक्ष के भीतर प्रस्तुत करे।

## हिंदुस्तान ओलंपियार्ड में एसजेएस पब्लिक स्कूल ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से किया विद्यालय का नाम रोशन

महराजगंज, रायबरेली। एसजेएस महराजगंज की कक्षा 10 की छात्रा कशिश सिंह ने जेसी सप्ताह के अंतर्गत 12 सितम्बर 2025 को जनपद मुख्यालय रायबरेली में आयोजित बात-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र की उपलब्धि पर जेसीआई रायबरेली ने प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर उत्साहित किया। छात्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव एवं समस्त अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को दिया। विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने छात्रा की हौसला-अफजाई करके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ नित नये आयामों को छूने का आशीर्वाद प्रदान किया एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को अपनी शुभकामनाएं दी।

# सरकारी जमीन पर दबंगों ने कर रखा है कब्जा,अटके विकास कार्य,डीएम से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत वि कास खण्ड रूपईडीह में लैबुड़वा ग्राम पंचायत के प्रधान ने कमिश्नर और डीएम से शिकायत की है।यहां पर ग्राम समाज की जमीन पर पंचा यत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हो ना है।इसके लिए भूमि भी उपलब्ध है,और उक्तसरकारी जमीन पंचायत भवन और आंगनबाड़ी के नाम कागजों में दर्ज है,जिस पर प्रधान ने ब ताया कि गांव के की कुछ दबंग किस्म के लोग गांव में सरकारी जमीनों पर लोगों ने कब्जा कर रखा है।लेकिन उक्त जमीन पर गाँव के ही चन्द्र कुमार हितेश,धीरेंद्र कुमार ने जमीन पर कब्जा कर रखा है,उक्त कब्जे को हटवाने के लिए गाँव के प्रधान ने जिलाधिकारी को 18 अप्रैल को एक प्रार्थना पत्र दिया था,जिस पर अतिक्रमण हटाने के लिए नायब तहसीलदार बिरवा के नेतृ त्व में 01 जून 2025 को एक टीम गठित की गई थी टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो दबंगों ने विपक्षीगढ़ से मारपीट करने लगे और सरका री अभिलेख छीन लिया।जिस राजस्व निरीक्षक ने कौड़िया थाने में तीन लोगों के खिलाफ सर कारी कार्य में बाधा मारपीट गाली गुप्ता देने के आरोप में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।लेकिन उक्त जमीन पर आज भी दबंगों ने कब्जा कर रखा है जिससे कि गांव में होने वाले विकास कार्य आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन आधर में लटका पड़ा हुआ है।और इसके लिए भूमि भी है,लेकिन उस पर अवैध कब्जा कर लिया गया है।मामले की शिकायत कमिश्नर और डीएम से की गई है।

# नवरात्रि कार्यक्रमों को लेकर अष्टभुजा दुर्गा मंदिर समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डी. कान्त श्रीवास्तव ने की। इस दौरान आगामी नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि इस बार भी मंदिर परिसर की सजावट पूर्व परंपरा के अनुसार की जाएगी साथ ही सायंकालीन आरती व प्रसाद वितरण के लिए नगर के सम्मानित नागरिकों से 21 सितम्बर से पूर्व संपर्क कर सहयोग की सूची तैयार की जाएगी। कार्यक्रमों की जिम्मेदारी इस प्रकार तय की गई। 27 सितम्बर (पंचमी) : कन्या पूजन का दायित्व अभिलाष श्रीवास्तव को दिया गया। 28 सितम्बर (षष्ठी) : भगवान रूप सज्जा एवं सनातन धर्म ज्ञान प्रतियोगिता की जिम्मेदारी अमित पाण्डेय को सौंपी गई। 29 सितम्बर (सप्तमी) : गरबा व डांडिया कार्यक्रम के साथ ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें तीन-तीन श्रेष्ठ स्त्री एवं पुरुष प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी अंकुर, शेफाली, डॉ. वीरांगना कान्त, अमित पाण्डेय व हर्ष गुप्ता को दी गई। 30 सितम्बर (अष्टमी) : मैया की गोद भराई का आयोजन संतोष पाण्डेय और राम गोपाल मिश्रा द्वारा सम्पन्न होगा। 1 अक्टूबर (नवमी) : हवन पूजन एवं भंडारा प्रसाद का आयोजन सर्वसम्मति से तय किया गया।

बैठक में बीते वर्ष हुए व्यय पर भी चर्चा की गई और आगामी खर्चों की व्यवस्था हेतु भक्तजनों से सहयोग प्राप्त करने के लिए मंदिर के बैंक खाते का बारकोड सहित बैनर नवरात्रि से पूर्व लगाया जाएगा। अगली बैठक 21 सितम्बर (रविवार) शाम 5 बजे आयोजित होगी, जिसमें कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर महाआचार्य पं. राम उजागर मिश्र, अभिलाष श्रीवास्तव, डॉ. वीरांगना कान्त, अमित पाण्डेय, हर्ष गुप्ता, अशोक पाण्डेय, राम समुज वर्मा, रवि कान्त श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय व राम गोपाल मिश्रा समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा की बिक्री हुई प्रतिबन्धित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी बहराइच/श्रावस्ती डॉ. सरोज शंकर राम ने बताया कि निदेशक आयुर्वेद सेवायें उ.प्र. लखनऊ द्वारा मेसर्स डॉ. विश्वास आयुर्वेदिक इण्डस्ट्रियल प्रा.लि. अम्बाला हरियाणा द्वारा निर्मित औषधि विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा की बिक्री को औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम-1940 की धारा-33 ई.ई के अंतर्गत सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। डॉ. राम ने बताया कि जनपद के किसी भी मेडिकल स्टोर/आयुर्वेदिक संस्थान/निजी क्लीनिक द्वारा प्रतिबन्धित औषधि की ब्रिकी करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक की जायेगी।

# ड्रोन व चोरों की दहशत से रात भर नहीं सो रहे ग्रामीण,दे रहे पहरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। इन दिनों गोण्डा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का आतंक बढ़ गया है।लोग रात भर पह रा देकर अपने गांवों की रक्षा कर रहे हैं।पशु चो रों के भय से ग्रामीण परेशान हैं पुलिस गश्त ब ढ़ाने की मांग कर रहे है।इनदिनों जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे व चोरों की दहशत से नींद उड़ी हुई है।रात भर गांव के लोग पहरा देकर अपने-अपने गांव की रखवाली कर रहे है गांवों में इन दिनों पशु चोरों की दहशत से अधि कांश लोग परेशान है।इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति रास्ता भटक क़र दूसरे गाँव में पहुंच गया था,जो मानसिक रूप से बीमार युवक को चोर समझकर ग्रामीण पीट चुके है।जिले के था ना क्षेत्रो में तमाम ग्रामीण रात भर जाग कर चो रों से रखवाली कर रहे हैं।सबसे ज्यादा दिक्क़्त ग्रामीणों को हो रही हैं।चोर कब और कहां पर घुस जाए।इस तरह की अफवाहें आना शुरु हो जाती है।रात भर जाग कर अपने व जानवरों को सुरक्षित रख रहे हैं।जिले के तमाम गांव में लोग परेशान हो चुके हैं वही पुलिस गस्त करती हैं।कई गाँवो में तो ग्रामीणों ने टोली का गठन किया हैं।वही गांव की गलियों में पुरूष एवं छ तों पर महिलाएं जगार कर रहीं हैं।चोरों के भय से रात्रि में ग्रामीण पहरा देते हैं व ग्रामीणों की ओर से पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की क़र रहे है।ग्रामीणों का कहना है पुलिस के सायरन की आवाज सुनते ही अधिक हिम्मत बनी रहती है। कई दिनों से चोरों के आने का आभास हो रहा था।सीओ सिटी आनंद राय का कहना हैं कि अफ़वाहों पर ध्यान न दे। पुलिस की ओर से लगातार गश्त किया जा रहा हैं।यदि कही कोई से कोई सूचना दी जाती हैं।पुलिस मौके पर पहुं च रही है।इससे सुरक्षा की जा सके।

## नानपारा में दुर्गा पूजा तैयारियों को लेकर हुई अहम बैठक



नानपारा, बहराइच। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति नानपारा की अहम बैठक विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता ने की, जबकि संचालन का दायित्व दिलीप जायसवाल ने निभाया। इस बैठक में नगर की दो दर्जन से अधिक समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक के दौरान प्रशासन से कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। इसमें गोयल तिराहे के पास बने डिवाइडर को तत्काल हटाने, पूरे पर्व के दौरान मांस, मछली, अंडा व उससे बनने वाली सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने तथा नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने की बात शामिल रही। इसके अलावा सभी पूजा पंडालों में सफाई, सुरक्षा, चूनाकारी और विशेष रूप से विसर्जन के दिन शाम 4 बजे से लेकर कार्यक्रम सम्पन्न होने तक नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट जलाए रखने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही कर्तिनया तिराहा से लेकर सब्जी मंडी तक स्ट्रीट लाइट न जलने की समस्या को गंभीरता से रखते हुए त्वरित समाधान की मांग की गई। बैठक में संतोष कुमार गुप्ता, बब्लू सिंह, छत्रपाल वर्मा, महेन्द्र विक्रम, शारदा प्रसाद, जसप्रीत सिंह, आनन्द कुमार, मनोज गुप्ता, अशोक तिवारी, चन्दन टेकड़ीवाल, पवन सिंह, राहुल कश्यप, सत्य प्रकाश विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# योगी सरकार के मंसूबों पर पलीता लगा रही सीएमओ गोण्डा

**बढ़ रहा जन आक्रोश जगह-जगह फूंके जा रहे हैं सीएमओ के पुतले**

**विश्व रक्षा हिंदू परिषद ने गोंडा सीएमओ को पद से हटाने और कार्रवाई की मांग की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा के खिला फ कई अन्य सामाजिक संगठन सीएमओ के विरोध में प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है।करनै लगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंडा- लखनऊ मार्ग (सीएचसी) चौराहे पर,विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने डॉ.रश्मि वर्मा का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ जम कर नारेबाजी की।कार्यकर्ताओं ने डॉ.रश्मि वर्मा को सीएमओ के पद से हटाने की मांग करते हु ए कहा कि बच्चों की मौत के एक मामले में उन का बयान गैर-जिम्मेदाराना और अमानवीय था जिससे आम लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।सामाजिक संगठनों व प्रदर्शनकारियों ने योगीसरकार में इस घटना को बेहद शर्मनाक बताया और कहा कि ऐसे संवेदनहीन (बेशर्म ) महिला अधिकारी का अपने पद पर बने रहना जनता के साथ अन्याय है,उन्होंने योगी सरकार से मांग की कि सरकार को तुरंत जिले की सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा को उनके पद से हटा देना चाहिए।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे पूरे जिले में एक बड़ा और उग्र आंदोलन शुरू करेंगे।विरोध प्रदर्शन के कारण अस्पताल चौरा हे पर काफी देर तक अफरा-तफरी और जाम की स्थिति बनी रही।मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया,लेकिन उन्होंने अप नी लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया है। कार्यकर्ताओं ने साफ कर दिया कि जब तकगोण्डा सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा को उनके पद से हटाया नहीं जाता,तब तक उनका विरोध प्रदर्श न जारी रहेगा।वही जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह ने सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति की है कहां की एक माँ ही बेटे को दर्द को समझ सकती है,सीएमओ रश्मि वर्मा ने जो जो बयान दिया है उस पर मेरी योगी सरकार से गुजारिश है कि उन्हें सस्पेंड नहीं ब र्खास्त कर देना चाहिए,एक संवैधानिक पद पर बैठकर जो इस तरह के बयान बाजा क़र रही हैं।हालांकि मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद सीएमओ डॉ.वर्मा ने अपनी सफाई पेश की है।लेकिन फिर भी लोगों में उनके प्रति जन आक्रोश अभी भी कम नहीं हुआ है।प्रशासन इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर बनाए हुए है।

# अंजुमन दयार-ए-अदब की ओर से हुई अदबी तरही शेअरी नशिस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के मोहल्ला तोपखाना में साहित्यिक संस्था अंजुमन दयार-ए-अदब की ओर से एक अदबी तरही शेअरी नशिस्त का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन की अध्यक्षता उस्ताद शायर सोसन नानपारवी ने की, जबकि संचालन का जिम्मा युवा शायर नज़र बहराइची ने निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत में सोसन नानपारवी ने अपना शेर पेश किया कश्तिऐ नूह में आना है जिन्हें आ जाएँ, और तमाशा जिन्हें बनना है तमाशा देखें। उनके बाद हाफ़िज़ जमील नानपारवी ने कहा हिर्स का दौर है इंसाफ़ मिले भी कैसे, चंद सिक्कों में ही ईमां को बहेकता देखें। इसके आगे अहमद अब्दुल्ला लखीमपुरी ने अपने अंदाज़ में पढ़ा तुम समझ कर उसे अपना गले लगा लेना, जब किसी शख्स को हालात का मारा देखें। वहीं हयात नेपाली ने कहा मुंसिफ़-ए-वक़्त ये कहता है कि हम क्या देखें, मुफ़लिसी देखें तेरी यार के पैसा देखें। नशिस्त को आगे बढ़ाते हुए मंज़ूर बहराइची ने सुनाया बिलयक़ीं होगा वो मां-बाप का मुजरिम यारों, दरबदर ठोकरें जिस शख्स को खाता देखें। इसके बाद मास्टर अदीब नानपारवी ने अपनी ग़ज़ल का शेर पढ़ा दिल है रंजूर बहुत तुझ से बिछड़ कर फिर भी, ख़ुद को रखा है क़रीने से सलीका देखें। हाफ़िज़ नफीस नानपारवी ने कहा मौजे तूफ़ां मेरी कश्ती है डुबोने के लिए, अहले साहिल से कहो आ के तमाशा देखें। जबकि मेराज शिवपुरी ने अपने जज़्बात यूं पेश किए काश कुछ ऐसा अमल हो कि मेरे दुश्मन भी, अश्क आंखों में लिए मेरा जनाज़ा देखें।इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए लाल नानपारवी ने शेर पढ़ा हो गई चश्म-ए-इनायत तेरी मुझ पर साक़ी, लाल क्यों मुड़ के भला साग़रो-मीना देखें।

# एम्स रायबरेली में 7 वर्षीय बच्ची के गुर्दे की पथरी का अति सूक्ष्म तकनीक द्वारा सफल ऑपरेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। एम्स रायबरेली के यूरोलॉजी विभाग में 7 वर्षीय बालिका की अल्ट्रा मिनिमली इनवेसिव पर्क्यूटेनियस नेफ्रोलिथोटॉमी (mini Perc) द्वारा गुर्दे की 16 मिमी की पथरी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया । यह ऑपरेशन सुप्राकोस्टल पंक्चर द्वारा किया गया।यह तकनीक बेहद जटिल मानी जाती है क्योंकि बच्चों में गुर्दे का आकार छोटा, अत्यधिक भ्रमणशील और एवं अधिक रक्तवाहिनियों वाला होता है तथा गुर्दे में रक्तस्राव की सहनशीलता भी कम होती है। ऐसे मामलों में ज़रा सी लापरवाही से आंत को चोट लगना, फ़ेफड़े में पानी भरना, अत्यधिक रक्तस्राव और संक्रमण जैसी गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं।बच्ची को बीते एक वर्ष से पेशाब में ख़ून आना, तेज़ कमर दर्द और बार-बार बुखार की शिकायत हो रही थी। उसने कई अस्पतालों में इलाज कराया लेकिन आराम नहीं मिला।

# शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट के टेट सम्बंधी निर्णय को वापस लेने हेतु सौंपा ज्ञापन

## अमेठी में शिक्षकों ने एकता का नारा बुलंद कर निकाला लम्बा जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में सोमवार को देशभर के लाखों शिक्षकों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के टेट सम्बंधी निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप करने के सम्बंध में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सौंपा।सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक विवेक शुक्ला की अगुवाई में हजारों शिक्षकों ने जुलूस के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक विवेक शुक्ला ने कहा कि किसी भी शिक्षक की नौकरी पर संकट नहीं आने दिया जायेगा तथा शिक्षकों के लिये पूरा संगठन पूरी तरह से समर्पित रहेगा।शिक्षकों ने अपने ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को वापस लेने की बात कही उन्होंने मांग किया कि न्यायालय का यह निर्णय उचित नहीं है।2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नहीं लागू होना चाहिये साथ ही वैध नियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित किया जाय।लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति अथवा जीवन संकट से बचाने हेतु आवश्यक नीतिगत अथवा विधिक यथाशीघ्र उठाये जाय।शिक्षकों ने एकता का नारा बुलंद करते हुये लम्बा जुलूस निकाला। इस मौके पर धीरेन्द्र सिंह बघेल,सत्येंद्र तिवारी, दल बहादुर सिंह, आलोक तिवारी,संतोष तिवारी, बब्बन यादव, कमलेश यादव,अनुराग यादव,अश्वनी शुक्ला, अमित पाण्डेय, विमलेंदु, अतुल, हंसराम,राघवेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद पाण्डेय, सचिन श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला, प्रमोद तिवारी, नवनीत त्रिवेदी, दिलीप शुक्ला, उबैद अहमद, विकल्प श्रीवास्तव, शालिनी, प्रतिभा, किरन शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



# वेलफ़ेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैदर नक़वी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंधुआकलां/सुल्तानपुर। शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक बंधुआकलां कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर सैयद हैदर नक़वी को चुना गया। वहीं शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अलमदार हुसैन ने दिलशाद हुसैन को अयोध्या मंडल का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया और सुल्तानपुर का जिला अध्यक्ष दिलशाद रज़ा हसनपुर को घोषित किय। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हसनैन जाफरी के इस्तीफ़े के बाद संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हैदर नक़वी को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया। संगठन ने समाजसेवा और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। संगठन युवाओं को जोड़कर अपनी मजबूती बढ़ाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर काम करेंगे। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लिया। वे सेवा, संघर्ष और समर्पण की भावना के साथ काम करेंगे। इस दौरान संगठन की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इस मौके पर संगठन के युवा प्रदेशाध्यक्ष फ़ज़ल रिज़वी, मंडल प्रभारी मोहम्मद मेहदी, जिला महासचिव अरमान हुसैन, यूसुफ रजा, खादिम अब्बास, अकबर रज़ा, इमरान, नयाब, हसनैन ज़ैदी,अब्बास मेहदी, आदि संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।




# पुलिस ने चार अन्तर्जनपदीय पशु तस्करों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना रामगंज पुलिस ने मवेशियों की तस्करी करने वाले चार अन्तर्जनपदीय शातिर कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से एक अदद पिकअप,एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना रामगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुमताज उर्फ सूरज पुत्र सलीम उर्फ पप्पू उर्फ नसीब अहमद निवासी मकहा चौराहा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि ग्यारह बारह की रात्रि में वह व उसके साथी सेराज उर्फ बब्बू पुत्र मोहम्मद शकील निवासी बहरौली थाना लम्भुआ जनपद सुलतानपुर,मनीष उर्फ मिन्टू यादव उर्फ गणेश यादव पुत्र शिवलाल यादव निवासी कैथा टड़िया खुर्द थाना अलीनगर जनपद चंदौली,आकाश चौधरी पुत्र पुनीत महतो निवासी ग्राम घसकोड़ी थाना बरकटा जिला हजारीबाग झारखण्ड की पिकअप गाड़ी जे एच 02 बी क्यू 0906 से दो गोवंश लादकर प्रतापगढ़ की तरफ से थाना क्षेत्र रामगंज में कुछ जानवर जो डहिड़वा स्कूल के पीछे जंगल में बांध रखे थे,उन्हे लादने जा रहे थे परन्तु रास्ते में पुलिस चेकिंग देखकर हम लोगों ने पकड़े जाने के डर से चेकिंग कर रही पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था पुलिस टीम के हट जाने से पिकअप को कुछ दूरी पर ले जाकर उसका डाला खोलकर उसमें लदे गोवंश को भगा दिया था व पिकअप को वहीं छोड़कर सभी लोग भाग गये थे। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसके साथी सेराज उर्फ बब्बू व मनीष उर्फ मिन्टू यादव यहां लोकल के लोगों से मिलकर जानवरों को इकट्ठा करवाते है व लदवाते है उसके बाद दो अन्य साथी विकास यादव पुत्र जितेन्द्र यादव निवासी ग्रम सरैया थाना दुर्गावती जिला कैमूर बिहार,विनय यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी कैथी टड़ियावा थाना अलीनगर जनपद चंदौली गाड़ी की व्यवस्था कराते है व बिहार बार्डर से आगे ले जाने का काम करते है।गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर आकाश चौधरी पुत्र पुनीत महतो निवासी ग्राम घसकोड़ी थाना बरकटा जनपद हजारीबाग झारखण्ड,विकास यादव पुत्र जितेन्द्र यादव निवासी ग्रम सरैया थाना दुर्गावती जनपद कैमूर बिहार,विनय यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी कैथी टड़ियावा थाना अलीनगर जनपद चंदौली को गिरफ्तार किया गया। थाना रामगंज पुलिस द्वारा अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# तीन माह में छह सौ कुंतल खीरा की उपज कर नौ लाख रुपया कमाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के नेतृत्व में जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने एवं उनकी आय दोगुनी करने के लिये ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकास खण्ड सिंहपुर के ग्राम सिंहपुर निवासी कृषक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने योजना का लाभ लेकर संरक्षित खेती के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।पन्हौना रियासत के राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने संरक्षित खेती कार्यक्रम के तहत आवेदन कर चार हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में पालीहाउस का निर्माण कराया।इस पाली हाउस में उन्होंने तीन माह में संकर खीरा का उत्पादन कर छह सौ कुंतल उपज प्राप्त की जिसे लखनऊ मंडी में विक्रय कर उन्होंने लगभग नौ लाख की आय अर्जित की। इसके साथ ही श्री सिंह ने पालीहाउस में बाह्य वातावरणीय कारकों को न्यून कर इंटरक्रॉपिंग पद्धति से धनिया, मूली, गोभी जैसी सब्जियों का भी उत्पादन किया, जिससे उन्हे चार लाख लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत उन्नीस लाख अरसठ हजार रुपये का अनुदान भी उन्हें प्रदान किया गया है।इस आर्थिक सहयोग और आधुनिक तकनीक के प्रयोग से श्री सिंह आज खेती में नये आयाम स्थापित कर रहे हैं तथा जनपद के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि जनपद के अधिक से अधिक पात्र कृषक इस योजना का लाभ लें। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासनादेश में वर्णित पात्रता के अनुसार सभी पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए, जिससे आय बढ़ाने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हों। जिलाधिकारी ने कहा कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन जैसी योजनाएं कृषकों को पारंपरिक खेती से आधुनिक तकनीक की ओर अग्रसर करती हैं। इससे न केवल उत्पादन में वृद्धि होती है बल्कि किसानों को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिलता है। ऐसे सफल प्रयासों से ही ल्लआत्मनिर्भर कृषक ऽ आत्मनिर्भर भारतङ्क का लक्ष्य साकार होगा। जनपद प्रशासन का प्रयास है कि संरक्षित खेती, फल-सब्जी प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की तकनीकों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाय जिससे वे भी श्री सिंह की भांति अपनी आय में वृद्धि कर सकें और कृषि को एक सफल उद्यम के रूप में आगे बढ़ा सकें।



## बी एड़ स्पॉट काउंसलिंग के पहले ही दिन सीटें फुल, ई डब्ल्यू एस कोटे की सिर्फ 5 सीटें बची

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा उत्तर प्रदेश बी एड सत्र 2025-26 की स्पॉट काउंसलिंग प्रक्रिया इस समय चल रही है। काउंसलिंग के पहले ही दिन सिविल लाइंस स्थित राणा प्रताप पी जी कॉलेज में बी एड की सभी 100 सीटें फुल हो गयी है। साथ ही ई डब्ल्यू एस कोटे से 5 सीटें भी भर चुकी हैं, इसी कोटे की 5 और सीटें बची है। प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने बताया कि वे कैंडिडेट जिन्होंने बी एड प्रवेश परीक्षा में ई डब्ल्यू एस कोटे से आवेदन किया है। उनके लिये महाविद्यालय में बी एड का प्रवेश का सुनहरा अवसर है, ऐसे कैंडिडेट 26 सितंबर के पूर्व महाविद्यालय में संपर्क कर प्रवेश ले सकते है।

## गश्त के दौरान पकड़े गये आरोपियों ने ही खेतो मे फेंके थे गौवंश के अवशेष

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर गोवंश का अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोनू उर्फ रईस पुत्र नजीर अहमद मोहल्ला कुरैशियानमोहल्ला साहूकारा लाइनपार बब्बू पुत्र फिदा हुसैन वार्ड नंबर 12 मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रूप में हुई है गांव सबलपुर के समीप चार सितंबर को गौवंश पशुओं की हत्या कर अवशेष फेंके जाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया दोनों के पास से तमंचा, दो कारतूस और पशु मारने के उपकरण बरामद किए गए हैं जबकि तीन अन्य आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गए पशुओं के अवशेष मिलने की सूचना पर पहुंचे अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर विरोध जताया था। सूचना पर सीओ प्रतीक दहिया और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को परखा था इसके बाद पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास कर रही थी।कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सोनू और मुन्ना के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों को जेल भेज दिया गया हैं।अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है।

## सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने की पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 25000 रूपये कि आर्थिक सहायता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं आज उन्होंने समाजवादी पार्टी के सिख नेता मास्टर गुरूदयाल सिंह एवं अन्य पार्टी नेताओं के साथ ब्लाक रोड स्तिथ गुरूद्वारा सिंह सभा पहुँचकर प्रबंध समिति के बलजीत सिंह खैरा,रंजीत सिंह आदि को 25000 रूपए आर्थिक सहायता कि राशि सौपी इस दौरान उन्होंने कहा ''कि समाजवादी पार्टी बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद करेगी पंजाब में आई बाढ़ ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। हमारी पार्टी बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी मैने 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है, जो बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करेगी यह सहायता बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करेगी और उनके जीवन को पटरी पर लाने में मदद करेगी ये मदद आगे भी जारी रहेगी।समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव जी एवं अन्य नेताओं ने कहा कि पार्टी बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद करेगी।इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन चीनी मिल नूर मोहम्मद,पूर्व प्रधान ,आदर्श पाण्डेय,बसत भारती,विधासागर शुक्ला आदि उपस्तिथ रहें है।

## सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण:अस्पताल की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, मरीजों से की बातचीत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक शर्मा ने पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था और वार्डों की स्थिति का जायजा लिया उन्होंने अधीक्षक को साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए मरीजों की देखभाल में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी सीएचसी में गर्भवती महिलाओं के लिए ऑपरेशन की सुविधा प्राप्त महिलाओं से बात की और उनके उठने बैठने की व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिएवही सप्ताह मे दो बार अस्पताल घुलवाने के निर्देश दिए और सफाई कर्मचारी न आने पर वेतन काटने को एमओआईसी को निर्देश दिये उन्हें दीवारों और पंखों में काफी गंदगी मिली उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर मनीष राज शर्मा और चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र से साफ सफाई,अस्पताल धुलवाने के निर्देश दिए है ।

# टीईटी अनिवार्य करने के विरोध में सैकड़ो शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। शिक्षकों ने टीईटी से मुक्त रखने की मांग को लेकर अपनी ताकत दिखाई। शिक्षकों ने ''शिक्षक एकता जिंदाबाद'' के नारों के साथ परिसर में प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग।मद्रास हाईकोर्ट के अनुसार, 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए पदोन्नति में टीईटी अनिवार्य नहीं है। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और पदोन्नति के अवसरों की मांग। कई शिक्षक संगठन इस मुद्दे पर सक्रिय हैं।शिक्षकों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर राहत की मांग की है। शिक्षक लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ज्ञापन देने बालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विभा मिश्रा,साजदा खातून, संगीता वर्मा, मोइन अहमद,अयाज अहमद,ताहिरा,फरहत, सुमन,अकरम नजम शमशी आलोक अवस्थी, रूमाना, जयकिरण,माहेनूर, सुगंध अग्रवाल,अनामिका प्रजापति, रवि आजाद, देश प्रकाश गंगवार, मृदुला गंगवार सहित सैकड़ो शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थिति रही हैं।



# नेपाल की नदियों का पानी रोकने के लिए बांध बनवाए सरकार किसान नेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।रविवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारीयों ने बाढ़ प्रभावित ट्रांस शारदा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से बढ़पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए मांग पत्र नायब तहसीलदार पूरनपुर को सौंपा राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा प्रेषित ज्ञापन की मुख्य मांगे यह रहा ट्रांस शारदा क्षेत्र में हर साल बाढ़ आने की वजह से क्षेत्र के किसान मजदूर साथियों की फसले व भूमि बह जाती है और किसान मजदूर साथियों को जीविका चलानी मुश्किल हो जाती है,ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ आने का मुख्य कारण बनबसा बैराज के नीचे आकर नेपाल से आ रही सात नदियों का पानी बड़ी मात्रा में शारदा नदी में गिरता है, जिसका कोई भी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है बाढ़ के पानी में नेपाल की दारू या पानी की बोतलें बहकर आई हैं जोकि ट्रांस शारदा क्षेत्र के गन्ने के खेतों में पाई गई हैं जिससे प्रमाणित होता है कि यह पानी नेपाल की नदियों से आ रहा है,नेपाल से आ रही सात नदियों के पानी को रोकने के लिए बंद बनवाया जाए वह शारदा नदी के किनारे पक्के कराए जाएं ताकि भविष्य में कटान से राहत मिल सके ,बरसात से पहले समय रहते शारदा नदी में सफाई न होना व रेत ना निकालना भी ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ आने का मुख्य कारण है ,बाढ़ पीड़ितों को जमीन व फसल के नुकसान का मोआयना कराकर मुआवजा दिलाने का कष्ट करें ,जिन किसान मजदूर भाइयों की जमीन शारदा मैया में बह गई है उन्हें जमीन के बदले जमीन दिलवाई जाए ताकि उनकी जीविका चल सके, बाढ़ पीड़ितों को 6 महीने की राहत सामग्री पहचाने का कष्ट करें , कोर्ट के आदेशानुसार बाढ़ पीड़ितों का कर्ज माफ किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके,बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में खेतों में भारी मात्रा में रेत जमा हो गई है जिसकी वजह से फसल नष्ट हो गई है व रबि की फसल की बुवाई नहीं हो पाएगी, जिससे जिससे किसान मजदूर साथियों को अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो जाएगा । बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करने हेतु उचित मुआवजा दिलाने का कष्ट करें।इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मनजीत सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष कुलविंदर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष हाजी रियाजत नूर खां, युवा तहसील अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, युवा तहसील कोषाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह गुरदासपुरीया, युवा तहसील उपाध्यक्ष चरनजीत सिंह, युवा तहसील सचिव तलविंदर सिंह, सिमरनजीत सिंह, रामकुमार, जुगराज सिंह, मोहम्मद मियां, परवेज खान, शान मियां, सेवाराम, अहीद खान,ओम प्रकाश यादव एडवोकेट, शमशीद खान, अकरम खान, ललला भाई, समद खान, अनीस अहमद आदि किसान मजदूर साथी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आज दिनांक 15 सितंबर 2025 को हिंदी पखवाड़े के शुभ अवसर पर गनपत सहाय महाविद्यालय सुलतानपुर में महाविद्यालय के यशस्वी प्रबंधक डॉ.ओमप्रकाश पांडेय 'बजरंगी' के संरक्षण में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो़फ़ेसर अंग्रेज सिंह राणा ने की ॰ उन्होंने कहा कि राजभाषा को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु युवाओं को राजनीति से ऊपर उठकर आगे आना होगा ॰ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य आशीष पांडेय सनी ने कहा कि हिंदी प्राणदायिनी भाषा है उसको जीवंत और समर्थ बनाए रखने की जिम्मेदारी हिंदी भाषी क्षेत्र की है। हिंदी की विषय प्रभारी प्रो़फ़ेसर नीलम तिवारी ने कहा कि हिंदी संवेदना की भाषा है, हिंदी को सशक्त बनाने के लिए इतर प्रदेश की भाषाओ का भी सम्मान करें॰ प्रो़फ़ेसर डॉक्टर अनुज पटेल ने बताया कि सोशल मीडिया के सशक्त माध्यम से हम हिंदी के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डॉ भोलानाथ ने कहा कि हिंदी की आत्मा संस्कृत है! हिंदी जानने के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है! इसी क्रम में डॉ अंजू सिंह, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ ममता ने भी सभा को संबोधित किया ! आरती,ममता, आस्था, साक्षी, नेहा सेजल, सुधा,दीपक,आलोक आदि छात्र/ छात्राओं ने कविता एवं भाषण आदि के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए! सभा में प्रो़फ़ेसर शक्ति सिंह प्रो़फ़ेसर गीता त्रिपाठी, डॉ रीना,डॉ दीपा, डॉ. शैलजा डॉ ज्योति, डॉ शिखा,डॉ पूजा, डॉ दिनकर , राजकुमार पांडेय,सुभाष, जयेंन्द्र, नंदलाल आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार शुक्ल ने किया।




# 21 सितंबर को रक्तदान महाकुंभ का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। संयुक्त सेवा समिति के बैनर तले आगामी 21 सितंबर रविवार को एक बार फिर जिले में रक्तदानियों का जमावड़ा होने जा रहा है।आयोजन को लेकर विभिन्न संगठनों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। सैकड़ो की संख्या में जिले वासी यहां रक्तदान कर एक नए उत्सव की शुरुआत करेंगे। देशभक्ति की थीम पर नन्हे मुन्ने बच्चों को सजाया जाएगा जिससे रक्तदान का यह कार्यक्रम उत्सव की तरह लगे।प्रदेश से सात मेडिकल कॉलेज की टीम को यहां रक्तदान के लिए बुलाया गया है।रक्तदान के इतिहास के पन्नों में एक सशक्त हस्ताक्षर सुल्तानपुर जनपद वासियों द्वारा लिखा जाएगा। उक्त बाते संयुक्त सेवा समिति के सचिव डॉ सुधाकर सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहीं। रविवार को राम लखन पैराडाइज होटल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी द्य एवं इंडिया एंटीकरप्शन फोर्स के महासचिव विपिन मिश्रा ने बताया कि हमारे संगठन द्वारा 21 सितम्बर रक्त दान के लिए पूरी तैयारी कर ली गयी है और हमारी टीम द्वारा रक्त वीरों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है और उन्होंने अपील की इस पुनीत कार्य में ज्यादा से ज्यादा लोग आए और इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी दे और हमारे संगठन की टीम इस नेक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगी।एक बार फिर जनपद रक्तदानियों के गौरवशाली इतिहास का गवाह बनेगा रक्तदान करने से मनुष्य के अंदर होने वाली कई बीमारियों पर रोक लगती है इसके अलावा समाज में जरूरतमंदों का इलाज हो सकता है।कैंसर पीड़ित किडनी के मरीज थैलेसीमिया व प्लास्टिक एनीमिया के मरीज को रक्त की ज्यादा आवश्यकता पड़ती है ऐसे में जिले से किया गया रक्तदान कई मरीजों के जीवन बचाने का कारक बनेगा।उन्होंने अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे रक्तदान के लिए अपना पंजीयन कराकर रक्तदान करें।

## सम्पादकीय

# विश्वसनीय मतदाता सूची

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लेकिन एक मजबूत लोकतंत्र के लिये जरूरी है कि उसकी चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी और मतदाता सूची विश्वसनीय हो। पिछले दिनों बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान चलाया गया। जिसको लेकर विपक्ष ने कड़ा प्रतिवाद किया और अदालत में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती भी दी। बताते हैं कि अब भारतीय चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में हैं। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे । उल्लेखनीय है कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची इस महीने के अंत तक प्रकाशित होने वाली है। इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी देशों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निस्संदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में दो राय नहीं हो सकती है कि मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने करने के लिये तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है। निस्संदेह, राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है। लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है। जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा दिक्कत राजनीतिक दलों के मुखर विरोध की भी है। खासकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर क्रियान्वयन तो और ज्यादा मुश्किल होगा। हाल के वर्षों में देखा गया है कि सीमावर्ती राज्यों में अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिये राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता विदेशी नागरिकों के जरूरी कागजात बनवाने में गुरेज नहीं करते। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त तीनों राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक प्रतिरोध स्वाभाविक ही है। हाल में तमिलनाडु के द्रुमक मंत्री दुरई मुरुगन तल्ख टिप्पणी कर चुके हैं कि बिहार में इस्तेमाल की गई 'चालें' तमिलनाडु में काम नहीं आने वाली हैं, क्योंकि उनके राज्य में लोग राजनीतिक रूप से ज्यादा जागरूक हैं। उनके राज्य में लोगों को भ्रमित नहीं किया जा सकता। यह भी हकीकत है कि चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिये सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है। निर्विवाद रूप से समान अवसर का अभाव चुनावी लोकतंत्र की पवित्रता और अखंडता को कमजोर कर सकता है। निस्संदेह, बिहार एसआईआर से मिले सबक चुनाव आयोग को अन्य राज्यों में इसी तरह की प्रक्रिया के लिये रोडमैप तैयार करते समय मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने चुनाव आयोग को आत्मनिरीक्षण और बीच में ही अपनी दिशा बदलने के लिये प्रेरित किया है।

# ओज़ोन परत: जीवन की ढाल और उसके संरक्षण का संकल्प

**विश्व ओज़ोन दिवस पर विशेष**

**पृथ्वी की सतह से 10 से 40 किलोमीटर ऊपर समताप मंडल में स्थित ओज़ोन परत हमें हानिकारक पराबैंगनी विकिरण (यूवी रेडियेशन) से बचाती है। यह सुरक्षात्मक परत, जिसे स्ट्रैटोस्फेरिक ओज़ोन या अच्छी ओज़ोन के रूप में जाना जाता है, मोतियाबिंद और त्वचा कैंसर जैसे प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को रोकती है तथा कृषि, वानिकी और जलीय जीवन की रक्षा करती है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि ओज़ोन परत केवल एक वैज्ञानिक शब्द नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा कवच है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1994 में स्थापित, यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की तिथि को चिह्नित करता है, जो एक महत्वपूर्ण घटना थी जब दुनिया ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए एकजुट हुई थी। ओज़ोन परत पृथ्वी के समताप मंडल में स्थित है और सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है, जिससे इसका संरक्षण सभी प्रकार के जीवन के लिए आवश्यक है। इस दिवस का उद्देश्य ओज़ोन परत के क्षरण को रोकना और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा करना है।**



ओजोन परत पृथ्वी पर मानव जीवन की ढाल है, क्योंकि यह समताप मंडलीय परत पृथ्वी को सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है। सूर्य के प्रकाश के बिना मानव, प्रकृति एवं जीव-जंतुओं का जीवन को संभव नहीं है, लेकिन सूर्य की सीधी किरणें मानव के लिये हानिकारक भी है, इन हानिकारक किरणों से ओज़ोन परत ही रक्षा करती है, जीवन को संभव बनाती है। धरती पर बढ़ रही पर्यावरण विनाश की गतिविधियों के कारण ओजोन परत का क्षरण होने लगा, जब 1970 के दशक के अंत में वैज्ञानिकों को पता चला कि मानव निर्मित प्रकृति दोहन इस सुरक्षा कवच में छेद कर रही है, तो उन्होंने चिंता जताई। ओजोन परत में यह छेद दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, जो रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे एयरोसोल और शीतलन उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली ओज़ोन-क्षयकारी गैसों (ओडीएस) के कारण हो रहा था, जिससे त्वचा कैंसर और मोतियाबिंद के मामलों में वृद्धि और पौधों, फसलों और पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचाने का खतरा पैदा कर रहा था। ओजोन परत का क्षरण एक गंभीर खतरा एवं चुनौती के रूप में सामने आया। इसलिये वियना कन्वेंशन में ओजोन के संरक्षण के लिये प्रतिवर्ष विश्व ओजोन दिवस मनाया जाने लगा। इस वर्ष हम वियना कन्वेंशन की 35वीं वर्षगांठ और वैश्विक ओज़ोन परत संरक्षण की 35वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हर साल, विश्व ओज़ोन दिवस वर्तमान चुनौतियों और प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक अनूठी थीम पर मनाया जाता है। 2025 का आधिकारिक थीमःजीवन के लिए ओज़ोन' है। यह थीम हमारे ग्रह के लिए एक प्रभावी एवं रक्षात्मक ढाल के रूप में ओज़ोन परत के निरंतर महत्व पर प्रकाश डालती है और मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की वैश्विक सफलता और भविष्य की संभावनाओं का जश्न मनाती है। पृथ्वी की सतह से 10 से 40 किलोमीटर ऊपर समताप मंडल में स्थित ओज़ोन परत हमें हानिकारक पराबैंगनी विकिरण (यूवी रेडियेशन) से बचाती है। यह सुरक्षात्मक परत, जिसे स्ट्रैटोस्फ़ेरिक ओज़ोन या अच्छी ओज़ोन के रूप में जाना जाता है, मोतियाबिंद और त्वचा कैंसर जैसे प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को रोकती है तथा कृषि, वानिकी और जलीय जीवन की रक्षा करती है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि ओज़ोन परत केवल एक वैज्ञानिक शब्द नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा कवच है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1994 में स्थापित, यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की तिथि को चिह्नित करता है, जो एक महत्वपूर्ण घटना थी जब दुनिया ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए एकजुट हुई थी। ओज़ोन परत पृथ्वी के समताप मंडल में स्थित है और सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है, जिससे इसका संरक्षण सभी प्रकार के जीवन के लिए आवश्यक है। इस दिवस का उद्देश्य ओज़ोन परत के क्षरण को रोकना और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा करना है। यदि यह परत क्षतिग्रस्त हो जाए तो पृथ्वी पर जीवन असुरक्षित हो जाएगा। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त साधन देती है लेकिन लालच को पूरा करने के लिए नहीं। यही कथन आज ओज़ोन संकट की मूल जड़ को समझाता है। ओज़ोन परत के क्षरण के मुख्य कारणों में क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) युक्त गैसें हैं जो फ्रिज, ए.सी., एरोसोल स्प्रे और फोम में प्रयुक्त होती हैं। वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषक, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग तथा वनों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी इसके प्रमुख कारण हैं। इसका सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। त्वचा कैंसर और आँखों का मोतियाबिंद बढ़ रहा है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है और बच्चों व बुज़ुर्गों में श्वसन संबंधी बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं। ओज़ोन क्षरण जलवायु परिवर्तन और मौसम की चरम स्थितियों को भी जन्म देता है। ग्लेशियर पिघलने की गति तेज हो रही है, समुद्र तल बढ़ रहा है जिससे तटीय शहर खतरे में हैं और बेमौसम बारिश, लू तथा चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाएँ आम होती जा रही हैं। पर्यावरण पर भी इसका गहरा असर देखा जा रहा है। पौधों की वृद्धि और फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जल-जीवों और समुद्री पारिस्थितिकी को हानि पहुँच रही है और जैव विविधता असंतुलित हो रही है। बढ़ते प्रदूषण और वाहन संकट ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। वाहनों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें और धुआँ न केवल वायु प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं बल्कि ओज़ोन परत को भी कमजोर कर रहे हैं। महानगरों में दमघोंटू धुआँ, बदली हुई वर्षा प्रणाली और सांस की बीमारियाँ इसी का परिणाम हैं। इस संकट से निपटने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे। पर्यावरण-अनुकूल तकनीक का प्रयोग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसी स्वच्छ यातायात व्यवस्था का अपनाना, पेड़ लगाना और वनों का संरक्षण करना, सीएफसी और हानिकारक रसायनों पर नियंत्रण तथा सौर, पवन और जल जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना आज की आवश्यकता है। ओज़ोन परत पृथ्वी के जीवन की प्राकृतिक ढाल है। यदि यह नष्ट हो गई तो जीवन की सुरक्षा संकट में पड़ जाएगी। ओज़ोन परत का संरक्षण एवं संवर्द्धन का संकल्प दर्शाता है कि विज्ञान द्वारा निर्देशित सामूहिक निर्णय और कार्रवाई ही प्रमुख वैश्विक संकटों का समाधान है। कोरोना वायरस महामारी जैसे महासंकटों ने इतनी सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयाँ पैदा की हैं, ओज़ोन संधियों का सद्भाव और सामूहिक भलाई के लिए मिलकर काम करने का संदेश पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक हो गया है।

इस दिवस का नारा, 'जीवन के लिए ओज़ोन', हमें याद दिलाता है कि ओज़ोन न केवल पृथ्वी पर जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए ओज़ोन परत की रक्षा करते रहना चाहिए। अध्ययनों से पता चल रहा है कि तापमान, पराबैंगनी विकिरण और वर्षा की आवृत्ति कुछ पौधों की प्रजातियों के जीवित रहने के लिए उपयुक्त आवासों की उपलब्धता या सीमा निर्धारित करने वाले प्रमुख कारक हैं। पराबैंगनी-बी विकिरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े कारक पौधों की वृद्धि, रोगाणुओं और कीटों से बचाव, और खाद्य फसलों की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। मानव स्वास्थ्य पर, पराबैंगनी विकिरण के गंभीर नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं, हालाँकि, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ने बड़ी संख्या में मामलों और मौतों को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। प्रदूषण के संदर्भ में, पराबैंगनी विकिरण वायुमंडल की संरचना और गुणवत्ता पर; मानव, स्थलीय और जलीय पर्यावरण के स्वास्थ्य पर; गहरा प्रभाव डाल सकता है। यह प्लास्टिक प्रदूषकों के विघटन को बढ़ावा देता है जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है। शहरी और महाद्वीपीय स्तर के वायु प्रदूषण में यूवी विकिरण एक प्रमुख कारक है क्योंकि मानवीय गतिविधियों और प्राकृतिक प्रक्रियाओं से उत्सर्जित कई कार्बनिक यौगिक सौर यूवी विकिरण द्वारा विषाक्त उत्पादों में परिवर्तित हो जाते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता कम हो जाती है और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचता है। यूवी विकिरण जलीय वातावरण में प्रदूषकों के विघटन का एक प्रमुख कारण भी है, जिससे विषाक्त और कैंसरकारी उत्पाद उत्पन्न होते हैं। वायु की गुणवत्ता क्षोभमंडल में सौर यूवी विकिरण पर निर्भर करती है और इस प्रकार समतापमंडलीय ओजोन परत की मोटाई पर निर्भर करती है तथा यह समतापमंडल से क्षोभमंडल तक ओजोन के परिवहन से प्रभावित होती है। ओज़ोन परत का संरक्षण और संवर्धन इसलिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यही परत सूर्य की घातक पराबैंगनी किरणों से धरती पर जीवन की रक्षा करती है। इसके बिना न तो मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है, न ही पृथ्वी पर हरियाली, जल और प्राणी जगत का अस्तित्व संभव है। ओज़ोन का क्षरण हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और भविष्य तीनों के लिए खतरे की घंटी है, इसलिए विश्व ओज़ोन दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि हम प्रदूषण को रोकेंगे, हरियाली को बढ़ाएँगे, ऊर्जा के स्वच्छ साधनों का प्रयोग करेंगे और इस जीवनदायिनी ढाल को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। **– ललित गर्ग**

# नरेन्द्र मोदी और कार्यकर्ता निर्माण : संगठन की असली ताकत

**बीएल संतोष**

संगठन की शक्ति वहीं खिलती है, जहाँ कार्यकर्ता तपस्वी बनकर खड़े होते हैं। यही दर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा और उनके सामाजिक-सांगठनिक दृष्टिकोण का मूल मंत्र रहा है। नरेन्द्र मोदी ने हमेशा कार्यकर्ताओं को संगठन का हृदय माना और उन्हें तैयार करना, प्रशिक्षित करना और सशक्त बनाना अपने प्राथमिक कार्यों में रखा। उनका मानना था कि संगठन केवल ढाँचा नहीं है, बल्कि उस ढांचे में कार्यकर्ताओं की क्षमता, अनुशासन और समर्पण ही असली ताकत हैं। नरेन्द्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरुआती दौर में। 1977 में आपातकाल के बाद, जब वे विभाग प्रचारक के रूप में एक कुशल संगठनकर्ता बनकर उभरे, तब उनकी कार्यशैली का मुख्य आधार कार्यकर्ता निर्माण रहा। 1980 के दशक में गुजरात में संगठन का विस्तार बहुत सीमित था। उस समय किसी एक तालुका में शाखा स्थापित करना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी। लेकिन युवा नरेन्द्र मोदी की दृष्टि अलग थी। उनका मानना था—ल्हर गाँव में शाखा होनी चाहिए।ङ्क इसके लिए वह हर शाखा की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता को देते और समय-समय पर उसकी प्रगति की जानकारी लेते। कौन मुख्य शिक्षक है, क्या गतिविधियाँ हुईं, कौन शाखा में अनुपस्थित रहा और क्यों—इन सब विवरणों पर बारीकी से ध्यान रखा जाता। संघ के 60 वर्ष पूरे होने पर 1985 में कर्णावती (अहमदाबाद) में एक विशाल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 5000 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। शिविर की पूर्व तैयारी में मोदी गाँव-गाँव जाकर युवाओं से संपर्क करते और उन्हें गणवेश खरीदने को प्रेरित करते। परिणामस्वरूप, सैकड़ों नए युवा न केवल शिविर में पहुँचे बल्कि संगठन से स्थायी रूप से जुड़ भी गए। इसने गुजरात संघ में एक नई ऊर्जा डालने का काम किया, और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के निर्माण की भी शुरुआत हुई। मोदी कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध और व्यवस्थित रूप से काम करना सिखाते थे। उदाहरण के लिए, 1980 के दशक की शुरुआत में राजकोट के पी.डी. मालवीय कॉलेज में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अभी भी याद करते हैं कि उन्होंने स्थानीय लोगों से सर्वे कर संगठन की छवि समझने और परिणामों को सांख्यिकीय विधियों के माध्यम से प्रस्तुत करने का नया प्रयोग कराया। यह केवल सीख ही नहीं, बल्कि संगठन को मज़बूत बनाने के लिए आधुनिक तरीकों और योजनाबद्ध सोच का संदेश भी था। नरेन्द्र मोदी कार्यकर्ताओं को आचरण और शिष्टाचार के व्यावहारिक उदाहरणों से प्रेरित करते थे। छोटी आदतें, जैसे सुव्यवस्थित रहना, दरवाज़ा खटखटाकर प्रवेश करना, घरवालों का आत्मीयता से कुशल-क्षेम पूछना-यह सब उन्हें जिम्मेदार और सम्मानित कार्यकर्ता बनाते थे। उनके प्रशिक्षण से कार्यकर्ता न केवल संगठन के सदस्य बने, बल्कि समाज में आदर्श प्रतिनिधि भी बने। मोदी कठिन परिस्थितियों एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के समय कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को व्यक्तिगत नैतिक सहयोग दिया करते थे, जिसे अनेक कार्यकर्ता आज भी उन्हें कृतज्ञता के साथ याद करते हैं। 1987 में भाजपा गुजरात के संगठन मंत्री बनकर उन्होंने यही कार्यकर्ता निर्माण राजनीतिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए भी करना शुरू किया। 1980 के दशक में गुजरात भाजपा के संगठन पर्व के माध्यम से हजारों नए कार्यकर्ता संगठन से जुड़े। अनुशासन और जवाबदेही मोदी की कार्यशैली का मूल था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सबक दिया कि अनुशासन, समर्पण और जवाबदेही संगठन की मजबूती की नींव हैं। वे खुद बैठकों में एक मिनट भी देर नहीं करते थे और अगर कोई देर से आता, तो उन्हें बाहर रहकर बैठक में भाग लेने को कहते थे। मोदी ने संगठन में सामाजिक संतुलन और चुनावी रणनीति दोनों में नई दिशा दी। पदाधिकारियों के चयन में सामाजिक संतुलन सुनिश्चित की और 1987 के अहमदाबाद नगर निगम चुनावों में बूथ जीतो रणनीति से कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय और लक्ष्य केंद्रित बनाया। साथ ही मोदी व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ाते थे। पहली बार पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ता को उन्होंने भरोसा दिलाया और बूथ संगठन, सदस्यता विवरण और सामूहिकता के महत्व की व्याख्या विस्तार से करते थे। परिणामस्वरूप केवल कुछ महीनों में लाखों नए सदस्य जुड़े और मजबूत कार्यकर्ता खड़े हुए।

## सेहत मंत्र

# मसल्स, हड्डियों और हृदय के लिए बिल्कुल सही नहीं है प्रोटीन की कमी

हर पोषक तत्व की ही तरह शरीर को प्रोटीन की भी जरूरत एक निश्चित मात्रा में होती है। इसकी अधिकता और कमी दोनों ही सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं। इस महत्वपूर्ण पोषक तत्व के न होने या पर्याप्त मात्रा में न होने से मसल्स और हड्डियों के अलावा हृदय संबंधी दिक्कतें भी उपज सकती हैं। इसकी कमी से होने वाली समस्याएं कुछ इस तरह के लक्षण दर्शा सकती हैं। वजन का अधिकता से कम होना इसकी कमी का संकेत हो सकता है। यह लक्षण मसल्स के बर्बाद होने के कारण जन्म ले सकता है। दरअसल शरीर को जब प्रोटीन नहीं मिलता तो वह मसल्स को तोड़कर प्रोटीन लेने की कोशिश शुरू कर देता है। परिणामस्वरूप मसल्स खोने लगती हैं। इससे वजन में गंभीर कमी हो सकती है। बालों का कमजोर होना, टूटना या झड़ना भी इस कमी को दर्शा सकता है। बालों के बनने में चूंकि प्रोटीन का योगदान होता है, ऐसे में बाल इसकी कमी से तकलीफ में आ सकते हैं। इसी तरह नाखूनों की कमजोरी भी प्रोटीन की कमी का संकेत हो सकती है। इसके कारण हाथ पैरों के नाखूनों पर उभार उठना, सफ़ेद लकीरें बनना और नाखूनों का टूटना आदि समस्याएं हो सकती हैं। एडेमा यानी शरीर के कुछ हिस्सों में पानी या द्रव्य का इकठ्ठा हो जाना। यह परेशानी भी प्रोटीन की कमी से हो सकती है, क्योंकि प्रोटीन शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखने में मददगार होता है। इसका असर ज्यादातर पैरों, एड़ियों आदि पर दिखाई देता है। मुरझाई हुई स्किन या स्किन पर पड़े रैशेस भी इस कमी से पनप सकते हैं। साथ ही कमजोरी, नींद में असंतुलन, घावों को ठीक होने में देर लगना, बार-बार भूख लगना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, चिड़चिड़ापन और ऊर्जा में कमी, सिरदर्द और चक्कर आना, आदि तकलीफें भी प्रोटीन की कमी से हो सकती हैं। प्रोटीन की कमी से होने वाली परेशानियों में सामान्य से लेकर विशेष और गंभीर समस्याएं तक शामिल होती हैं। इसके पीछे कई सारे कारण हो सकते हैं, जैसे डाइट का बैलेंस्ड न होना, प्रोटीन के स्रोत की सही जानकारी न होना तथा किसी विशेष प्रकार की डाइट को ही फॉलो करना, आदि।

## धर्म मंत्र

# बृहस्पतिवार को पांच चीजों से करें गुरु बृहस्पति को प्रसन्न

बृहस्पतिवार के दिन भगवान विष्णु और साईं बाबा का दिन माना जाता है। मान्यता है कि भगवान विष्णु और साईं बाबा दोनों को ही पीला रंग पसंद है। ज्योतिषों के अनुसार सभी ग्रहों की तुलना में आकार में बड़ा ग्रह बृहस्पति एक शुभ ग्रह है। यह दूसरे सभी ग्रहों का गुरु भी कहा जाता है। बृहस्पतिवार के दिन पूजा में पीले फूल, हल्दी, पीला अनाज शामिल करना अनिवार्य होता है। इससे भगवान बृहस्पति काफी जल्दी प्रसन्न होते हैं। वह भक्तों की हर मुराद पूरी करते हैं। इसके साथ ही जानें और कौन सी चीजें हैं जिनके प्रयोग से बृहस्पति को खुश किया जा सकता है। बृहस्पति की प्रिय पांच चीजें: फूल- ज्योतिष के अनुसार देव गुरू बृहस्पति का स्थान सर्वोच्च है, इसीलिए उनका ग्रहों में उनका प्रथम स्थान है। उनके प्रिय फूल है जास्मीन उनकी पूजा में इस पुष्प के प्रयोग से वे अत्यंत प्रसन्न होते हैं। पीला रंग- इस दिन पीले रंग को खाने और पहनने की चीजों में शामिल किया जाए तो कई लाभ होते हैं। इस दिन पीले रंग की मिठाई जरूर खाएं। इससे स्वास्थ्य अच्छा होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी और सफलता मिलेगी। बुद्धि भी तेजी से विकसित होती है। समाज में पद प्रतिष्ठा बढ़ती है। जिन युवक युवतियों की शादी में रुकावट आ रही है। उन्हें पीले रंग का आभूषण व कपड़ा पहनने से लाभ होगा। चने की दाल- बृहस्पति की पूजा में चने की दाल का अत्यंत महत्व होता है। इस दिन चने की दाल और चावल को मिला कर चढ़ाने और उसकी खिचड़ी का भोग लगाने और प्रसाद खाने से पुण्य मिलेगा। पीला सफायर- बहुमूल्य हीरे, जवाहारातों में पीला सफायर बृहस्पति का प्रिय है। इस दिन इसे धारण करने सुख समृद्धि मेंवृद्धि होती है। प्रिय धातु- बृहस्पति वार को गुरू की प्रसन्नता के लिए सोने, तांबे और कंसे की धातुओं का दान और खरीद को शुभ माना जाता है।

## पर्यटन



# ठंडी समुद्री हवा के झोंके लेना चाहते हैं चले आइए दीव

देश के पश्चिमी सागर तट पर स्थित दीव एक छोटा रमणीक द्वीप है। आकार में छोटा होने के बावजूद भी इसके तटों की कुल लंबाई लगभग 21 किलोमीटर है, जिसके कारण यहां सागर दर्शन की अच्छी खासी सुविधा मौजूद है। यह स्थान वर्ष 1961 से पहले पुर्तगाली शासन के अधीन था तथा गोवा और दमन के साथ ही इसे स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। ठंडी समुद्री हवा के झोकों तथा प्रदूषण रहित वातावरण के कारण यहां आकर सैलानियों को काफी राहत महसूस होती है। लंबे विदेशी शासन के कारण दीव के भवनों, किलों, भाषा व संस्कृति तथा जीवनशैली पर पुर्तगाली सभ्यता का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। यहां गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी तथा पुर्तगाली भाषाएं बोली व समझी जाती हैं। यहां के निवासियों को फूलों से बेहद लगाव है इसलिए लगभग हर मकान में फूलों के पौधे आपको अवश्य देखने को मिलेंगे। दीव का प्रमुख आकर्षण यहां का किला है जोकि लगभग 5.7 हेक्टेयर क्षेत्र में बना हुआ है और सागर के अंदर समाया हुआ प्रतीत होता है। इस किले का निर्माण वर्ष 1535?41 के बीच में गुजरात के सुलतान बहादुरशाह व पुर्तगालियों द्वारा किया गया था। किले के बीच में पुर्तगाली योद्धा 'डाम नूनो डी कुन्हा' की कांसे की मूर्ति भी बनी हुई है। यहां एक प्रकाश स्तंभ भी बना हुआ है जहां से पूरे दीव का नजारा दिखता है। प्रकाश स्तंभ से आवाज देने पर उसकी प्रतिध्वनि भी सुनाई देती है। पानीकोट का दुर्ग पत्थर की विशाल शिलाओं से बना हुआ है। यह दुर्ग एक समुद्री जहाज के आकार का नजर आता है। इस सुंदर दुर्ग तक पहुंचने के लिए नाव अथवा मोटरबोट की सहायता लेनी पड़ती है क्योंकि यह खाड़ी के मुहाने पर तट से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दुर्ग के बीचोंबीच एक गिरजाघर व प्रकाश स्तंभ भी है। आप सेंट पाल चर्च भी देखने जा सकते हैं। वर्ष 1610 में बनी यह चर्च धार्मिक और ऐतिहासिक, दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है। आप दीव घूमने आए ही हैं तो नगोआ बीच जरूर जाएं।

# हाल ए बाराबंकी, सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गिरावट, डीएम ने जताया असंतोष

## 37 बिंदु (सीएम डैशबोर्ड) की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में सोमवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राज कुमार सिंह के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों की प्रगति व रैंकिंग की समीक्षा की। कई विभागों की रैंकिंग स्तर निम्न मिला जिस पर उन्होंने भारी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं और रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने सी, डी और ई श्रेणी में आने वाले विभागों के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए सख्त हिदायत दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न करने पर जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जल-जीवन मिशन, सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, फैमिली आईडी, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, पर्यटन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री योजना ग्रामीण, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, दुग्ध, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, युवा स्वरोजगार, महिला एवं बाल विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण आदि योजनाओं में प्रगति को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों के डैशबोर्ड डेटा को समय पर अपडेट रखें, ताकि जिले की समग्र रैंकिंग में सुधार हो और कोई भी कार्य पेंडिंग न रहे।

**आईजीआरएस की शिकायतों का शीघ्रता से करें निस्तारण**

आईजीआरएस की रैंकिंग सी ग्रेड आने पर जिलाधिकारी ने इसमें सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि शिकायती पत्रों के निस्तारण में अधिकारी शिकायतकर्ता से सम्पर्क स्थापित करते हुए मौके पर जाकर समस्या का शीघ्रता से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें नहीं तो सम्बंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# त्योहार में नई परंपरा न अपनाएँ, शराबियों पर होगी सख्त कार्रवाई : सुश्री गरिमा पंत

## पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को थाना मुख्यालय पर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत व नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय ने की। सीओ गरिमा पंत ने सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों व संभ्रांतजनों से अपील की कि पर्व को परंपरागत ढंग से ही शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाए। उन्होंने दुर्गा पंडालों की सुरक्षा, महिला सुरक्षा, आग से बचाव, विद्युत आपूर्ति और मूर्ति विसर्जन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंडालों में कटे तारों का उपयोग न करें, जिससे करंट लगने की दुर्घटनाएं टाली जा सकें। साथ ही समिति के पदाधिकारी पहले से ही रणनीति बना लें ताकि महिला सुरक्षा और शांति माहौल बना रहे।नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय ने स्पष्ट कहा कि धार्मिक आयोजन में अश्लील गाने कतई न बजें, केवल भक्ति गीत ही चलें। यदि किसी ने पंडाल या उसके आसपास शराब पी रखी पाई गई तो मौके पर मशीन से जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।नवागत प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में 63 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना होगी, जिनकी नंबरिंग कर दी जाएगी ताकि जुलूस को लेकर कोई विवाद न उत्पन्न हो। प्रत्येक प्रतिमा स्थल पर वालंटियर नियुक्त होंगे जो पुलिस का सहयोग करेंगे। उन्होंने भी साफ चेतावनी दी कि जुलूस या पंडालों के पास शराब सेवन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।बैठक में अतिरिक्त प्रभारी सनत मिश्रा, अवर अभियंता लालजी सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, कांस्टेबल मिथुन गिरी ग्राम प्रधान मुईन अंसारी, मसौली दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष प्रेमनंद वर्मा, प्रधान विनोद कुमार वर्मा, सहादतगंज रामलीला कमेटी अध्यक्ष दिलीप दीक्षित सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# टीएसएच में टेबल टेनिस मुकाबले, खिलाड़ियों को मिली रिकॉर्ड पुरस्कार राशि

एजेंसी




कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद के आर्य नगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में 13 व 14 सितंबर को टीएसएच टेबल टेनिस टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। टीएसएच मेंबर्स के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में पहली बार दो लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि रखी गई, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को 21 हजार रुपये, द्वितीय स्थान को 11 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर आने वाले दो खिलाड़ियों को 5100-5100 रुपये प्रदान किए गए। यह जानकारी सोमवार को यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के प्रेसीडेंट संजीव पाठक ने दी।

यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के प्रेसीडेंट संजीव पाठक ने बताया कि टूर्नामेंट में पांच वर्गों में मुकाबले हुए। अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में अवंतिका प्रथम, अनुष्का द्वितीय और तृतीय स्थान पर भाव्या सिंह व वेदित्य रावत संयुक्त रूप से रहीं। अंडर-17 बॉयज़ वर्ग में प्रथम स्थान पर आशुतोष गुप्ता, द्वितीय पर दक्ष खंडेलवाल तथा तृतीय पर अर्णव आनंद और ओम तिवारी रहे। एबव-17 मेन वर्ग में सत्याम गिरी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रिषभ सिंह दूसरे और शिवम पाल व सौरभ वकील तीसरे स्थान पर रहे। एबव-17 विमेन वर्ग में वेदिका त्रिवेदी अरोड़ा प्रथम, श्रुति मेहरोत्रा द्वितीय और तृतीय स्थान पर माला सिंह व अरुषि गर्ग टंडन संयुक्त रूप से रहीं। एबव-40 मेन वर्ग में राहुल गोयल ने बाजी मारी, अखिल कानोडिया दूसरे स्थान पर रहे जबकि अमित थावर और राजेश सेठ ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया।

इस मौके पर यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के प्रेसीडेंट संजीव पाठक, टीएसएच के निदेशक प्रनीत अग्रवाल एवं प्रज्ञा अग्रवाल उपस्थित रहे। यूपी टीटी एसोसिएशन के प्रेसीडेंट ने पाठक ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी पुरस्कार राशि रखकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास सराहनीय है। आयोजन समिति में अध्यक्ष पी.के. श्रीवास्तव और ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी सत्यम के. मिश्रा के नेतृत्व में टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# ग्राम स्वराज अभियान दो दिवसीय प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। पंचायती राज विभाग के तत्वावधान मे सोमवार को ब्लाक सभागार मे ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों के दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तकनीकी कार्यों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में, पंचायती राज व्यवस्था एवं संरचना, ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का शुभारम्भ करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने कहा कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य पंचायतों और ग्राम सभाओं की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाना है। यह योजना, पंचायतों में आम आदमी की भागीदारी को बढ़ावा देने, उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से निर्णय लेने और जिम्मेदारी लेने में सक्षम बनाने पर केंद्रित है उन्होंने कहा कि किसी भी योजना के सफल होने के लिए समुदाय की भागीदारी अति आवश्यक है इसलिए कार्य की प्राथमिकता का निर्धारण करते समय देखे कि किसी भी कार्य मे ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभ मिले और गरीबो के हित मे हो। पंचायत राज विभाग निदेशालय से आये राज्य प्रशिक्षक अनुप मिश्रा व रितिका सोनकर ने पंचायतो के 2.0 के क्रियान्वयन पर व्यापक व विस्तृत रूप से प्रतिभागियों को बताया कि ग्राम पंचायते समग्र व समावेशी रूप से कैसे विकसित हो सकती है जिससे ग्राम पंचायते पुरुस्कार के लिए चयनित हो ओर विकास के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प साकार हो। प्रशिक्षकों ने सभी विभागों को एक मंच पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण मे ग्राम प्रधान उमाकांत राव, राम सिंह, सुरेशचंद्र, मुईन अंसारी, नूर मोहम्मद, रजीत कुमार, पंचायत सचिव जसराम, अजय वर्मा, उत्तम वर्मा सहित पंचायत सचिव व प्रधान मौजूद रहे।

## विहिप पदाधिकारियों का भावपूर्ण स्वागत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विहिप प्रखंड रामनगर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।हाल ही में रमाकांत वर्मा को अध्यक्ष विनय मिश्र सह सेवा प्रमुख दिव्य प्रकाश मिश्र उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार निगम मंत्री व श्रीकांत मिश्र को बजरंग दल संयोजक बनाया गया।कार्यक्रम में जिला मंत्री राहुल कुमार व सुमित्रा प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र प्रदान किया।

## नशेड़ी ने सरकारी बस पर किया पथराव, हादसा टला

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ से गोंडा जा रही रोडवेज बस पर रविवार देर शाम एक युवक ने पथराव किया। बस का शीशा टूट गया, यात्री बाल–बाल बचे। सीतापुर जनपद के रामकृष्ण पुरी निवासी चालक दिलीप कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह लखनऊ से यात्रियों को लेकर गोंडा जा रहा था। जैसे ही कुर्सी थाना क्षेत्र के अनवारी गांव के पास पहुंचे, एक युवक ने अचानक पत्थर मारा। और बस का शीशा टूट गया। वहां नियंत्रित रहा। बड़ा हादसा होने से बचा। आस–पास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार हो गया। अभियुक्त मोनू यादव पुत्र राम प्रकाश निवासी लिखना थाना कुर्सी बताया गया। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक शराब के नशे में था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने किया रक्तदान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को डां.आरके दत्ता के निर्वाण दिवस के अवसर पर डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में प्रेमचंद कुशवाहा के नेतृत्व में डिप्लोमा इंजीनियर्स के पदाधिकारी व सदस्यों ने रक्तदान किया,उक्त अवसर पर रक्तदानियों को प्रमाणपत्र देते हुए मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा ने कहाकि रक्तदान से बड़ा और कोई पुनीत कार्य नही हो सकता,सीएमएस डां.मिश्र ने रक्तदाताओं का हौसला बढाते हुए कहाकि आपके रक्त से किसको जीवनदान मिला आपको पता नही होता,परंतु जिसको भी जीवनदान मिलता है,उसका पूरा कुनबा आपके प्रति कृतज्ञता से झुक जाता है,और सदैव आपको उसकी दुआएं मिलती रहती है,रक्तदान के अवसर पर ब्लडबैंक प्रभारी डां. संजय सिंह, विजय चौधरी,धर्मेंद्र यादव, अनुराग गुप्ता,देवलाल, अनुराग पांडेय, शमशाद बाबा,संजू आदि मौजूद रहे।

## साफ सफाई के लिए सामाजिक कार्यकर्ता ने अधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

बल्दीराय /सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड बल्दीराय के ग्राम पंचायत इसौली के निवासी युवा, सामाजिक कार्यकर्ता/उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ, सुलतानपुर बल्दीराय के तहसील विधिक सलाहकार एडवोकेट मो.कफील खां द्वारा एक शिकायती पत्र संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी, मुख्य राजस्व अधिकारी सुलतानपुर को बाबत साफ सफाई कराने हेतु सौंपा। प्रभारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समस्या का निराकरण कराए.एडवोकेट ने जरिए प्रार्थना पत्र कहा कि ग्राम में नालियां पटी हुई है गंदा पानी रोड पर बह रहा और जलभराव से संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है जिससे आम जनमानस को हानि होगी। ग्राम इसौली के कटरा/निषाद बस्ती,किला जामा मस्जिद मुख्य मार्ग, निकट बाजार ,निकट उचित दर विक्रेता दुकान नदीम आदि स्थानों पर समस्या बना हुई है और जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार लोग से अनेकों बार कहा गया किंतु कोई असर नहीं दिखा।

## विधायक ने लगाया जनता दरबार सुनी समस्याए

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरखेड़ा विधानसभा के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद ने सोमवार को अपने आश्रम परम अक्रिय धाम पर जनता दरबार लगाया। इसमें सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे। फरियादियों में किसी को परिवार में बीमारी की परेशानी थी, तो कोई सरकारी योजनाओं से जुड़ी दिक्कत या प्रशासनिक कार्य में आ रही बाधाओं की शिकायत लेकर आया। विधायक ने हर समस्या को गंभीरता से सुना और त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता भी दी गई, वहीं कई सामाजिक विवादों का मौके पर ही समाधान कराया गया।

बरखेड़ा ब्लॉक, उगनपुर, कंजा हरैया, आमखेड़ा सहित अनेक गाँवों से आए लोग जनता दरबार के बाद आश्रम में भोजन करने के साथ अलखेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए भी पहुँचे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्वामी प्रवक्तानंद का जनता दरबार लोकतंत्र की असली ताकत है, जहाँ जनता की समस्याएँ सीधे अपने प्रतिनिधि तक पहुँचती हैं और तत्काल समाधान भी मिलता है। भगवा वेशधारी विधायक अपने आध्यात्मिक जीवन, सरल स्वभाव और सेवा भाव के चलते न केवल क्षेत्र में बल्कि पूरे प्रदेश में लोकप्रिय हो चुके हैं।

## ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण व मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में सोमवार दोपहर 1 बजे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ट्रांस शारदा क्षेत्र में हर वर्ष आने वाली बाढ़ का मुख्य कारण नेपाल से आने वाली सात नदियों का पानी है, जो बनबसा बैराज के नीचे बड़ी मात्रा में शारदा नदी में गिरता है। इस पानी का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होता, जिससे बाढ़ की गंभीरता का अनुमान नहीं लग पाता। किसानों ने यह भी बताया कि बाढ़ के दौरान नेपाल से दारू और पानी की बोतलें बहकर गन्ने के खेतों में मिली हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि बाढ़ का पानी नेपाल की ओर से आता है। संगठन ने मांग की कि नेपाल से आने वाले पानी को रोकने के लिए बाँध का निर्माण किया जाए तथा शारदा नदी के किनारों को पक्का कराया जाए ताकि कटान से राहत मिल सके। साथ ही बरसात से पहले शारदा नदी की सफाई और रेत निकालने का कार्य समय से कराया जाए। किसानों का कहना है कि हर साल बाढ़ के चलते उनकी फसलें और भूमि बह जाती हैं, जिससे जीविका चलाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवजा व जमीन के बदले जमीन देने सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

# तहसील में भाकियू ने पंचायत कर समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में सोमवार दोपहर 2 बजे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने मासिक पंचायत कर किसानों की समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। किसानों ने मांग की कि आगामी धान खरीद सत्र में पर्याप्त संख्या में सरकारी एजेंसियों के धान क्रय केंद्र खोले जाएं। धान खरीद को बिचौलियों से मुक्त रखा जाए तथा सभी केंद्रों पर बारदाना, भुगतान और किसानों के बैठने की उचित व्यवस्था हो। शारदा नदी के उफान से हर वर्ष किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिनका उचित मुआवजा दिलाया जाए और प्रभावित गांवों में राहत व पुनर्वास कार्य कराए जाएं। किसानों ने जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने, प्राइवेट उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बेची जा रही नकली कीटनाशक दवाओं पर अभियान चलाकर कार्रवाई करने की मांग की।इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कटौती रोकने, आवारा पशुओं से फसलों को बचाने हेतु उन्हें पकड़कर गौशालाओं में भिजवाने और प्रत्येक ग्राम पंचायत में अस्थाई गौशाला निर्माण कराने किसानों ने तहसील में आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही अवैध धन उगाही रोकने की भी मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# नगराम : परिवार सोता रहा , चोर नगदी समेत गहने लेकर फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के अब्बास नगर गांव में चोरों ने रविवार रात एक मकान में घुसकर 1000 की नगदी और सोने चांदी के आभूषण चुरा लिए , परिवार घर के बाहर बरामदे में सो रहा था ?। रात करीब 1:30 नींद खुली तो देखा कि घर व कमरे के दरवाजे खुले हैं। नगराम क्षेत्र के अब्बास नगर गांव निवासी देवी दीन के मकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने 1000 की नगदी समेत सोने की सोने की झुमकी , माला , चांदी की करधनी , लच्छा पर हाथ साफ कर दिया ?। पीड़ित ने बताया कि वह घर पर नहीं था उसका बेटा अजय व बहू और दो बेटियां घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे । चोरी होने की घटना कि किसी को भनक तक नहीं लगी। अचानक बहू की रात को जब नींद खुली तो देखा कि घर के दरवाजे खुले हैं , अंदर जाकर देखा तो वह सन्न रह गए। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार ने नगराम पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट आई। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि चोरी की तहरीर में सोमवार को मुकदमा दर्ज किया गया है , कई संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# भोले-भाले लोगों को ऑनलाइन गेमिंग एप के जाल में फंसाकर ठगी करने वाले आठ शातिर गिरफ्तार



कानपुर। जनपद कमिश्नरेट बर्रा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगों की गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के आठ सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जबकि सरगना अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। यह शातिर ऑनलाइन गेमिंग ऐप की आड़ में ठगी कर लाखों रुपये ठिकाने लगा रहे थे। यह जानकारी सोमवार को डीसीपी साउथ दीपेंद्रनाथ चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि यह गिरोह भोले-भाले लोगों को डार्क वेब टेलीग्राम के जरिए ऑनलाइन गेमिंग बेट अप वेबसाइट पर अलग-अलग राज्यों में बैठे उनके ऑनलाइन गेमिंग के एडमिन छोटी-छोटी रकम लोगों को जितवाकर बड़ी रकम अपने कंट्रोल से हरा देते थे। यही नहीं इस गैंग के सदस्य भोले वाले लोगों को प्रधानमंत्री योजना के तहत अकाउंट खुलवाकर उनका अकाउंट किराए पर लेते थे और उसमें अलग-अलग प्रदेशों से साइबर ठगी का पैसा मंगा कर आपस में अकाउंट टू अकाउंट बांटते थे। शातिरों के मोबाइल में हजारों की संख्या में फर्जी खाते मिले हैं, जिनका इस्तेमाल यह साइबर ठगी के लिए करते थे।

बर्रा पुलिस की टीम ने छापेमारी में गैंग के पास से 22 मोबाइल फोन तीन लाख 21 हजार 220 रुपये नकद, सात एटीएम कार्ड, एक कार और तीन बाइकें बरामद हुईं हैं। वहीं बरामद मोबाइलों में करीब 52 लाख रुपये के लेन-देन के साक्ष्य मिले हैं, जिन्हें फ्रीज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

गिरोह भोले-भाले लोगों के बैंक खातों को ऑपरेट कर ठगी के पैसों को ठिकाने लगाता था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पकड़े गए आरोपितः-1. सिद्धार्थ विश्वकर्मा निवासी सी-295 गुजैनी थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर2. अक्षय सिंह निवासी 416-सी ब्लाक सौरभ गेस्ट हाउस के पास थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर3. हर्ष मिश्रा निवासी निगहुंआ पोस्ट उस्कर थाना भीमपुरा जनपद बलिया हाल का पता रतनलाल नगर थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर4. उमेश राव निवासी ग्राम मवई पोस्ट बन्दपुरा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात हाल का रतनलाल नगर थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर5. अभिषेक गौड़ निवासी ए 707 बर्रा )-6 थाना बर्रा कानपुर नगर6. विशाल संखवार निवासी ग्राम नोनारी डेरापुर थाना डेरापुर कानपुर देहात हाल का पता रतनलाल नगर थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर7. प्रवीण दुबे निवासी 56ई/6 दबौली-2 थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर8. दीपक वर्मा निवासी ए ब्लाक-325 गुजैनी थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर वहीं इस गिरोह का सरगना सुल्तान मिर्ज़ा उर्फ अभय शुक्ला मौके से फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ स्पिन चुनौती से पार पाना होगा बांग्लादेश को

एजेंसी



अबुधाबी। बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को यहां एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा। बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था। अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा। अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

टीम इस प्रकार हैः बांग्लादेशः लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदयोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

अफगानिस्तानः राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी।

# ला लीगा 2025-26: पहले घरेलू मैच में बार्सिलोना ने वेलेंसिया को 6-0 से रौंदा

एजेंसी



बार्सिलोना। बार्सिलोना ने ला लीगा 2025-26 सीज़न के अपने पहले घरेलू मैच में महज 6,000 दर्शकों के सामने वेलेंसिया को 6-0 से करारी शिकस्त दी। इस गोल महोत्सव में तीन खिलाड़ियों ने दो-दो गोल दागे। इस जीत के साथ बार्सिलोना अंक तालिका में 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वह शीर्ष पर काबिज रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है, जिसने शुरुआती चारों मैच जीतकर परफ़ेक्ट शुरुआत की है। बार्सिलोना आमतौर पर अपने एक लाख क्षमता वाले कैंप नोउ या फिर 56,000 क्षमता वाले अस्थायी लुईस कंपनीस ओलंपिक स्टेडियम में खेलता है, लेकिन कैंप नोउ के नवीनीकरण में नौ महीने की देरी और एक पोस्ट मेलोन कॉन्सर्ट से लुईस कंपनीस की पिच खराब होने के चलते बार्सा को छोटे एस्तादी योहान क्रूइफ स्टेडियम (क्षमता 6,000) में खेलना पड़ा। ला लीगा ने विशेष छूट देकर टीम को यहां खेलने की अनुमति दी, जबकि नियम के अनुसार प्रथम डिवीजन क्लबों के स्टेडियम की न्यूनतम क्षमता 15 हजार होनी चाहिए। कोच हैंसी फ्लिक ने अंतरराष्ट्रीय ब्रेक और अगले हफ्ते न्यूकैसल के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग डेब्यू को ध्यान में रखते हुए अपनी शुरुआती इलेवन में बड़े बदलाव किए। इसके बावजूद टीम ने शानदार शुरुआत की। फर्मिन लोपेज़ ने 29वें मिनट में पहला गोल किया। दूसरे हाफ में रफीन्हा ने 58वें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड के क्रॉस पर गोल दागा। तीन मिनट बाद लोपेज़ ने अपना दूसरा गोल किया। रफीन्हा ने 66वें मिनट में अपना दूसरा गोल पूरा किया। 68वें मिनट में मैदान पर उतरे रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो करीबी रेंज के गोल दागकर बार्सिलोना की जीत को 6-0 से पूरी तरह सुनिश्चित कर दिया। जीत से खुश फ्लिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टीम ने शुरू से ही वही दिखाया जिसकी हमें उम्मीद थी। सिर्फ लोपेज़ ही नहीं, बल्कि हर खिलाड़ी ने कड़ी मेहनत की और खेल का आनंद लिया। टीम हर पोजीशन पर शानदार रही। तीन अंक परफ़ेक्ट हैं और मेरे लिए यह बड़ी बात है कि मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों में से चुनाव करना पड़ रहा है। इस हार के बाद वेलेंसिया 15वें स्थान पर खिसक गया है और उसके खाते में सिर्फ चार अंक हैं।

# कड़ी आलोचनाओं के बाद हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया भारतीय टीम ने

दुबई। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था इसके बाद ही उसने पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया और उसकी यह नीति चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ दो अन्य संभावित मैचों में भी जारी रहेगी। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ चीज खेल भावना से भी बढ़कर होती हैं। सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट से जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई के सवाल पर कहा, ''हम सब एक साथ यहां आये तो हमने यह फैसला किया और मुझे लगता है कि हम यहां सिर्फ मैच खेलने आये हैं। मुझे लगता है कि हमने उचित जवाब दिया। जब एक पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा कि क्या विपक्षी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करना ''राजनीति से प्रेरित'' था, तो कप्तान ने जवाब दियाः ''मुझे लगता है कि जीवन में कुछ चीजें खेल भावना से बढ़कर होती हैं। हम पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के साथ खड़े हैं और इस जीत को हमारे सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं। टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता से बात करते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी यही बात कही। समझा जाता है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और टीम प्रबंधन ने अपने रुख पर चर्चा करने के लिए बैठक की, क्योंकि भारत में विपक्षी दलों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी इस मैच का विरोध हो रहा था। विपक्षी दलों ने इसे पहलगाम आतंकी हमले से पीड़ित परिवारों की भावनाओं से ऊपर पैसे को तरजीह देने का मामला बताया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। गंभीर और सीनियर खिलाड़ी मैच के दौरान किसी भी समय हाथ न मिलाने पर एकमत थे।

# दलीप ट्रॉफी फाइनल में सेंट्रल जोन ने साउथ को छह विकेट से हराकर खिताब जीता

एजेंसी



नई दिल्ली। बेंगलुरु के बीसीसीआई सीओई ग्राउंड (1) पर खेले गए दलीप ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में सेंट्रल जोन ने साउथ जोन को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। सोमवार को खेले गए मैच के अंतिम दिन सेंट्रल जोन को जीत के लिए 65 रनों की जरूरत थी। टीम ने हालांकि चार विकेट गंवाए, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रही। यह सेंट्रल जोन का 2014-15 के बाद पहला दलीप ट्रॉफी खिताब है, जब पियूष चावला की अगुवाई में टीम ने खिताब जीता था। सेंट्रल जोन ने पहली पारी में विशाल 511 रन बनाकर मैच में मजबूत पकड़ बनाई। साउथ जोन की टीम पहली पारी में केवल 149 रन पर सिमट गई। बल्लेबाजी अनुकूल पिच पर खराब प्रदर्शन ने साउथ की राह कठिन कर दी। हालांकि, दूसरी पारी में साउथ ने 426 रन बनाए, लेकिन बढ़त हासिल करने में नाकाम रही। साउथ जोन के कोच और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने माना कि बल्लेबाजों को पहली पारी में ज्यादा संयम दिखाने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि कुछ शॉट्स अनावश्यक थे। लेकिन यह एक युवा बल्लेबाजी इकाई है और वे निश्चित रूप से इससे सीखेंगे। मध्यप्रदेश के ऑलराउंडर सारांश जैन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। उन्होंने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 16 विकेट लिए और दो अर्धशतकीय पारियां भी खेलीं। सारांश ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद अहम सीरीज रही। यह पूरे घरेलू सत्र की तैयारी में मददगार है और जरूरी है कि मैं इस लय को आगे भी बनाए रखूं।

## केन विलियमसन, डेवोन कॉनवे समेत पांच खिलाड़ी एनजेडसी के कैज़ुअल अनुबंध पर सहमत

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को पुष्टि की कि टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन और डेवोन कॉनवे सहित लॉकी फर्ग्यूसन, फिन एलेन और टिम सैफर्ट ने 2025-26 सीज़न के लिए कैज़ुअल प्लेइंग एग्रीमेंट (अनौपचारिक अनुबंध) पर सहमति जताई है। इस समझौते के तहत खिलाड़ी वैश्विक फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट लीगों में भाग ले सकेंगे, लेकिन साथ ही न्यूजीलैंड की हाई-परफॉर्मेंस प्रणाली से जुड़े रहेंगे। उन्हें कोचिंग, मेडिकल और मानसिक कौशल सहयोग के साथ-साथ जिम और क्रिकेट सुविधाओं की भी सुविधा मिलेगी। इन पांचों खिलाड़ियों ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। हालांकि, अनुबंध की शर्तों के अनुसार उन्हें टूर्नामेंट से पहले तय संख्या में सीरीज और मैचों के लिए उपलब्ध रहना होगा।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,060 रुपये से लेकर 1,11,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना 1,01,800 रुपये से लेकर 1,01,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,32,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,11,210 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,01,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,11,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,01,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,11,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,11,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# थोक महंगाई दर अगस्त में चार महीने के उच्चतम स्तर 0.52 फीसदी पर

एजेंसी

नई दिल्ली। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर अगस्त में बढ़कर चार महीने के उच्च्तम स्तर 0.52 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पहले जुलाई में यह घटकर 25 महीने के निचले स्तर -0.58 फीसदी पर आ गई थी। अगस्त में थोक महंगाई खाने-पीने की चीजें महंगी होने से बढ़ी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर 0.52 फीसदी रही। इससे पहले जुलाई और जून में यह क्रमशः -0.58 फीसदी और -0.19 फीसदी रही। पिछले साल अगस्त में यह 1.25 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, अन्य अधात्विक खनिज उत्पादों और अन्य परिवहन उपकरणों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार अगस्त में खाद्य पदार्थों में अपस्फीति 3.06 फीसदी रही, जबकि जुलाई में 6.29 फीसदी की अपस्फीति थी। मंत्रालय के मुताबिक इस दौरान सब्जियों की कीमतों में तेजी देखी गई। विनिर्मित उत्पादों के मामले में महंगाई अगस्त में 2.55 फीसदी रही, जबकि इससे पिछले महीने जुलाई में यह 2.05 फीसदी थी। ईंधन और बिजली क्षेत्र में अगस्त में नकारात्मक मुद्रास्फीति या अपस्फीति 3.17 फीसदी रही, जबकि जुलाई में यह 2.43 फीसदी थी। खुदरा महंगाई दर अगस्त महीने में बढ़कर 2.07 फीसदी पर पहुंच गई है। हालांकि, आरबीआई ने मौद्रिक समीक्षा में वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर के अनुमान को घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है, जो पहले 3.7 फीसदी था। रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि दूसरी तिमाही में औसत महंगाई दर 2.1 फीसदी, जबकि तीसरी तिमाही में 3.1 फीसदी और चौथी तिमाही में यह 4.4 फीसदी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मेरा दिमाग शायद ज़रूरत से ज़्यादा तेज़ चल रहा था: फोबे लिचफील्ड

**न्यू चंडीगढ़।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड ने रविवार को भारत के खिलाफ पहले वनडे में शानदार पारी खेली। नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को 'द हंड्रेड' महिला टी-20 टूर्नामेंट का खिताब जिताने के महज पखवाड़े भर बाद लिचफील्ड ने 88 रन (80 गेंद, 14 चौके) की दमदार पारी खेली। हालांकि शतक से वह 12 रन दूर रह गईं। लिचफील्ड ने मैच के बाद कहा, ''आज मैंने सबसे बड़ा सबक यही सीखा कि मेरा दिमाग शायद ज़रूरत से तेज़ चल रहा था। 50 ओवर का खेल लंबा होता है और इसमें समय लेकर पारी बनाने की ज़रूरत होती है। लेकिन हमें आक्रामक क्रिकेट भी खेलना है, इसलिए इस बीच संतुलन बनाना होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि वानखेड़े (जनवरी 2024) में बने शतक के बाद भारत में यह उनका दूसरा शतक हो सकता था, लेकिन स्नेह राणा के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलते हुए वह चूक गईं। मैच के बाद लिचफील्ड ने कहा, ''मैंने खेल को आगे बढ़ाने की कोशिश की और शायद रिवर्स शॉट पर ज़्यादा ध्यान दे बैठी।'' इस दौरान उन्होंने कप्तान एलिस पेरी और बेथ मूनी के साथ बल्लेबाज़ी के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा, ''उनके साथ खेलना बेहद आसान हो जाता है। कभी-कभी मेरा दिमाग तेज़ चलता है, लेकिन वे शांत और अनुभवी खिलाड़ी हैं। वे मुझे सही दिशा देती हैं और खुद भी शानदार बल्लेबाज़ी करती हैं।


## उत्तर रेलवे

### ई ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ—उ०रे०—मण्डल— वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-BOY-MX-167-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.09.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-BOY-MX-168-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.09.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-LLJ-MX-146-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.09.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-MBDP-MX-171-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-LKO-MX-156-25-3 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E-Auction Policy/2024/SKS Dt. 15.07.2025 2823/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दिल्ली एयरपोर्ट का उन्नत टी-2 टर्मिनल तैयार, 26 अक्टूबर से शुरू होगा

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट का उन्नत टर्मिनल-2 अगले महीने की 26 तारीख से चालू हो जाएगा, जिससे इसकी कुल वार्षिक यात्री क्षमता बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। इस साल अप्रैल में उन्नयन के लिए बंद किया गया यह टर्मिनल, यात्री-अनुकूल सुविधाओं जैसे सेल्फ-बैगेज ड्रॉप, आधुनिक छत और नवीन स्काईलाइट डिजाइन के साथ फिर से खुलेगा। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल-टी-1, टी-2 और टी-3 है। यहां से प्रतिदिन लगभग 1,400 उड़ानों का संचालन किया जाता है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट का टर्मिनल-2 अपग्रेड होकर 26 अक्टूबर से चालू होने के लिए तैयार है। डायल के मुताबिक 25-26 अक्टूबर की मध्यरात्रि से एयर इंडिया और इंडिगो की करीब 120 दैनिक घरेलू उड़ानें उन्नत टर्मिनल-2 पर स्थानांतरित हो जाएंगी। डायल ने कहा कि इसमें स्वचालित डॉकिंग तकनीक वाले छह नए यात्री बोर्डिंग ब्रिज भी होंगे, जो देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग होगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने यहां टर्मिनल-2 का निर्माण 40 वर्ष पहले किया था, जिसे इसी वर्ष अप्रैल में उन्नयन के लिए बंद किया गया था।

# सीतारमण ने नीति आयोग की ओर से निर्मित फ्रंटियर टेक रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की एक रिपोर्ट जारी की। इसके अलावा उन्होंने नीति आयोग की ओर से निर्मित फ्रंटियर टेक रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया। उन्होंने ऐसे नियामक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया, जो तकनीकी नवाचार, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण के साथ केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। नीति आयोग की यह रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ताः त्वरित आर्थिक विकास का अवसर' विषय पर है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके जिम्मेदार अनुप्रयोग को भी सुनिश्चित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि एआई तेजी से प्रगति करने वाली, वास्तविक समय वाली, गतिशील चीज। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की भी अपनी चुनौतियां हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अनुमान दर्शाते हैं कि जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं सृजित करेगा, वहीं दूसरी ओर विशेष रूप से लिपिकीय, नियमित और निम्न-कौशल वाले क्षेत्रों में कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित करेगा।

# भारतीय जहाज 'निस्तार' प्रशांत क्षेत्र अभ्यास के लिए चांगी नौसैनिक अड्डे पर पहुंचा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का नवीनतम स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निस्तार' पहली बार सिंगापुर के चांगी में पहुंचा है। पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के नियंत्रण में यह जहाज बहुराष्ट्रीय प्रशांत क्षेत्र अभ्यास में भाग लेगा। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा, सहयोग और सामरिक समन्वय को बढ़ावा देने के साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करना है।

नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि अभ्यास में 40 से अधिक देश सक्रिय भागीदार या पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेंगे। यह अभ्यास बंदरगाह और समुद्री चरणों में आयोजित किया जाएगा।



सप्ताह भर चलने वाले बंदरगाह चरण में भाग लेने वाले देशों के बीच पनडुब्बी बचाव प्रणालियों, विषय वस्तु विशेषज्ञों के आदान-प्रदान (एसएमईई), चिकित्सा संगोष्ठी और क्रॉस-डेक यात्राओं पर गहन चर्चाएं शामिल होंगी। अभ्यास के समुद्री चरण में आईएनएस निस्तार और एसआरयू (ई) दक्षिण चीन सागर में भाग लेने वाली संपत्तियों के साथ कई हस्तक्षेप और बचाव कार्यों में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना में इसी साल 18 जुलाई को शामिल किया गया आईएनएस निस्तार स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल है। यह पोत समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव अभियानों को अंजाम देने में सक्षम है। विशाखापत्तनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में निर्मित पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट पोत 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। जहाज निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता और प्रगति के इस शानदार उदाहरण में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। विस्तृत गहरे समुद्र में गोताखोरी प्रणालियों के साथ यह जहाज डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) के लिए मदरशिप की भूमिका निभा रहा है।

कैप्टन मधवाल ने बताया कि भारत की समुद्री सीमा के पहरेदार के रूप में डाइविंग सपोर्ट वेसल निस्तार और निपुण जहाज 118.4 मीटर लंबे, 22.8 मीटर चौड़े हैं और इनका वजन 9,350 टन है। इन जहाजों को डीप सी डाइविंग ऑपरेशन के लिए तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) के साथ डीएसवी को आवश्यकता होने पर पनडुब्बी बचाव अभियान चलाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अलावा ये जहाज निरंतर गश्त करने, खोज और बचाव अभियान चलाने और उच्च समुद्र में हेलीकॉप्टर संचालन करने में सक्षम हैं।

उन्होंने बताया कि दोनों डीएसआरवी के नौसेना में शामिल होने के बाद भारत उन विशिष्ट देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जो पनडुब्बी बचाव प्रणालियां संचालित करते हैं। इन प्रणालियों को दूर के समुद्रों में तेजी से तैनाती के लिए निकटतम मोबिलाइजेशन बंदरगाह तक हवाई मार्ग से पहुंचाया जा सकता है। पनडुब्बी बचाव इकाई (पूर्व) दक्षिण चीन सागर में द्विवार्षिक पनडुब्बी बचाव अभ्यास के लिए मुख्य पोत से काम करेगी, जिसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करने, सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के पनडुब्बी बचाव प्लेटफार्मों और परिसंपत्तियों को एक साथ लाना है।

## भारत का लक्ष्य वैश्विक ऑटोमोबाइल विनिर्माण में पहला स्थान हासिल करना : गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत ऑटोमोबाइल विनिर्माण, हरित गतिशीलता और बुनियादी ढांचा विकास क्षेत्र में नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है और अगले पांच साल में हमारा लक्ष्य ऑटोमोबाइल विनिर्माण में पहला स्थान हासिल करना है।

श्री गडकरी ने 'सेव इंटरनेशनल 2025 वैल्यू समिट' को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा कि भारत अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाज़ार बन गया है और सरकार अगले पांच वर्षों में इसे पहले स्थान पर लाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख वैश्विक ऑटोमोबाइल ब्रांड अब भारत में मौजूद हैं और हमारा ध्यान अब पूरे विश्व में वाहन निर्यात पर केंद्रित हो गया है। दोपहिया क्षेत्र में हमारे उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक निर्यात होता है, जो वैश्विक स्तर पर देश की बढ़ती वाहन उपस्थिति दर्ज कर रहा है। स्वच्छ परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइड्रोजन ईंधन और वैकल्पिक ईंधनों में देश की अग्रणी भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पहले ही हाइड्रोजन ट्रक लॉन्च कर चुका है और दस मार्गों पर पायलट परियोजना के रूप में इसे चलाया जा रहा है। उनका कहना था कि टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, रिलायंस और इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों के सहयोग से, सरकार ने हाइड्रोजन बुनियादी ढांचे को तीव्रता से आगे बढ़ाने के लिए 600 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क बुनियादी ढांचे में भी बड़ा बदलाव आया है और भारत में अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क बन गया है। उन्होंने कहा कि इस ढांचागत विकास से समय की बचत हुई है और जीवन स्तर में सुधार आया है। उनका कहना था कि पहले पानीपत से दिल्ली हवाई अड्डे तक पहुंचने में तीन घंटे का समय लगता था लेकिन अब महज 35 मिनट ही लगते हैं।

## भविष्य की किसी भी चुनौती से मिलकर निपटने के लिए सदैव तैयार रहें सेनाएं : मोदी

एजेंसी

कोलकात्ता। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र बलों के शीर्ष सैन्य कमांडरों से पहली बार मुखातिब होते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और 'न्यू नॉर्मल' के बीच किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तीनों सेनाओं में एकीकरण, आत्मनिर्भरता और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढने को कहा है। श्री मोदी ने सोमवार को यहां विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में संयुक्त कमांडरों के 16 वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने तीन दिन तक चलने वाले सम्मेलन के पहले दिन शीर्ष कमांडरों को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं से भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने के उद्देश्य से उनके बीच परस्पर एकजुटता, आत्मनिर्भरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार पर ज़ोर दिया। वर्ष 2025 को रक्षा क्षेत्र में 'सुधारों का वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण की बढावा देने, आत्मनिर्भरता और नवाचार से संबंधित सभी नीतियों,योजनाओं और कदमों पर जल्द से जल्द अमल करे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार हो रहे इस सम्मेलन में सैन्य कमांडरों ने प्रधानमंत्री को इसके बाद उत्पन्न 'नयी सामान्य स्थिति' के संदर्भ में सेनाओं की तैयारियों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं रणनीति के संदर्भ में भविष्य के युद्ध और उसके परिदृश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पिछले दो वर्षों में लागू किए गए सुधारों और अगले दो वर्षों की योजना की भी समीक्षा की। श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण, समुद्री डकैती विरोधी अभियानों, दुनिया के अलग अलग देशों में संघर्ष क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी और मित्र देशों को मानवीय सहायता तथा आपदा राहत (एचएडीआर) सहायता प्रदान करने में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।

## ग्रामीण स्तर से ही महिला नेतृत्व को बढ़ावा दिया जाना चाहिए: ओम बिरला

एजेंसी

तिरुपति। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना एक विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। कुछ जगहों पर स्कूल दूर होने के कारण लड़कियां शिक्षा से वंचित हैं। ऐसे में वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लड़कियां तकनीक की मदद से शिक्षित हों। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने ग्रामीण स्तर से ही महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की पैरवी भी की।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को यहां राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। आज इस राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का दूसरा दिन है। आज के सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल व सेवानिवृत न्यायमूर्ति अब्दुल नज़ीर मौजूद रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और खेल जगत में आगे लाने के लिए दो दिवसीय विचार-विमर्श किया गया। हर महिला को सुरक्षित और आत्मनिर्भर होना चाहिए। पंचायत स्तर पर एक कंप्यूटर केंद्र सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं दुनियाभर में आईटी और आर्थिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। अगर महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी, तो भारत आर्थिक रूप से विकसित होगा। राज्य सरकारों और इन समितियों को गांव की हर महिला को रोज़गार उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए योजनाएं बनानी चाहिए। ऐसी योजनाएं होनी चाहिए जिनसे देश की अंतिम महिला को भी परिणाम मिलें।

ओम बिरला ने कहा कि पंचायत, नगरपालिका से लेकर संसद तक, सभी को महिलाओं की उन्नति के लिए काम करना चाहिए। ग्रामीण स्तर से महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सभी राज्यों में महिला समितियां बनाई जानी चाहिए। अगर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता हासिल नहीं करतीं, तो हम विकसित भारत के सपने को साकार नहीं कर सकते। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल व सेवानिवृत न्यायमूर्ति अब्दुल नज़ीर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ़ महिलाओं के लिए नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को विकास के पथ पर ले जाता है। उन्होंने कहा कि सती प्रथा और बाल विवाह का उल्लेख पुराणों में नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि हमारे वेद और उपनिषद हमें महिलाओं का सम्मान करने की शिक्षा देते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कितने भी बड़े कार्यक्रम क्यों न चलाए जाएँ, जहां उनका सम्मान नहीं किया जाता, उनका कोई परिणाम नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि पारिवारिक सुख घर की महिलाओं की खुशी पर निर्भर करता है। यही बात राज्य और देश पर भी लागू होती है। मोल्ला रामायणम की रचना करने वाली कवयित्री मोल्ला का तेलुगु साहित्य में विशेष स्थान है। महिलाएं अक्सर अपने पिता, भाई और पति पर निर्भर रहती हैं क्योंकि उन्हें संपत्ति में हिस्सा नहीं मिलता।

राज्यपाल नज़ीर ने कहा कि पितृसत्तात्मक समाज में उन्हें दोयम दर्जे का दर्ज़ा दिया जाता है, लेकिन महिलाएं ही समाज निर्माण की सही निर्माता हैं। भारत का संविधान सभी को समान दर्ज़ा देता है।

## नेपाल में तीन मंत्रियों ने ली शपथ

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने नवगठित अंतरिम सरकार के तीन मंत्रियों को सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह काठमांडू स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व वित्त सचिव रमेशोर प्रसाद खनल ने वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व प्रबंध निदेशक कुलमन घीसिंग ऊर्ज़ा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्रालय, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्रालय के साथ-साथ शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। श्री ओम प्रकाश आर्यल गृह मंत्रालय और कानून, न्याय एवं संसदीय मामलों के मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। श्री आर्यल एक वकील हैं और काठमांडू के महापौर के कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। गौरतलब है कि नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नामित किया गया था।

## लोकतंत्र के हित में है वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उच्चतम न्यायालय के वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत का निर्णय लोकतंत्र के हित में है। श्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को कहा कि यह देश के लिए बहुत अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के लिए यह बहुत अच्छा संकेत है। कुछ लोग बिना वजह के संसद के निर्णय को चुनौती देते हैं। उन्होंने कहा कि संसद के अधिकार को चुनौती नहीं दी जा सकती है। संसद में बने कानून के प्रावधान को लेकर चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शीर्ष अदालत में अधिनियम की मंशा और प्रावधान के बारे में बताया है। शीर्ष अदालत का फैसला लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि कोई भी कानून जब संसद में बनता है तब उस पर विस्तृत चर्चा की जाती है। वक्फ को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में सबसे लंबी चर्चा हुई थी। इतना गहरायी से चर्चा करने के बाद उसे खारिज नहीं किया जा सकता है यही उच्चतम न्यायालय ने साबित किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम पूरे मुस्लिम समाज को फायदा पहुंचाने वाला है। संपत्ति का जो दुरुपयोग होता था वह भी बंद हो जाएगा। अब वक्फ संपत्ति से मुस्लिम महिलाओं और मुस्लिम बच्चों के लिए और गरीब पिछडों के काम आने वाला है।

### वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी : नकवी

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी और वक्फ के प्रशासनिक व्यवस्था के ऐतिहासिक सुधार से सम्बंधित है। श्री नकवी ने वक्फ कानून के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को यहाँ पत्रकारों से कहा कि यह संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) और दोनों सदनों में चर्चा के बाद पारित हुआ। संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक वार करने वाली लूट की लम्पट लाबी लूट पर छूट के लीगल लाइसेंस की बहाली चाहती है, वक़्फ़ सुधार वक़्त और वक़्फ़ दोनों की ज़रूरत है। इस कानून पर चल रहे मंथन से अमृत ज़रूर निकलेगा।

## बिहार में किसानों की जमीन लुटवा रही है भाजपा सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस कहा है कि मोदी सरकार अपने नजदीकी उद्योगपति पर बिहार में भी मेहरबान हो रही है और वहां ऊर्ज़ा संयंत्र की स्थापना के लिए किसानों की जमीन लूटकर गौतम अडानी को दी जा रही है।

कंग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में भागलपुर के पीरपैंती में किसानों की जमीन की लूट मची है और वहां स्थापित होने वाले ऊर्ज़ा संयंत्र के लिए बहुत कम दरों पर किसानों की जमीन खरीदी जा रही है। उनका यह भी आरोप था कि वहां किसानों से डरा धमकाकर कम दाम पर जमीन खरीदी जा रही है। श्री खेड़ा ने कहा, ''10 लाख पेड़, 1,050 एकड़ जमीन 'राष्ट्र सेठ' गौतम अडानी को पावर प्लांट लगाने के लिए एक रुपए प्रतिवर्ष पर 33 साल के लिए दे दी गई। जब आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार जा रहे हैं, तब वहां के ग्रामीणों को नजरबंद कर दिया गया, ताकि वे धरना न दे सकें। श्री बिहार से जाते-जाते अपने दोस्त अडानी को 1,050 एकड़ जमीन देने जा रहे हैं। ये 2,400 मेगावॉट का प्रोजेक्ट है, जिसका बजट 21,400 करोड़ रुपए है। इसकी घोषणा बजट में भी हुई थी। हालांकि उस वक्त सरकार ने कहा था कि वो खुद ये प्लांट लगाएगी लेकिन बाद में सरकार ने हाथ खड़े कर दिए और ये प्रोजेक्ट गौतम अडानी को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थिति बिहार में बहुत खराब है। उन्हें डर है कि अगले चुनाव में जीत नहीं होगी इसलिए सुनिश्चित हार को देखते हुए चुनाव से पहले अपने मित्र का ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित करवा रहे हैं। उनका कहना था कि महाराष्ट्र में जब चुनाव हुए तो उससे पहले पावर प्लांट का प्रोजेक्ट और धारावी गौतम अडानी को दे दिया था। इसी तरह, झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी चुनाव से पहले गौतम अडानी को प्रोजेक्ट दिए गए। ये बहुत लंबी लिस्ट है और जब भाजपा को लगता है कि वह चुनाव हार जाएंगी इसलिए अडानी को पहले ही सौगात दे जाती है। कंग्रेस प्रवक्ता ने कहा, ''भाजपा पहले 'एक पेड़, मां के नाम' जैसा अभियान चलाती है और फिर उसी जमीन को-जिसे किसान मां के समान मानता है-उसकी कीमत एक रुपए लगाती है। किसानों को धमकाकर, जबरदस्ती पेंसिल से दस्तखत कराए गए और उनकी जमीन ली गई। बिहार की जमीन पर, बिहार के पैसे से बना हुआ प्लांट, बिहार के कोयले से बनी हुई बिजली-बिहार के लोगों को छह रुपए प्रति यूनिट में बेची जाएगी।

## पेज एक का शेष

### पूरे वक्फ कानून...

इस्लामी धर्म के लिए ही है। अदालत ने 22 मई को अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 25 अप्रैल को सुनवाई के दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम 2025 का बचाव करते हुए एक प्रारंभिक हलफनामा दायर किया। केंद्र ने संसद द्वारा पारित संवैधानिकता की धारणा वाले किसी भी कानून पर अदालत द्वारा किसी भी तरह की पूर्ण रोक का विरोध किया था। अदालत ने तीन दिनों तक दलीलें सुनीं, जिसमें केंद्र ने तर्क दिया कि संसद द्वारा विधिवत अधिनियमित इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के लिए केवल कानूनी प्रस्ताव या काल्पनिक तर्क पर्याप्त नहीं हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दावा किया था कि वक्फ प्रबंधन ने स्मारकों का दुरुपयोग किया है। उसने दुकानों के लिए जगहें बनाई हैं और अनधिकृत परिवर्तन किए हैं। केंद्र सरकार ने पहले आश्वासन दिया था कि किसी भी वक्फ संपत्ति (जिसमें उपयोगकर्ता द्वारा स्थापित संपत्तियाँ भी शामिल हैं) को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। उसने यह भी कहा था कि 2025 के अधिनियम के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष इस अधिनियम के खिलाफ 100 से अधिक याचिकाएँ दायर की गई थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पांच अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे पहले संसद ने दोनों सदनों - लोकसभा और राज्यसभा में गरमागरम बहस के बाद पारित किया था।

### एक साल के लिए...

में निलंबित किया गया था। इसके अलावा लखनऊ सरोजनीनगर भटगांव जमीन अधिग्रहण घोटाले में भी उनको चार्जशीट दी गई है। राजस्व परिषद के तत्कालीन चेयरमैन रजनीश दुबे की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश में...

ख़रीदने का लक्ष्य प्रस्तावित करेगा, जो पिछले साल की तुलना में 69 रुपये ज़्यादा है। पिछली बार सरकार ने 4372 सरकारी ख़रीद केंद्रों के ज़रिए किसानों से 57.70 लाख मीट्रिक टन से ज़्यादा धान ख़रीदा था। इस साल की नीति में किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया को और सरल बनाने और विक्रेताओं के लिए ख़रीद केंद्रों पर और भी बेहतर व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। एक अधिकारी ने कहा, ''पिछले साल नौ लाख से ज़्यादा किसानों ने पंजीकरण कराया था। हमारा प्रयास है कि इस साल ज़्यादा से ज़्यादा किसान और असली किसान एमएसपी का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण कराएँ। सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम के साथ मिलकर राज्य भर में 4,500 ख़रीद केंद्र स्थापित करने की उम्मीद है। वर्तमान में, राज्य में 1820 चावल मिलें हैं जो सरकार द्वारा उन्हें आपूर्ति किए गए धान का प्रसंस्करण करती हैं। धान की खरीद सबसे पहले मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ संभागों में शुरू होने की उम्मीद है। राज्य के बाकी हिस्सों में यह एक नवंबर से शुरू हो सकती है।

### भारत में भारत...

को जब तक पक्का घर नहीं मिलता, तबतक शांत नहीं बैठूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कंग्रेस पार्टी बिहार की तुलना बीड़ी कर रही है। ये लोग बिहार को आगे बढ़ता नहीं देख सकते हैं। राजद के राज में हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं आम थी। वहीं अब राजग की सरकार में महिलाएं जीविका दीदी और ड्रोन दीदी बन रही हैं। राजद -कंग्रेस के लिए अपने परिवार की चिंता ही सबसे बड़ा काम है, लेकिन मोदी के लिए जनता ही उसका परिवार है। इसलिए मैं कहता हूं३ सबका साथ, सबका विकास। देश के विकास के लिए बिहार का विकास जरूरी है। बिहार के विकास के लिए सीमांचल का विकास जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार के विकास के लिए करीब 40 हजार करोड़ के परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। रेल, हवाई अड्डे, बिजली, पानी से जुड़ी ये परियोजनाएं सीमांचल के सपनों को पूरा करने का माध्यम बनेगी। पिछड़े को प्राथमिकी, गरीब की सेवा ही मोदी का लक्ष्य है। 4 करोड़ लोगों को पक्का आवास मिल चुका है। अब 3 करोड़ लोगों को आवास देने की तैयारी की जा रही है। जब तक सभी को पक्का घर नहीं मिलेगा, मोदी रूकने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में बिहार को आत्मनिर्भर बनाने का काम चल रहा है। बिहार की डबल इंजन की सरकार यहां के पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। देरी से पूर्णिया पहुंचने पर उन्होंने जनता से क्षमा मांगी है और कहा कि देरी के बावजूद आप लोग इतनी बड़ी तादाद में जुटे रहे, इसके लिए आप सभी को धन्यवाद। इससे पहले प्रधानमंत्री ने पूर्णिया एयरपोर्ट व टर्मिनल भवन, अररिया-गलगलिया नई रेल लाइन, भागलपुर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, पूर्णिया में शुक्राणु केंद्र और राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का उद्घाटन किया।प्रधानमंत्री ने इस मौके पर पीरपैंती थर्मल पावर प्लांट, विक्रमशिला कटरिया नई रेल लाइन, कोसी मेची अंतःराज्यीय नदी जोड़ परियोजना, सुपौल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, कटिहार में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, दरभंगा में जलापूर्ति परियोजना, कटिहार में जलापूर्ति परियोजना और भागलपुर में जलापूर्ति परियोजना का शिलान्यास भी किया।

### जल्द ही नक्सलवाद...

पुलिस ने उसके ऊपर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था। वह कई बड़ी नक्सली घटनाओं का मास्टरमाइंड रहा था, जिसके कारण पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां लगातार उसकी तलाश में थीं। झारखंड पुलिस के अधिकारियों ने इस अभियान को बड़ी सफलता करार दिया है। फिलहाल सुरक्षाबल इलाके में गहन तलाशी अभियान चला रहे हैं ताकि शेष नक्सलियों को भी दबोचा जा सके।

### 'फियरलेस बिजनेस का...

किया है। प्रगतिशील किसानों के प्रयासों से अन्य किसानों का जीवन भी बदल रहा है। पहले अनुसंधान लैब तक सीमित रह जाता था, लेकिन अब 'लैब टू लैंड और 'लैब टू इंडस्ट्री की दिशा में काम हो रहा है। यही सहयोगी भावना स्टार्टअप्स को बाजार से जोड़ेगी और उनकी सफलता तय करेगी। 2017 से पहले श्रमिकों और युवाओं का पलायन होता था मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी आज ग्लोबल टेक और इनोवेशन हब के रूप में स्थापित हो रहा है। स्टार्टअप और स्टैंडअप की यह व्यवस्था आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगी। उन्होंने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि परंपरागत उद्योगों और एमएसएमई को तकनीक, डिजाइन, पैकेजिंग और मार्केट से जोड़ा गया। इसका नतीजा है कि आज यूपी से प्रतिवर्ष दो लाख करोड़ रुपये का निर्यात हो रहा है। 2017 से पहले प्रोत्साहन के अभाव में श्रमिकों और युवाओं का पलायन होता था, लेकिन अब 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में दो करोड़ लोग कार्यरत हैं। 75 जिलों के 77 उत्पादों को जीआई टैग मिला है, जिससे उनकी वैश्विक मांग बढ़ी है। चारों सेंट्रल लैबोरेट्रीज की सराहना मुख्यमंत्री ने बताया कि एनबीआरआई ने जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए 9 लाख एकड़ भूमि पर किसानों को जैविक खाद उपयोग के लिए प्रेरित किया। सीडीआरआई नई दवाओं के शोध पर काम कर रहा है, जिससे फार्मा पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क को बढ़ावा मिल रहा है। आईआईटीआर ने आर्सेनिक और फ्लोराइड की समस्या वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण शोध किया है, वहीं सीमैप ने पिपरमिंट और स्पिरिचुअल टूरिज्म से जुड़े उत्पादों पर नई दिशा दी है। दो दिवसीय इस स्टार्टअप कॉन्क्लेव ने न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा और ऊर्ज़ा प्रदान की है। इस अवसर पर विभिन्न स्तरों पर कई एमओयू का आदान-प्रदान हुआ और अनेक स्टार्टअप्स ने अपने उत्पाद लॉन्च किए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक एके शासनी, सीएसआईआर-सीडीआरआई के निदेशक राध रंगराजन, सीमैप के निदेशक सुबोध कुमार त्रिवेदी, आईआईटीआर के निदेशक भास्कर नारायण समेत देशभर के वैज्ञानिक, उद्योग जगत से जुड़े सीएमडी, सीईओ, वीसी, अकादमिक संस्थानों के प्रमुख, प्रगतिशील किसान और अन्य स्टेकहोल्डर्स मौजूद रहे। बॉक्स लखनऊ स्टार्टअप हब बनने की ओर, जल्द बनेगा बायोटेक पार्क और साइंस म्यूजियमः डॉ. जितेंद्र सिंह केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में आयोजित सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव के दौरान कहा कि वे हमेशा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्नेह और सहयोग के पात्र रहे हैं और यूपी में किसी भी कार्यक्रम को लेकर वैज्ञानिकों को हमेशा मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स के मामले में जिस प्रकार हैदराबाद और दक्षिण भारत के शहर विकसित हुए हैं, वैसा ही पोटेंशियल लखनऊ में भी मौजूद है। लखनऊ से मिंट की गोली पूरी दुनिया को मिली और मुख्यमंत्री के सहयोग से साहिबाबाद स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, जो पहले घाटे में था, अब दो साल में ही प्रॉफिट मेकिंग संस्थान बन गया है। डॉ. सिंह ने बताया कि वर्ष 1977 में इसी यूपी से हिन्दुस्तान का पहला सोलर सेल बना था और अब लखनऊ में नया बायोटेक्नोलॉजी पार्क और साइंस म्यूजियम भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि लखनऊ में स्थित देश का सबसे पुराना बॉटेनिकल गार्डन और वहां बना स्वास्तिक लोटस गार्डन, जिसमें दुनियाभर के कमल के फूल लगाए गए हैं, भविष्य में एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है।

# वर्ष 2026 के अंत तक दिल्ली की सभी बसें इलेक्ट्रिक होंगी: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2026 के अंत तक राष्ट्रीय राजधानी की सभी बसें इलेक्ट्रिक हो जाएंगी। हर बस डिपो में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन भी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में 10 'नमो वन' विकसित किए जाएंगे, जहां हरित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यहां एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए 'डस्ट लिटिगेशन प्रोग्राम' लागू किया गया है और हाईराइज बिल्डिंग्स पर स्मोक को नियंत्रित करने के उपाय किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य एवं शिक्षाविद् मुकुल कानिटकर, पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर समेत कई प्रमुख गण्यमान्य उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में 1200 'आरोग्य मंदिर' बनाए जा रहे हैं, जहां सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने पराली को खत्म करने की दवा बनाने का केवल प्रचार किया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यहां तक कि मेडिकल स्टाफ को भी दिहाड़ी मजदूर की तरह छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र सरकार की देन है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जितना धन्यवाद दिया जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की 2.5 करोड़ आबादी में 700 झुग्गी क्लस्टर और 180 अनधिकृत कॉलोनियां हैं, जिन्हें व्यवस्थित करने की दिशा में काम हो रहा है। साथ ही दिल्ली को आईटी, पर्यटन और शिक्षा का हब बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की ताकत उसकी संस्कृति और विविधता है, लेकिन कमजोरी यह है कि लोग इसे अपना घर मानकर जिम्मेदारी नहीं निभाते। गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों ने अहंकार में फंड का सही इस्तेमाल नहीं किया और केवल पब्लिसिटी पर ध्यान दिया। दिल्ली की खून-पसीने की कमाई से बने शीश महल जैसे प्रोजेक्ट पर पैसा बर्बाद हुआ, अब हमारी सरकार बनने के बाद उसमें लगा लोगों का पैसा ब्याज समेत वसूल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब दिल्ली में अच्छी सड़कें, बेहतर परिवहन और पर्याप्त जल आपूर्ति को पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

# एनएसयूआई उम्मीदवारों के समर्थन में सचिन पायलट नॉर्थ कैंपस पहुंचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ(डीयूएसयू) के चुनावों में कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के नॉर्थ कैंपस के कई कॉलेजों का सोमवार को दौरा करने से छात्र राजनीति गरमा गयी है। पायलट ने पार्टी की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के उम्मीदवारों के समर्थन में मिरांडा हाउस, कैंपस लॉ सेंटर (सीएलसी) और हिन्दू कॉलेज में छात्रों से मुलाकात की। उनके साथ एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव भी मौजूद थे। पायलट ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देश के सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों में से एक है और यहां के छात्र बदलाव के लिए तैयार हैं। पायलट ने विश्वास जताया कि एनएसयूआई के चारों उम्मीदवार छात्रों के समर्थन और भरोसे से निश्चित रूप से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा एनएसयूआई पैनल के विस्तृत जनसंपर्क अभियान का हिस्सा है। इस दौरान एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि संगठन का लक्ष्य विश्वविद्यालय परिसर में एक समावेशी, प्रगतिशील और छात्रों के अनुकूल माहौल तैयार करना है जिससे डीयू में छात्र राजनीति और मजबूत हो। उल्लेखनीय है कि मतदान 18 सितंबर को होगा और 19 सितंबर को मतगणना होगी।

# सीआईएसएफ ने एमपावर के साथ समझौता ज्ञापन तीन साल के लिए बढ़ाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) के अंतर्गत आने वाले मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक उद्यम एमपावर के साथ तीन साल की अवधि के लिए औपचारिक रूप से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह विस्तार सीआईएसएफ और एमपावर द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई अग्रणी मानसिक स्वास्थ्य पहल प्रोजेक्ट मान के सफल कार्यान्वयन के बाद हुआ है। पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित सीआईएसएफ इकाई के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एमपावर की अध्यक्षा परवीन शेख और सीआईएसएफ की संरक्षिका की उपाध्यक्षा सुधा सेंथिल द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। प्रोजेक्ट मान के लिए प्रारंभिक समझौता ज्ञापन पर नवंबर 2024 में एक वर्ष की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए थे। पिछले एक साल में 75,000 से अधिक सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को पेशेवर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला है। वर्तमान में 23 एमपावर परामर्शदाता और नैदानिक मनोवैज्ञानिक 13 सीआईएसएफ सेक्टरों में सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। विस्तारित एमओयू के तहत परामर्शदाताओं की संख्या बढ़कर 30 हो जाएगी और कवरेज का विस्तार पटना, अहमदाबाद, प्रयागराज, भोपाल/इंदौर, जम्मू, चंडीगढ़, जयपुर और कोचीन सहित अन्य शहरों तक किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि प्रोजेक्ट मान को इसके लाभों के लिए व्यापक मान्यता मिली है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर नकारात्मक धारणाओं को कम करना, समय पर मदद लेने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना, भावनात्मक लचीलापन और मुकाबला कौशल विकसित करना, दूरस्थ या संवेदनशील स्थानों पर भी देखभाल सुनिश्चित करना तथा अनुपस्थिति, थकान व दीर्घकालिक मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने में मदद करना शामिल है।

# अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर चंपावत व टनकपुर में जन-जागरूकता थैलियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंपावत। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत द्वारा सोमवार को विशेष जन-जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधानिक अधिकारों और मतदान की जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से भव्य रैली का आयोजन किया गया।

चंपावत में जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुज कुमार संगल के निर्देशन तथा सचिव सिविल जज भवदीप रावते की अगुवाई में किया गया की गयी रैली खटकना पुल से मुख्य बाजार होते हुए रोडवेज स्टेशन तक निकाली गई। इसमें पुलिस प्रशासन तथा पीएलवी गोपाल चन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्र जोशी, तनुजा पाण्डेय, गीता भट्ट, रेखा, दीपक, सुमन, सुनीता जोशी, मनिषा और कविता, बृजेश जोशी, कमल राम, हेमलता जोशी रेणनु गढकोटी, मंजू, गीता, शीला तड़ागी आदि ने भाग लिया। इस दौरान लोकतंत्र के महत्व पर जन-जागरूकता संदेश दिए गए और पम्पलेट भी वितरित किए गए। इसी के तहत टनकपुर में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता सिविल जज प्रथम एवं तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष प्रियांशी नगर कोटी ने की तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट काजल रानी भी उपस्थित रहीं। न्यायालय परिसर में राष्ट्रगान एवं वोटर शपथ ग्रहण के पश्चात रैली का शुभारंभ हुआ। रैली का संचालन अजय गुरूरानी ने किया। यह रैली न्यायालय परिसर से मुख्य बाजार होते हुए टनकपुर कोतवाली तक निकाली गई। इस अवसर पर टनकपुर क्षेत्र के पैरालीगल वॉलंटियर अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी, किरन जोशी, बिजेंद्र अग्रवाल, राधिका अधिकारी, हरीश गौड़, इजहार अली, शमशाद बानो, ऋतु महर, अर्चना लोहनी, सोनी सिंह, सोनी जहां, रीता कन्नौजिया, प्रियंका पचौली सहित अनेक प्रो-बोनो वकील एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली में लोकतंत्र पर आधारित नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।




## ब्रिटेन में सिख लड़की पर नस्लवादी हमला, दुष्कर्म मानवता के लिए शर्मनाक : धामी

अमृतसर। इंग्लैंड के बर्मिंघम के ओल्ड डर्बी इलाके में एक सिख लड़की पर हुए नस्लवादी हमले और दुष्कर्म की निंदा करते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने इसे मानवता के लिए शर्मनाक वाक्या बताया है। एसजीपीसी कार्यालय द्वारा सोमवार को यहां जारी एक बयान में एडवोकेट धामी ने कहा कि ऐसी घटनाएं न केवल पीड़ितों को प्रभावित करती हैं, बल्कि पूरे समुदाय में भय का माहौल पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकारों को विदेशों में लगातार हो रहे नस्लवादी हमलों को रोकने के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होने चिंता व्यक्त की कि ब्रिटेन और अन्य देशों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ घृणा अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस मामले में शामिल दोषियों को कड़ी सजा और पीड़ित लड़की को न्याय दिलाने की मांग की।

## भारत ने पाकिस्तान को युद्ध, खेल के मैदान दोनों पर हराया: भाजपा

फगवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को युद्ध और क्रिकेट के मैदान पर पाकिस्तान पर भारत की जीत की सराहना की और इसे राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश, राष्ट्रीय भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल और पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों और खिलाड़ियों ने चुनौती मिलने पर विरोधियों को लगातार पीछे हटने पर मजबूर किया है। हाल के तनावों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ''भारत ने युद्ध और खेल, दोनों में पाकिस्तान को धूल चटाई है।'' उन्होंने पहलगाम हमले की याद ताज़ा करते हुए ज़ोर देकर कहा कि आतंकवाद के ज़ख्म आज भी भारतीयों के ज़हन में ताज़ा हैं।

# चार बिहार बटालियन के कैडेटों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। 4 बिहार बटालियन के कैडेटों ने ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल ने सोमवार को एक विशेष गोष्ठी आयोजित कर कैडेटों को सम्मानित किया। गौरतलब है कि ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप का आयोजन 2 सितंबर से 12 सितंबर तक दिल्ली में किया गया था। इसमें देशभर के 17 डायरेक्टरेट के कैडेटों ने भाग लिया। भागलपुर ग्रुप के अंतर्गत चार बिहार बटालियन के कैडेट मनीष कुमार एसएसवी कॉलेज और विद्या कुमारी महादेव सिंह कॉलेज ने ऑब्सटेकल और टेंट पिचिंग प्रतियोगिता में भागीदारी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैडेट प्रशांत कुमार और अर्पित कुमार केकेएम कॉलेज जमुई तथा कैडेट रमन सत्यार्थी, संजीव कुमार, तुलसी कुमारी और सोनाली कुमारी टीएनबी कॉलेज, भागलपुर ने मैप रीडिंग प्रतियोगिता में बटालियन का परचम लहराया। इन कैडेटों को तैयार करने में बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल के साथ सूबेदार गोपाल कृष्ण, बटालियन हवलदार मेजर संजय सिंह, हवलदार हिकमत थापा और जीसीआई पुष्पा कुमारी की अहम भूमिका रही। गोष्ठी में लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल ने सफल कैडेटों को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल कैडेटों का मनोबल बढ़ता है बल्कि भविष्य के लिए भी प्रेरणा मिलती है



# पंजाबी गायक दर्शन औलख ने राज्य की मिट्टी व हालात पर उठाए सवाल

चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में सोमवार को पंजाबी गायक दर्शन औलख का नया गीत 'मां हुंदी है बोली मिट्टी' गाने का पोस्टर रिलीज किया गया । इस गीत में औलख ने पंजाब की मिट्टी, किसानों की ज़िंदगी और मौजूदा हालात को बेहद गहराई से पेश किया है। उन्होंने गीत के जरिए यह संदेश दिया है कि पंजाब में जट किसानों के लिए ज़मीन ही असली जिंदगी है,लेकिन आज वही ज़मीन और किसानी संकट में है। दर्शन औलख ने आज मीडियाकर्मियों से कहा कि पंजाब की मौजूदा स्थिति बेहद खराब है। किसानी धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है और राज्य में बेरोज़गारी तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री ने बड़ी भूमिका निभाई है। कई कलाकार और गायक बाढ़ प्रभावित गांवों में जाकर पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हुए और हर संभव मदद की। औलख ने सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार केवल दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर राहत कार्य न के बराबर हैं। लोगों को आज भी मदद का इंतजार है, लेकिन सरकार केवल कागज़ों में योजनाएं बना रही है दर्शन सिंह औलख। उन्होंने पंजाब में बढ़ते प्रवासी मजदूरों के मुद्दे को भी उठाया। औलख ने कहा कि जो प्रवासी मजदूर खेतों में काम करने और छोटे-मोटे धंधे करने आए थे, वे अब यहां की रोज़मर्रा की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। शादी-ब्याह जैसे पारंपरिक आयोजनों में भी आजकल मेहंदी लगाने से लेकर कई काम प्रवासी ही कर रहे हैं।

## तेजस्वी के तंज पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने किया पलटवार

पटना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्णिया दौरे को लेकर तेजस्वी यादव के ''जुमलों की बारिश'' वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगभग 40 हजार करोड़ के पैकेज के साथ बिहार आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री पूर्णिया में जहां एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे, वहीं बिहार को तीन स्पेशल ट्रेन भी मिलने जा रहा है। तेजस्वी यादव को अगली बार अगर दिल्ली जाना हो, तो वे पटना और दरभंगा के साथ-साथ पूर्णिया से भी उड़ान भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्णिया से वह उड़ान भर रहे होंगे, तो प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना उन्हें नहीं भूलना चाहिए। आजकल पटना के नए टर्मिनल से दिल्ली तथा देश के दूसरे हिस्सों के लिए सफर करने पर तेजस्वी यादव को सुखद आनंद की अनुभूति होती है, उसी तरह पूर्णिया से भी 15 सितंबर से यात्रा करने में अच्छा अनुभव जरूर महसूस होगा।

# प्रधानमंत्री ने पीरपैंती में पावर प्लांट का किया शिलान्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पूर्णियां से पिरपैंती में 2400 मेगावाट क्षमता वाले थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास किया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर ब्रह्मपुत्र मेल का ठहराव भी शुरू कर दिया गया। जैसे ही ब्रह्मपुत्र मेल पहली बार पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर रुकी, वहां लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोग स्टेशन पर जुट गए और ट्रेन के चालक का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि इस ठहराव से न केवल उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है, बल्कि अब उन्हें राजधानी समेत अन्य बड़े शहरों से जुड़ने में बड़ी सुविधा होगी। इससे पीरपैंती और आसपास के क्षेत्र का विकास भी तेज रफ्तार पकड़ेगा।

## धान खरीद की सभी व्यवस्थाएँ पूरी 8.20 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य

कपूरथला। पंजाब सरकार द्वारा धान की सरकारी खरीद 16 सितंबर से शुरू हो रही है, जिसके लिए जिला प्रशासन कपूरथला ने पर्याप्त व्यवस्थाएँ की हैं। उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने सोमवार को खाद्य आपूर्ति, मंडी बोर्ड और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ खरीद व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सुचारू खरीद के लिए नियमित रूप से मंडियों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करने को कहा ताकि किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीद के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएँ की गई हैं। जिला मंडी अधिकारी ने बताया कि कपूरथला जिले में धान की खरीद के लिए 42 मंडियाँ तैयार हैं, जिनकी सफाई का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंडियों में रोशनी, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे मंडी में केवल सूखा धान ही लेकर आएं। उल्लेखनीय है कि खरीद के लिए 17 प्रतिशत नमी की सीमा तय की गई है। इसके अलावा, धान की कटाई के दौरान फसल को नमी से बचाने के लिए कटाई का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063